सुप्रभात
रांची, गुरुवार
13.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 268



12 ओटीटी पर डेब्यू करेंगी डिंपल कपाड़िया




## न्यूज डायरी

### कोरोना केसों में भारी उछाल, अलर्ट जारी

**नयी दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसके पीछे नये एक्सबीबी 1.16 वैरिएंट को बताया जा रहा है। देश में एक दिन में कोरोना के 7,830 नये मामले सामने आये हैं। ये पिछले 223 दिन में भारत में दर्ज सर्वाधिक दैनिक मामले हैं।

### खूंटी में पीएलएफआइ एरिया कमांडर धराया

**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ का एरिया कमांडर रोहित टोपना उर्फ राटा (25) को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। वह तोरपा थानांतर्गत महराओड़ा गांव का निवासी है।

### देश की पहली अंडरवाटर ट्रेन कोलकाता में शुरू

**कोलकाता।** भारत में पहली बार अंडर वाटर ट्रेन चली है। यह ट्रेन बुधवार को पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के नीचे से होकर कोलकाता से हावड़ा पहुंची। जीएम पी उदय रेड्डी ने इस ट्रेन में महाकरन से हावड़ा मैदान के बीच सफर किया।

### लैंड फॉर जॉब केस में तेजस्वी भी बने आरोपी

**नयी दिल्ली/पटना।** इडी ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन देने के मामले में बुधवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद की बेटी रागिनी यादव का बयान दर्ज किया। जिसमें अब तेजस्वी भी आरोपी बनाये गये।

### फंदे से लटका मिला शिक्षक का शव

**गिरिडीह।** जिले के घोड़थंबा थाना क्षेत्र के बलहारा में बुधवार को एक शिक्षक विनोद साव (38) का शव फंदे से लटका मिला है। वह जिले के बिरनी के भरकट्टा गांव के रहने वाले थे। पुलिस जांच में जुटी है।

### अन्ना हजारे को जान से मारने की धमकी

**अहमदनगर।** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के निपानी वडगांव के संतोष गायधने ने वरिष्ठ समाजसेवी अन्ना हजारे को जान से मारने की धमकी दी है।

### बोकारो : स्कूल में जय श्रीराम बोलने पर सस्पेंड

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड के मिशनरी स्कूल के प्रिंसिपल ने स्कूल में जय श्रीराम का नारा लगाने पर पूरी 10वीं कक्षा के छात्रों को दो दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया है। विहिप ने स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79,000 रु./प्रति किलो |

# मरांडी, मुंडा और रघुवर पर एफआइआर

## मजिस्ट्रेट ने तीनों पूर्व मुख्यमंत्री, चार सांसद, दो विधायक समेत 41 पर मामला दर्ज कराया

**भाजपा का सचिवालय घेराव**

- कार्यकर्ताओं को उकसाने, पुलिस पर बोतल और पत्थर फेंकने का आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान हुई पत्थरबाजी के बाद देर रात धुर्वा थाने में एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट उपेंद्र कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में तीन पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, अर्जुन मुंडा के अलावा चार सांसदों निशिकांत दुबे, समीर उरांव, संजय सेठ और सुनील कुमार सिंह, दो विधायकों अमित मंडल और बिरंची नारायण समेत 41 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इन लोगों पर कार्यकर्ताओं को उकसाने का आरोप है। उत्तेजित कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर पथराव किया और बोतलें फेंकी।

एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए उस इलाके में 11 अप्रैल को सुबह 8 बजे से रात 11.30 बजे तक धारा-144 लागू थी। दोपहर 1.30 बजे भाजपा के करीब 5000 नेता और कार्यकर्ता धारा-144 का उल्लंघन कर सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रभात तारा मैदान से धुर्वा गोलचक्कर पहुंचे। उन लोगों ने बैरिकेटिंग गिराने की कोशिश की। अधिकारी लगातार यह जानकारी दे रहे थे कि धारा-144 लागू है, इसलिए अपना राजनीतिक कार्यक्रम बैरियर से दूर हटकर करें। भाजपा कार्यकर्ता नहीं माने और बैरिकेडिंग उखाड़ने की कोशिश करने लगे और उपद्रवी की तरह व्यवहार करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर बोतल पत्थर फेंकने लगे।



नामजद सांसद



### फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी से चिह्नित किये गये सभी

प्राथमिकी में कहा गया कि पुलिस ने बैरियर तोड़कर प्रोजेक्ट भवन की ओर से जाने से रोकने का प्रयास किया। पर भाजपा के कार्यकर्ता उग्र हो गये। पत्थरबाजी में ड्यूटी में तैनात रांची एसडीओ दीपक कुमार दुबे, धुर्वा थाना प्रभारी विमल नंदन सिन्हा, एसआई नारायण सोरेन के अलावा मनीष कुमार, संतोष कुमार शर्मा और अनिल कुमार महतो समेत कई पुलिसकर्मी घायल हुए। रिपोर्टिंग करने वाले कुछ पत्रकार भी घायल हुए हैं। जब उपद्रवी आउट ऑफ कंट्रोल हो गये, तो सीनियर अफसरों के निर्देश पर वाटर कैनन से उनपर पानी की बौछार की गयी। इसके बाद फिर भाजपा नेताओं ने भीड़ को उकसाने की कोशिश की। तब रैप के जवानों ने 17 आंसू गैस सेल का प्रयोग किया। स्थिति बिगड़ने पर कम से कम बल का प्रयोग किया गया। घटना की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की माइकिंग की गयी है। इसके आधार पर पार्टी के 41 नेताओं और कार्यकर्ताओं पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाये।

# सरेंडर के बाद पूजा सिंघल गयीं जेल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने के बाद मनी लाउंड्रिंग मामले की आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने बुधवार को ईडी अदालत में सरेंडर किया। सरेंडर करने के बाद अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट ने 10 फरवरी को पूजा सिंघल को दो महीने की अंतरिम जमानत दी थी।

**सुप्रीम कोर्ट में आज फिर सुनवाई :** सुप्रीम कोर्ट में पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर 13 अप्रैल को सुनवाई होगी। गुरुवार को यह तय होगा कि पूजा सिंघल को फिर सशर्त जमानत मिलेगी या फिर उन्हें स्थायी जमानत। पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का मामला दर्ज किया है। खूंटी के मनरेगा घोटाले में उन्हें आरोपी बनाया गया है। इस मामले में ईडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था। अंतरिम जमानत पर वह तीन जनवरी को जेल से बाहर निकली थीं। इसके बाद चार फरवरी को सरेंडर किया, जेल गयीं। सुप्रीम कोर्ट ने पुनः 10 फरवरी को दो महीने की अंतरिम जमानतदी थी। जो 13 को समाप्त हो रही थी।

(शेष पेज 11 पर)

**जेल में वीरेंद्र से पूछताछ करेगी इडी :** वहीं जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम से इडी की टीम पूछताछ करेगी। विशेष कोर्ट ने इसकी मंजूरी दे दी है। उससे दो दिनों तक जेल में ही पूछताछ होगी।

**वीरेंद्र राम का भाई इडी रिमांड पर :** वीरेंद्र राम के रिश्तेदार (भाई) आलोक रंजन की गिरफ्तारी के बाद उसे इडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। इडी ने कोर्ट से पूछताछ करने के लिए रिमांड मांगी। कोर्ट ने इडी को आलोक रंजन से पूछताछ के लिए एक दिन की रिमांड दे दी है।

## एडीआर विश्लेषण में खुलासा
# देश के 29 सीएम करोड़पति
## ममता और नीतीश से अमीर हैं हेमंत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) के चुनावी हलफनामे के विश्लेषण से स्पष्ट हुआ है कि देश में 29 वर्तमान मुख्यमंत्री करोड़पति हैं। इनमें से आंध्र के सीएम जगनमोहन रेड्डी की सम्पत्ति सबसे अधिक 510 करोड़ रुपये हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सम्पत्ति सबसे कम 15 लाख रुपये। केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन और हरियाणा के मनोहर लाल खट्टर की एक करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति है। इनमें 28 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों- दिल्ली एवं पुडुचेरी के मुख्यमंत्री शामिल हैं। जिन 30 मुख्यमंत्रियों के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया गया, उनमें 29 (97 प्रतिशत) करोड़पति हैं और इनकी औसत सम्पत्ति 33.96 करोड़ रुपये है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पड़ोसी राज्यों बिहार और पश्चिम बंगाल केसीएम से ज्यादा अमीर हैं। हेमंत सोरेन की संपत्ति ममता बनर्जी से 50 गुणा, तो बिहार के सीएम नीतीश कुमार से करीब ढाई गुणा अधिक है। एडीआर की ओर से देश के 30 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से जुड़ी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

**हेमंत से ज्यादा अमीर हैं 14 सीएमः** तमिलनाडु, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, मेघालय, असम, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, पुडुचेरी, नगालैंड, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और आंध्र के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ज्यादा अमीर हैं। ओडिश के नवीन पटनायक की 63 करोड़ रुपए की सम्पत्ति है। नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल की सम्पत्ति 3 करोड़ रुपए से अधिक की है।

**तीन मुख्यमंत्री 12वीं पास :** 30 मुख्यमंत्रियों में एक ऐसे सीएम हैं, जो सिर्फ 10वीं पास हैं। 12 वीं पास 3 राजनेता अपने-अपने राज्य के मुखिया हैं। 11 मुख्यमंत्रियों के पास ग्रेजुएशन की डिग्री है, जबकि 4 ग्रेजुएट प्रोफेशनल, 9 पोस्ट ग्रेजुएट हैं।

# बठिंडा के मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग, चार जवान शहीद

## गायब इंसास-गोलियां बरामद, जांच की तैयारी, बड़ा खुलासा संभव

**आतंकी घटना से इनकार**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दक्षिणी पश्चिमी कमांड ने बयान जारी करते हुए कहा कि बठिंडा मिलिट्री स्टेशन के अंदर बुधवार तड़के फायरिंग चार जवानों की मौत गयी। घटना की जांच कर रही टीम को बड़ी सफलता मिली है। सर्च टीम ने मैगजीन के साथ इंसास रायफल बरामद कर ली है। सेना और पुलिस की संयुक्त टीमें अब और जानकारी हासिल करने के लिए हथियार का फोरेंसिक विश्लेषण करने की तैयारी कर रही है। फोरेंसिक विश्लेषण के बाद ही पूरी मिल पायेगी। सेना ने साफ कहा कि यह आतंकी घटना नहीं है।

**सफेद कुर्ता पहने नकाबपोशों ने किया हमला :** बठिंडा मिलिट्री स्टेशन फायरिंग केस में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सागर, कमलेश, संतोष और योगेश चारों जवान ड्यूटी पूरी करने के बाद के बाद अपने कमरे में सो रहे थे। इतने में सफेद कुर्ता और पजामा पहने दो नकाबपोश हमलावरों ने उनपर राइफलों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। सेना का कहना है कि पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जांच जारी है। पुलिस को जांच में हरसंभव सहायता दी जा रही है। घटना को लेकर अभी तक किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है।




बठिंडा मिलिट्री स्टेशन के अंदर फायरिंग की घटना के बाद स्टेशन क्विक रिएक्शन टीमों को सक्रिय किया गया है। इलाके की घेराबंदी कर सील कर दिया गया। बठिंडा मिलिट्री स्टेशन सेना के दक्षिणी पश्चिमी कमांड के तहत आता है। इस मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने जानकारी दी। दक्षिणी पश्चिमी कमांड ने बताया कि फिलहाल घटना के कारणों की जानकारी नहीं मिल पायी है। यह भी पता नहीं चल पाया है कि फायरिंग करने वाला एक आदमी था या एक से अधिक लोगों ने फायरिंग की है। हालांकि सेना ने साफ किया है कि यह आतंकी घटना नहीं है। (शेष पेज 11 पर)

## एकजुटता पर बात : खड़गे के घर नीतीश-राहुल मुलाकात
# मोदी को हराने की तैयारी पीएम के सवाल पर चुप्पी

**एजेंसी**


**नयी दिल्ली।** 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और मोदी को विपक्ष की ओर से कड़ी टक्कर दी जाये, इसको लेकर बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने बुधवार को नयी दिल्ली में कांग्रेस के आला नेताओं से मुलाकात की।

वहीं संवाददाताओं ने जब प्रधानमंत्री पद का मुद्दा उठाया, तो सभी ने चुप्पी साध ली। बैठक के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमने ऐतिहासिक बैठक की। बहुत से मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने तय किया कि सभी पार्टियां एकजुट और एक होकर आगे के चुनाव लड़ेंगी। हम सभी उसी रास्ते पर आगे चलेंगे। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बैठक के बाद ट्वीट करते हुए कहा कि विपक्ष को एक करने में एक बेहद ऐतिहासिक कदम लिया गया है, यह एक प्रक्रिया है। (शेष पेज 11 पर)



### झारखंड के 14 जिले कोरोना की चपेट में

**रांची।** झारखंड समेत पूरे देश में एक बार फिर से कोरोना डराने लगा है। कोरोना मरीजों की संख्या में रोज इजाफा हो रहा है। राज्य के 14 जिले कोरोना की चपेट में आ गये हैं। 24 घंटे के अंदर 29 नये संक्रमित मरीज मिले हैं। राज्य में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 99 हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक सबसे ज्यादा कोरोना मरीज राजधानी रांची में है। यहां सक्रिय मरीजों की संख्या 38 है। वहीं पूर्वी सिंहभूम में 15, देवघर में 13, लोहरदगा में 12, कोडरमा में 5, हजारीबाग में 3, लातेहार में 3, दुमका में 2, रामगढ़ में 2, पश्चिमी सिंहभूम में 2, चतरा में 1, गढ़वा में 1, गुमला में 1 और खूंटी में 1 सक्रिय मरीज हैं।




## शिक्षकों से संवाद कार्यक्रम में बोले प्रधानमंत्री मोदी
# आधुनिक भारत की जरूरतें पूरी करेगी नयी शिक्षा नीति

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधुनिक और विकसित भारत की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर लागू की गयी है। यह नीति बच्चों के समग्र विकास, ज्ञान, कौशल, संस्कृति और भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने पर जोर देती है। श्री मोदी बुधवार को भोपाल में नवनियुक्त शिक्षकों से संवाद में वर्चुअली जुड़े थे। पीएम ने अध्यापन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में शामिल होनेवाले युवाओं को बधाई दी। पीएम ने नयी शिक्षा नीति को लेकर भी शिक्षकों से बात की।

**जो छात्रों को बनाये वही शिक्षक :** पीएम मोदी ने कहा कि शिक्षक वह होता है जो छात्रों को बनाता है। ऐसे में देश के विकास और उन्नति के लिए युवा पीढ़ी को गढ़ने का काम आप ही शिक्षकों को करना है। इसके लिए आप सबको उनके दिलों में जगह बनानी है। जिस तरह से आपको भी याद होगा कि आपके कई शिक्षकों की जगह आपके दिल में आज भी बनी हुई है। इसलिए ऐसी शिक्षा दें, जिससे बच्चे आपको हमेशा याद रखें। इसके लिए पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास भी जरूरी है और साथ ही सामाजिक जीवन जीने की शिक्षा का भी निर्वहन बच्चों को आप सभी को सिखाना है। पीएम ने शिक्षकों को कहा कि आप बच्चों के दिल में जगह बनाओ।

**कांग्रेस ने ग से पढ़ाया गधा :** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले के समय जो सरकारें थी, उन्होंने सिलेबस में ही बहुत से बदलाव कर दिये थे। जब हम पढ़ाई करते थे तो ग से गणेश पढ़ा करते थे, लेकिन जब इनकी सरकार आयी तो इन्होंने **ग** से **गधा** कर दिया।

### सीसीएल ऑडिटोरियम में आज पीएम देंगे युवाओं को नियुक्ति पत्र



**रांची।** पीएम मोदी गुरुवार को युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे। सीसीएल ऑडिटोरियम, दरभंगा हाउस में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जुड़ेंगे और युवाओं नियुक्ति पत्र देंगे। रांची रेल मंडल ने बताया कि रोजगार मेला का आयोजन गुरुवार को सुबह 9:30 बजे होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

# मधु कोड़ा से जुड़े मनी लांड्रिग मामले में गवाही शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े 3500 करोड़ रुपये से अधिक की मनी लांड्रिंग मामले में बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में तीन साल बाद फिर से गवाही प्रारंभ हुई। रांची के प्रधान आयकर आयुक्त डॉ प्रभाकांत की गवाही दर्ज की गई जो पूरी नहीं हो सकी। आज गुरुवार को भी गवाही जारी रहेगी। कोरोना काल में दो साल तक सुनवाई प्रभावित रही। लेकिन, सामान्य होने के बाद भी एक साल से अधिक समय तक गवाह अदालत नहीं पहुंच पा रहे थे। मामले के गवाहों को समन जारी है। बावजूद गवाह नहीं पहुंच सके। सुनवाई के दौरान मामले के आरोपी मुध कोड़ा, विनोद कुमार सिन्हा, विकास कुमार सिन्हा, हरियाणा निवासी अरविंद व्यास, मुंबई निवासी मनोज पुनमिया, कोलकाता निवासी विजय जोशी एवं पुणे निवासी अनिल बस्तावड़े मौजूद थे। गुरुवार को सुनवाई के दौरान भी आरोपी उपस्थित रहेंगे। हालांकि, कोर्ट की अनुमति के बाद तीन आरोपी मनोज पुनमिया, अरविंद व्यास एवं अनिल बस्तावड़े उपस्थित नहीं रहेगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पश्चिम, रॉंची।**
**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना**
(तृतीय कॉल)
जिसका PR No. 286094 (Drinking Water and Sanitaion) 2022–23 है।
Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-16/2022-23 Date - 12-04-2023

| S.No | Name of the Work | Cluster Name | Sub Cluster/Group No. | Block | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2022-23 (on Turn Key Basis) | 7C | 7C (i) | Bero | 844.19 | 8.45 | 10000.00 |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | | 09 Months + 1 months (trial and run) | | | |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | | | 13-04-2023 at 04:00 P.M | | | |
| 4 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | | | 19-04-2023 up to 04:00 P.M | | | |
| 5 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि / समय / स्थान | | | 20-04-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रॉंची पश्चिम, रॉंची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, रॉंची अंचल, रॉंची। | | | |
| 6 | बीड खोलने की तिथि / समय | | | 20-04-2023 up to 05:00 P.M | | | |
| 7 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रॉंची पश्चिम, रॉंची। | | | |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | | 0651-2491247 | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पश्चिम, रॉंची।
PR 295010 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

**कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, लातेहार।**
**खुदरा उत्पाद दुकानों से प्राप्त खाली कार्टूनों के निष्पादन हेतु अति अल्पकालीन निविदा का आमंत्रण विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड उत्पाद (JSBCL के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली 2022 की कंडिका 32(i) एवं विभागीय पत्रांक–1419(अनु0) दिनांक–11.10.2022 द्वारा निर्गत निर्देशों के आलोक में लातेहार जिलान्तर्गत JSBCL के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टूनों (बड़ा / छोटा) के निष्पादन हेतु जिला स्तर पर निविदा कार्य निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार संपादित की जायेगी:–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टूनों के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, लातेहार में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की प्रारंभिक तिथि | दिनांक–13.04.2023 (कार्यालय अवधि में) |
| 02 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टूनों के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, लातेहार में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | दिनांक–24.04.2023 के अप0 04:00 बजे तक |
| 03 | मुहरबंद निविदा खुलने की तिथि | 25.04.2023 प्रातः 11:30 बजे से |

उक्त नियमावली के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्तें, आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र, पात्रता की शर्तें, समर्पित किए जाने वाले कागजातों की विवरणी एवं प्रक्रिया से संबन्धित विस्तृत जानकारी हेतु अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, लातेहार में संपर्क किया जा सकता है।
नोटः– उक्त निविदा अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, लातेहार (स्थान–श्रम भवन, करकट, लातेहार) में खोली जायेगी।

अधीक्षक उत्पाद
लातेहार।
PR 295000 (Excise) 23-24 (D)

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,रॉंची**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–गंगी देवी, उम्र–71 वर्ष,
उँचाई–5 फीट, 5 ईंच,रंग–सॉंवला
पहनावा–धी रंग का साडी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला गंगी देवी, पति–मैसा उरॉंव, सा0–अरसण्डे(सरना टोली), थाना–कॉंके, जिला–रॉंची, जो दिनांक–05.03.2023 को घर से बिना बताए कहीं चली गईं जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में चुटिया थाना सनहा संख्या–11 / 23 दिनांक–08.03.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।
अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।
पुलिस उपाधीक्षक, नगर, रॉंची। –9431706139
थाना प्रभारी चुटिया, रॉंची। –9431706165

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची
PR 294997 Police(23-24).D

**कार्यालय कृषि उत्पादन बाजार समिति, रामगढ़**
**प्रारूप**

अनुमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़– सह– विशेष पदाधिकारी कृषि उत्पादन बाजार समिति, रामगढ़ के आदेशानुसार सूचित किया जाता है कि बाजार समिति, रामगढ़ प्रांगण में उपयोग में लाए जा रहे दुकानों / गोदामों का बकाया किराया विज्ञापन प्रकाशित होने के एक सप्ताह के अंदर कार्यालय में उपस्थित होकर भुगतान कर दें। अन्यथा आपके विरूद्ध नियमसंगत कार्रवाईकरते हुए आवंटन रद्द किया जायेगा, बकाया किराया व्यापारियों की सूची निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | फर्म का नाम / प्रो0 का नाम | दुकान / गोदाम सं0 | कुल बकाया किराया की राशि | क्र0 | फर्म का नाम / प्रो0 का नाम | दुकान / गोदाम सं0 | कुल बकाया किराया की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मे0 साहू इन्डस्ट्रीज प्रो0 श्री पशुपति साह | A/9 | 65087.00 | 11 | मे0 किशोर कुमार एण्ड सन्स प्रो0. श्री किशोर कुमार कुशवाहा | V/27 | 69875.00 |
| 2 | मे0 अग्रवाल गल्ला भण्डार, प्रो0. श्री देवदास अग्रवाल | A/10 | 106348.50 | 12 | मे0 पप्पू सोनकर प्रो0. पप्पू सोनकर | V/28 | 171975.00 |
| 3 | मे0 गणेश भण्डार प्रो0. श्री अर्जुन साहू | A/13 | 64405.50 | 13 | मे0 जय माँ लक्ष्मी ट्रेडर्स प्रो0. श्री भोला राम महतो | V/31 | 127275.00 |
| 4 | मे0 दुर्गा भण्डार, प्रो0. श्री दुखन साव श्री राम प्रसाद साव | A/16 | 70955.00 | 14 | मे0 बंसल ट्रेडिंग प्रो0 मनोज बंसल | G/1 | 95120.00 |
| 5 | मे0 साहू एण्ड संस, प्रो0. श्री गोपाल प्रसाद | A/22 | 82250.00 | 15 | मे0 गणेश भंडार, प्रो0 अर्जुन साहू | G/10 | 190695.00 |
| 6 | मे0 बाला जी ट्रेडर्स प्रो0. श्री संजय सिंह श्री सीताराम सिंह | A/24 | 91987.00 | 16 | मे0 गणेश भंडार, प्रो0 अर्जुन साहू | G/11 | 226333.75 |
| 7 | मे0 आर0 के0 ट्रेडर्स श्री दिनेश साव | C/8 | 88010.00 | 17 | मे0 बंसल ट्रेडिंग प्रो0 मनोज बंसल | G/22 | 96884.75 |
| 8 | मे0 मिथिला ट्रेडिंग प्रो0 श्री लाला प्रसाद | D/10 | 197990.00 | 18 | मे0 श्री वैष्णो माता जी इन्टर प्राईजेज प्रो0 अरूण कुमार अग्रवाल | 2500 मे0टन (प0 भाग) | 684375.00 |
| 9 | मे0 लक्ष्मी भण्डार प्रो0 श्री सुभाष प्रसाद अग्रवाल | D/11 | 75620.00 | 19 | एस0 के0 ट्रेडिंग प्रो0. सावर मल अग्रवाल | 1000 मे0टन (खण्ड–ए) | 193918.00 |
| 10 | मे0 लक्ष्मी ट्रेडर्स प्रो0 श्री विनोद कुमार | D/12 | 84116.85 | | | | |

ह0 / –
पणन सचिव,
कृषि उत्पादन बाजार समिति,रामगढ़

ह0 / –
अनुमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़ –सह– विशेष पदाधिकारी, कृ0उ0बा0स0,रामगढ़

PR 294987 District(23-24).D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,पश्मिमी सिंहभूम, चाईबासा**



**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि राधी सांडिल, उम्र करीब 12 वर्ष, पिता– स्व० कुवर सिंह सांडील, सा०–नावागांव, थाना–झींकपानी, जिला–पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा जो पटेल नगर थाना अंतर्गत बी / 90, WEST पटेल नगर, थाना–पटेल नगर, नई दिल्ली से अगस्त 2016 से लापता है। किसी भी सज्जन को उक्त लापता बालिका के संबंध में किसी प्रकार की सही जानकारी हो तो कृप्या निम्नलिखित मोबाईल नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।
लापता साधी सांडील के संबंध में किसी भी प्रकार की सही सूचना देने वाले व्यक्ति को 50,000 / रू० ईनाम दिया जाएगा तथा सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम, पता एवं पहचान गुप्त रखा जाएगा।

पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा, मो०न० –9431706451
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, मो०न० –9431706453
थाना प्रभारी,झींकपानी थाना, मो०न० –9431706475 8826467403
थाना प्रभारी, अहतु थाना, मो०न० – 9771785545
अनुसंधानकर्ता, मो०न० –7781923294

पुलिस अधीक्षक,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा
PR 294959 (West Singhbhum)23-24*D


## रिपोर्ट देने के बाद सरकार ने तीसरी बार बनायी कमेटी

# जेपीएससी में संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में बदलाव की नहीं मिली रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने जेपीएससी की ओर से आयोजित होने वाली संयुक्त सिविल प्रतियोगिता परीक्षा में बदलाव के लिए गठित समिति का फिर एक बार फिर पुनर्गठन किया है। वन एवं पर्यावरण विभाग के अपर मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते की अध्यक्षता में गठित त्रिस्तरीय समिति में वित्त सचिव अजय कुमार सिंह के अलावा कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो को शामिल किया गया है। पहले इस कमेटी में वंदना दादेल थी, लेकिन कार्मिक विभाग से तबादला के बाद उनकी जगह प्रवीण टोप्पो को शामिल किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।



बताते चलें कि राज्य सरकार ने दिसंबर माह में इस उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था और 15 दिनों के अंदर झारखंड संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा, निमयावली 2021 में संशोधन की बिंदुओं पर राज्य सरकार को अपनी अनुशंसा देने को कहा गया था। हालांकि, तीन माह बीत जाने के बाद भी समिति अपनी रिपोर्ट सौंप नहीं सकी है।

मालूम हो कि जेपीएससस्सी संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा में अभ्यर्थियों के उर्त्तीण होने के नियम और आरक्षण से जुड़े बिंदुओं में संशोधन किया जा सकता है। कमेटी की अनुशंसा पर राज्य सरकार इस पर निर्णय लेगी। इसके बाद ही परीक्षा के लिया जा सकेगा।

सूत्रों के अनुसार सिविल सेवा परीक्षा में कुल रिक्त पदों के विरूद्ध कितने गुना अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार में शामिल होंगे। प्राम्भिक परीक्षा की ओएमआर शीट वेबसाइट पर जारी करने को लेकर संशोधन हो सकता है। हालांकि इससे पूर्व भी केके खंडेलवाल की अध्यक्षता में समिति गठित की गयी थी। उक्त समिति भी रिपोर्ट नहीं सौंप पायी। ऐसे में तीसरी बार समिति का गठन अब तक हो चुका है।

## राज्यभर में आजसू पार्टी का न्याय मार्च आज

**रांची।** आज 13 अप्रैल को सभी जिलों में आजसू पार्टी का न्याय मार्च होगा। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा है कि महागठबंधन की सरकार ने झारखंडी भावना, उम्मीद और जनादेश के साथ जो विश्वासघात किया है, उससे जनता ऊब चुकी है। सरकार ने सभी को ठगा है। डॉ. भगत ने कहा कि बड़े पैमाने पर संसाधनों की लूट और भ्रष्टाचार से राज्य का विकास अवरूद्ध हो चुका है। राज्य की छवि खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी आज सिर्फ विरोध की खतिर न्याय मार्च नहीं निकालेगी, बल्कि राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता को विचार मंथन और जनादेश का हिसाब लेने के लिए भी जगाएगी। कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

# अमिताभ कौशल समेत दो आइएएस बदले, दो को मिला अतिरिक्त प्रभार

अमिताभ कौशल गये खाद्य आपूर्ति विभाग, विप्रा भाल को वाणिज्यकर का भी जिम्मा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. अमिताभ कौशल समेत दो आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसके अलावा दो आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। योजना एवं विकास विभाग सचिव के पद पर पदस्थापित डॉ अमिताभ कौशल को अगले आदेश तक सचिव खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। अमिताभ कौशल अपने कार्यों के अतिरिक्त सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।

वहीं सचिव जल संसाधन विभाग के पद पर पदस्थापित प्रशांत कुमार को अपने कार्यों के साथ सचिव योजना एवं विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग के पद पर पदस्थापित विप्रा भाल अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव वाणिज्य कर विभाग के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। आपदा प्रबंधन विभाग में विशेष सचिव के पद पर पदस्थापित चंद्रशेखर को अगले आदेश तक प्रभारी सचिव ग्रामीण विकास विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है इनके पास निदेशक प्राथमिक शिक्षा और आईजी रजिस्ट्रेशन का अतिरिक्त प्रभार था।

### ए दोड्डे को पलामू के बंदोबस्त पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार मिला, अनिल कुमार कार्मिक में देंगे योगदान

**रांची।** डीसी पलामू के पद पर पदस्थापित भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ए दोड्डे को अपने कार्यों के साथ बंदोबस्त पदाधिकारी पलामू का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, प्रभार रहित आइएएस अधिकारी अनिल कुमार को कार्मिक विभाग में योगदान करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## खबर एक नजर में

### झारखंड के चार आइपीएस को मिलेगी ट्रेनिंग

**रांची।** झारखंड कैडर के चार आइपीएस ट्रेनिंग में जायेंगे। ट्रेनिंग में जानेवाले संजय ए लाटकर, आशीष बत्रा, टी कंडास्वामी और प्रिया दुबे शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसको लेकर राज्य सरकार को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि 26 जून से सात जुलाई तक मध्य कॅरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 24 से 26 वर्ष की सेवा करने वाले आईपीएस अधिकारियों के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल पुलिस अकादमी में 15वां चरण–एमसीटीपी कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

### गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान के मामले पर हाइकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान की ओर से उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में सुनवाई के दौरान बुधवार को प्रार्थी एवं राज्य सरकार के द्वारा सुप्रीम कोर्ट के कई जजमेंट को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 3 मई निर्धारित की है। दरअसल, एकल पीठ ने इस संबंध में प्रार्थी सुनील कुमार पासवान की रिट याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके पास बाद उनकी ओर से खंडपीठ में अपील दायर की गई है। बता दें कि अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ने का आरोप सही पाए जाने के बाद सुनील पासवान को मेयर पद के अयोग्य घोषित किया गया था।

### जाति प्रमाण पत्र होने के बावजूद चयन नहीं होने के मामले में जेपीएससी से मांगा जवाब

**रांची।** सातवीं जेपीएससी परीक्षा में एसडीओ द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र होने के बावजूद चयनित नहीं किए जाने को लेकर कुमारी सुमित, रसिक जमुदा और अन्य की याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने 2 सप्ताह में जेपीएससी को प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मौखिक कहा है कि यदि जेपीएससी शपथ पत्र दाखिल नहीं करती है तो कोर्ट 2 मई को मामले की फाइनल सुनवाई करेगी।

### 10 दिन में वार्षिक विवरणी जमा करें रांची के प्रतिष्ठान और कारखाना संचालक : उप श्रमायुक्त

रांची। श्रम विभाग ने रांची के प्रतिष्ठान और कारखाना संचालकों को 10 दिन के भीतर वित्त वर्ष 2021–22 की वार्षिक विवरणी जमा करने का निर्देश दिया है। आदेश में कहा गया है कि जिस प्रतिष्ठान में 20 या उससे अधिक कर्मचारी नियोजित हैं या जिस कारखाना में 10 या उससे अधिक कामगार नियोजित हैं और उसकी स्थापना के प्रारंभ की अवधि पांच वर्ष पूरी हो चुकी है, उसे अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों को बोनस का भुगतान करना अनिवार्य है। बोनस भुगतान वित्त वर्ष की समाप्ति के आठ महीने के अंदर बोनस भुगतान करना जरूरी है। वार्षिक विवरणी 30 दिनों के अंदर उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

# आज होगी 8वीं बोर्ड की परीक्षा, 5 लाख परीक्षार्थियों को दिया जायेगा मध्याह्न भोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों की आठवीं बोर्ड की परीक्षा आज होगी। अब, परीक्षा के दिन भी परीक्षार्थियों को मध्याह्न भोजन मिलेगा। इसको लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण ने आदेश जारी कर दिया है। जैक सचिव महीप कुमार सिंह ने बताया कि 8वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी हो गई है। 8वीं के बच्चों को दो सिटिंग में चार विषयों की परीक्षा देनी है। उन्हें ऑब्जेक्टिव प्रश्न दिए जाएंगे। 8वीं की परीक्षा में करीब 5 लाख बच्चे शामिल होंगे। इसके लिए झारखंड एकेडमी काउंसिल की ओर से परीक्षा केंद्र निर्धारित कर दिया गया है। सभी बच्चों को तैयारी के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने को कहा गया है।

**परीक्षा केंद्र पर ही बच्चों को मिलेगा भोजनः** प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को भी पत्र के जरिये इसकी सूचना दे दी है। आदेश में निदेशक ने कहा है कि 13 अप्रैल, 2023 को आठवीं बोर्ड परीक्षा का आयोजन होना है। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर मध्याह भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

# अब पूर्व की भांति राज्य के प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में होगी पढ़ाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड का एक दल बुधवार को स्कूली शिक्षा सचिव के रवि कुमार से मिला। इस दौरान प्रारंभिक विद्यालय में तत्कालिक मुद्दे, आदर्श दिनचर्या लागू करने, शिक्षको को एमएसीपी का लाभ देने, शिक्षकों की प्रोन्नति लंबित सहित शिक्षक समस्याओं पर वार्ता हुई। संघ के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि शिक्षा सचिव ने स्कूल संचालन के एक घंटे की बढ़ायी गयी अतिरिक्त अवधि को पूर्व की तरह वापस लेकर अधिसूचना को प्रभावी करने की बात पर सहमति प्रदान की। अब यह समय प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में गर्मी में सुबह 7 से 1 बजे और अन्य दिनों में 9 से 3 बजे ही विद्यालय संचालन अवधि रहेगी, जो समय एक घंटे अधिक था उसको अपने अनुसार घर पर या बाहर रह कर विद्यालय कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि वहीं, एमएसीपी पर अभी तक गतिरोध कायम है। प्रदेश के शिक्षकों का वर्षों से लंबित प्रोन्नति पर संघ के ध्यानाकर्षण पर सचिव ने तत्काल ही निदेशक प्राथमिक शिक्षा को सभी डीईओ, डीएसई और आरडीडीई की यथाशीघ्र दो तीन दिनों में बैठक कर शिक्षकों के लंबित प्रोन्नति करके कार्य को गति देने को बात कही। प्रतिनिधिमंडल में राममूर्ति ठाकुर, प्रवक्ता नसीम अहमद अनूप केशरी, संतोष कुमार, अजय ज्ञानी सलीम सहाय शामिल थे।

# भाजपा के कारण राज्य के किसानों को मिल रहा फसल बीमा का मुआवजा : रणधीर सिंह

भाजपा विधायक ने कहा– राज्य सरकार ने तीन साल तक किसानों को मुआवजा से रखा वंचित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार से ही झारखंड का भला हो सकता है। श्री सिंह ने बुधवार को कहा कि गठबंधन सरकार ने तीन सालों तक किसानों को फसल बीमा के मुआवजा से वंचित रखा। उन्होंने गठबंधन सरकार को कटघरे में भी खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार और पूर्ववर्ती रघुवर सरकार की देन है कि किसानों को सुखा राहत का मुआवजा मिला है। उन्होंने कहा कि झारखंड के किसानों को यह 2018 के खरीफ फसल और 2019 के रबी फसल में राज्य के विभिन्न जिलों में सूखा के कारण किसानों को हुई क्षति के बदले में केंद्र सरकार द्वारा अधिकृत बीमा कंपनी के द्वारा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पीएम नमो के नेतृत्व में भारत सरकार की महात्वाकांक्षी योजना है। पूर्ववर्ती रघुवर सरकार ने इस योजना के तहत राज्य के किसानों को पूरी तरह जोड़ा था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों के फसलों के बारे में खेत से खलिहान तक की चिंता की गई है। उन्होंने कहा कि 2018 के सुखाड़ में रघुवर सरकार ने कई प्रकार के राहत कार्य किसानों के लिए शुरू किये थे। उन्होंने कहा कि इसी बीमा योजना के तहत 2020में किसानों केलिए बीमा कंपनी द्वारा 831 करोड़ रूपए की मुआवजा राशि तय हुई थी। लेकिन 2019 में रघुवर सरकार के सत्ता में नहीं लौटने के बाद हेमंत सरकार ने किसानों को धोखे में रखा। कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी गईं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड के कृषि विभाग पर दबाव बनाया तब राज्य सरकार अपना बकाया अंशदान जमा करने को बाध्य हुई।

## मनरेगा आयुक्त ने राज्य के सात जिलों के 24 प्रखंडों में हाई मेगा वाटरशेड प्रोजेक्ट की समीक्षा की

# बेहतर जल प्रबंधन कर भूमि की नमी और गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में तेजी से करें काम : राजेश्वरी बी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने बुधवार को झारखंड के सात जिलों के 24 प्रखंडों में हाई मेगा वाटरशेड प्रोजेक्ट की समीक्षा की। इन जिले के डीडीसी को उन्होंने वाटरशेड परियोजना से बेहतर जल प्रबंधन कर भूमि की नमी और गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में तेजी से काम करने का निर्देश दिया। ताकि कृषि और बागवानी के कार्यों को विस्तार दिया जा सके और किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को साधा जा सके। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली। योजना को भारत रूरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन के माध्यम से संचालित किया जा रहा है।



### नॉन इंटेंसिव प्रखंडों को तैयार होगा डीपीआर

बैठक में बीआरएलएफ अंतर्गत 7 के जिलों से डीडीसी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं परियोजना में कार्य कर रहे संस्था क्रमशः प्रधान, जन जागरण केंद्र, सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ वाटरशेड डेवलपमेंट, विकास भारती, ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रतिनिधि शामिल थे। बैठक में सभी संस्था की ओर से प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी। मनरेगा आयुक्त की ओर से बैठक में मनरेगा आयुक्त द्वारा 7 जिलों के डीडीसी को सीएसओ भागीदारों और अन्य हितधारकों के साथ आगे की योजना बनाने और योजनाओं की अधिकतम स्वीकृति के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला/सेमिनार आयोजित करने का निर्देश दिया गया। नॉन इंटेंसिव प्रखंडों में डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए जल्द पत्र जारी किया जायेगा।

### 696 वाटरशेड का विकास किया जायेगा

गुमला, प. सिंहभूम, साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, दुमका और गिरिडीह के कुल 24 प्रखंडों में मनरेगा योजना से हाई इंपैक्ट मेगा वाटरशेड प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस परियोजना का लक्ष्य 24 प्रखंडों के कुल 696 वाटरशेड का विकास करना है। इससे 3 लाख 39 हजार हेक्टेयर भूमि का उपचार होगा और किसानों की आय दोगुनी हो सकेगी।

# कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 के पार, अभी और बढ़ेगा

**राहत की बात** 13 से 16 अप्रैल तक आंशिक बादल छाये रहने का अनुमान


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में गर्मी तेजी से बढ़ रही है। अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री तक पहुंच चुका है। इसमें अभी और वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से राहत भरी खबर ये है कि 13 अप्रैल से 16 अप्रैल तक आसमान में आंशिक बादल छाये रहेंगे। हालांकि, इस दौरान बारिश की कोई संभावना नहीं है। चिंता बढ़ाने वाली खबर यह है कि इन्हीं तीन-चार दिनों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। यानी तापमान 43 डिग्री के पार जा सकता है, जिससे लोगों को चिलचिलाती गर्मी का एहसास होगा। चाईबासा, गोड्डा और डालटेनगंज का पारा 40 डिग्री के पार पहुंच चुका है।

**गोड्डा का अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा :** राजधानी रांची में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निकट हिनू रोड स्थित मौसम केंद्र ने बताया कि बुधवार को डालटेनगंज का अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, रांची का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री रिकार्ड किया गया। जबकि 13 अप्रैल को अधिकतम पारा 38 डिग्री और 14 एवं 15 अप्रैल को 39 डिग्री हो जाने का अनुमान है। इस दौरान न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 23 डिग्री तक हो जाने का अनुमान है।

### झारखंड के जिलों का अधिकतम तापमान

| | | | |
|---|---|---|---|
| बोकारो - | 38.5 डिग्री | पाकुड़ - | 39.6 डिग्री |
| चतरा - | 36.9 डिग्री | पलामू - | 39.7 डिग्री |
| देवघर - | 39.1 डिग्री | रामगढ़ - | 37.6 डिग्री |
| गढ़वा - | 39.1 डिग्री | रांची - | 36.2 डिग्री |
| गिरिडीह - | 37.2 डिग्री | साहिबगंज - | 37 डिग्री |
| गोड्डा - | 40.7 डिग्री | सिमडेगा - | 38 डिग्री |
| गुमला - | 36.4 डिग्री | प. सिंहभूम - | 37.4 डिग्री |
| हजारीबाग - | 35.2 डिग्री | जमशेदपुर - | 40.4 डिग्री |
| खूंटी - | 36.7 डिग्री | डालटेनगंज | 40.8 डिग्री |
| लातेहार - | 35.9 डिग्री | चाईबासा - | 40.4 डिग्री |
| लोहरदगा - | 35.6 डिग्री | | |




### झारखंड के किसी भी हिस्से में नहीं हुई बारिश

भारत मौसम विज्ञान विभाग के मौसम केंद्र रांची ने बताया है कि पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 40.4 डिग्री पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस सिमडेगा में रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान झारखंड के किसी भी हिस्से में बारिश नहीं हुई।

### राजधानी रांची में हिनू सबसे ज्यादा गर्म जगह

रांची में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान हिनू में दर्ज किया गया है। यहां का तापमान 36.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि टाटीसिल्वे में 36 डिग्री, कांके में 35.7 डिग्री और नामकुम में 34.4 डिग्री सेंटीग्रेड। रांची का न्यूनतम तापमान नामकुम में सबसे कम 17 डिग्री रहा। हिनू में 20.6 डिग्री, टाटीसिल्वे में 21.9 डिग्री और कांके में 16.8 डिग्री न्यू. तापमान दर्ज किया गया।

**मेयर ने निगम की स्वास्थ्य और जलापूर्ति शाखा के साथ की बैठक**

## प्रत्येक वार्ड में तीन नया बोरिंग होगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में गहराते जल संकट को देखते हुए रांची की मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने बुधवार को रांची नगर निगम के स्वास्थ्य व जलापूर्ति शाखा की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों में वार्ड स्तर पर पेयजल संकट की स्थिति व नगर निगम की ओर से की गई व्यवस्था पर जवाब तलब किया। मेयर ने बताया कि गर्मी के मौसम में जलसंकट की स्थिति से निपटने के लिए एक करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध है। उन्होंने वर्तमान में रांची नगर निगम क्षेत्र में कुल 2507 चापानल चालू स्थिति में होने की जानकारी दी। इस क्रम में उन्होंने यह भी बताया कि खराब चापानलों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए हैं। निगम क्षेत्र में 174 एचवाइडीटी और 1374 मिनी एचवाइडीटी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लोगों की जरुरतों को देखते हुए नगर निगम क्षेत्र में 80 जगहों पर टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।

डॉ लकड़ा ने बताया कि निगम क्षेत्र में कुल 69078 वैध वाटर कनेक्शन हैं। इन उपभोक्ताओं से वाटर यूजर चार्ज प्राप्त हो रहा है। मेयर ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में पाइपलाइन समेत खराब चापानल, एचवाइडीटी व मिनी एचवाइडीटी की मरम्मत के लिए कुल आठ टीम हैं। एक टीम में आठ सदस्य शामिल हैं। वर्तमान में रांची नगर निगम के पास 6 केएल के चार, 5 केएल के एक, 4 केएल के 30 व 2 केएल के चार टैंकर उपलब्ध हैं।

**प्रत्येक वार्ड में होंगे तीन नए बोरिंग :** मेयर ने बताया कि ड्राई जोन क्षेत्र में डिप्टी मेयर, सांसद, विधायक, नगर आयुक्त व पार्षदों की अनुशंसा पर भी टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। आम लोगों के लिए ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है। निर्धारित राशि का भुगतान कर आप ऑनलाइन टैंकर से पानी की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा प्रत्येक वार्ड में तीन नए बोरिंग कराए जाएंगे। कुल 204 नए बोरिंग कराए जाएंगे। मौके पर अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पहान, प्रसुन कुमार मुर्मू, स्नेहा श्री, ओंकार पांडे आदि शामिल थे।

**सीएम हेमंत सोरेन समेत परिवार को जेल भेजने की धमकी मामले में झामुमो में आक्रोश**

## बीजेपी का आंदोलन राजनीतिक ना होकर सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाला था : झामुमो

**सुप्रियो ने बीजेपी को दी चेतावनी, कहा- पत्थरबाजों संभल जाओ, हमारे पास तीर कमान है, गुलेल चलाना बंद करो, पत्थर चलाना बंद करो**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** हेमंत हटाओ, राज्य बचाओ की बीजेपी की रैली में गोड्डा सांसद के बयान हेमंत सोरेन समेत उनके परिवार को जेल भेजने की धमकी देने के मामले में झामुमो में आक्रोश है। इस मामले में बुधवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भटटाचार्य ने कहा है कि बीजेपी का आंदोलन अब एक महज हाट के बराबर है। इतनी भीड़ तो शालीमार बाजार, सतरंजी बाजार में होती है। कल जिस प्रकार से बीजेपी ने आंदोलन किया, वह किसी भी प्रकार से राजनीतिक आंदोलन नहीं था। बल्कि यह आंदोलन पत्थरबाजों का, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला, धार्मिक उन्माद को बढ़ावा देनेवाला आंदोलन था। सुप्रियो ने कहा कि तीन दशक की राजनीतिक कॅरियर में हमने भी आंदोलन किए हैं, लेकिन इस प्रकार का आंदोलन हमलोगों ने नहीं किया है। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह को आड़े हाथों लेते हुए पूछा कि ये पत्थरबाज कौन है। सुप्रियो ने कहा कि यदि बीजेपी को लड़ना है झामुमो के साथ सीधे लड़िए। हेमंत सोरेन के साथ, गुरूजी के आदर्श के साथ लड़ने के लिए राजनीतिक कार्यक्रम तय करना होगा। बीजेपी ने जिस भाषा का इस्तेमाल किया है, इसका हश्र 2024 में दिखेगा।

सुप्रियो ने बीजेपी को चेतावनी देते हुए कहा है कि पत्थरबाजों संभल जाओ, हमारे पास तीर कमान है। गुलेल चलाना बंद करो, पत्थर चलाना बंद करो।

### सांसद निशिकांत दूबे की धमकी पर अमित शाह बतायें, नहीं तो हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे

श्री भट्टाचार्य ने कहा कि इस कार्यक्रम में भाजपा के एक सांसद निशिकांत दूबे भी शामिल थे। उन्होंने जिस तरह की भाषा का प्रयोग किया है, वह सीधे तौर पर संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करने जैसा है। लोकतांत्रित व्यवस्था को ध्वस्त करने जैसा है। निशिकांत कहते हैं कि 13 अप्रैल को लोकपाल के तहत मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया जाएगा। अब सवाल यह उठता है कि क्या लोकपाल इनके इशारे पर काम कर रहा है या फिर लोकपाल इन्हें जानकारी देकर काम करता है। निशिकांत दूबे ने दूसरी बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि चिंता न करें वे चुनाव आयोग पर दबाव डालकर लोकसभा के साथ ही विधानसभा का चुनाव करा देंगे। अब सवाल यह उठता है कि क्या चुनाव आयोग अमित शाह के इशारे पर काम रहा है या फिर चुनाव आयोग निशिकांत दूबे को जानकारी देकर काम करता है। देश के गृह मंत्री अमित शाह को बताना चाहिए कि निशिकांत दूबे को यह अधिकार किसने दिया। दीपक प्रकाश और बाबूलाल मरांडी को भी इस मामले में बोलना होगा। नहीं तो हम इसके खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

## निहत्थे भाजपाइयों पर पुलिस का लाठीचार्ज अलोकतांत्रिक : केके

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा है कि सीएम के इशारे पर निहत्थे कार्यकर्ताओं पर आंसु गैस के गोले छोड़े गये और लाठियां बरसायी गयी। श्री गुप्ता बुधवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाठी चार्ज के बाद सरकार का पुतला दहन किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करना वह भी प्रजातांत्रिक तरीके से गलत नहीं हो सकता है। पुलिस द्वारा जान बुझ कर निहत्थे कार्यकर्ताओं पर निर्ममता पूर्वक पिटाई की गयी, जिससे दर्जनों कार्यकर्त्ता घायल हुये। मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि राज्य सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन से डर गयी है। राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहु ने कहा कि जल, जंगल और जमीन यहां तक की खनिज और बालू कोयला को लूटने वाली सरकार जनाक्रोश को अब रोक नहीं पायेगी। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से बालमुकुंद सहाय, सुबोध सिंह गुडडू, काजल प्रधान, प्रतुल शाहदेव, किसलय तिवारी, सत्यनारायण सिंह, राकेश भास्कर, वरूण साहु, मुनचुन राय, बलराम सिंह, ललित ओझा, राजु सिंह, बसंत दास, जितेन्द्र वर्मा, ललिता ओझा, नीरज सिंह, रौशन शर्मा, संजय जयसवाल, अशोक बड़ाइक, सीमा सिंह, मुकेश सिंह, अनिता वर्मा, रोमित नारायण सिंह, कुमार उत्कर्ष, रामलगन राम, गोपाल सोनी, निशि जयसवाल, रेणुका मुर्मु, नीतू सिंह, सुजाता सिंह, दिव्या साहु, अर्चना सिंह, प्रीति सिन्हा, इंद्रजीत यादव, उमेश यादव, लक्ष्मी कुमारी, बबिता वर्मा, रणधीर सिंह आदि उपस्थित थे।

## भाजपा के लोग उन्माद फैला रहे, उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना जरूरी : बंधु तिर्की

**रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस की बैठक, जय भारत सत्याग्रह सभा की तैयारी पर हुई चर्चा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कांग्रेस भवन में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों और प्रखंड अध्यक्षों की बैठक आज जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी द्वारा अगामी 16 अप्रैल को आहूत जय भारत सत्याग्रह सभा की तैयारी एवं रणनीति पर चर्चा की गयी।

बैठक में कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जय भारत सत्याग्रह सभा को सफल बनाने के लिए जुट जायें। कार्यकताओं के सहयोग और मेहनत से ही कार्यक्रम सफल होगा। श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा के लोग उन्माद फैला रहे हैं, उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना है।

पार्टी के संगठन प्रभारी रविंद्र सिंह ने कहा कि जय भारत सत्याग्रह का समापन कार्यक्रम अच्छा होना चाहिए। वरिष्ठ नेता अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि राहुल गांधी हमारे सर्वमान्य नेता हैं। मोदी और शाह के साजिश के तहत राहुल गांधी को परेशान किया जा रहा है। आज इस संघर्ष के समय में हम सबको एक होकर देश के लिए लड़ना है और 16 अप्रैल के सत्याग्रह सभा को सफल बनाना है। राँची जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा यह बहुत ही संघर्ष की घड़ी है। अब यह समय आ गया है हम सभी संगठन के लोग कांग्रेस पार्टी के लिए ग्रासरूट तक संघर्ष करना करें। सभी जिला के पदाधिकारियों को एवं प्रखण्ड के लोगों को सभा की तैयारी में अपने अपने प्रखंड में लग जाना है। प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी शिव कुमार भगत ने कहा कि आज देश के अस्तित्व का सवाल है। हर संघर्ष में आप का साथ हो और हर प्रखण्ड में आप अपना दायित्व निभायें।

बैठक में बेलस तिर्की, पूर्व महापौर रमा खलखो, पार्टी प्रवक्ता डॉ इलियास मजीद, संजय कुमार, अर्चना मिश्रा, संजय सरैया, एनुल हक, रीता चौधरी, जफर इमाम, गुलजार अहमद, महताब आलम, रश्मि पिंगुआ, मीनू सिंह, मरियम लकड़ा ,चंदन बैठा, किशोर नायक, अजगुत महतो, संजर खान, साहबीर लोहरा, मनोहर महतो, रामकुमार महतो, अशोक गुप्ता, शिव नारायण महतो, नागेन्द्र गोस्वामी, विकास रजक आदि थे।

**खबर एक नजर में**

### लाठीचार्ज के विरोध में सरकार का पुतला फूंका



**रांची।** भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में नगड़ी मंडल भाजपा ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। मंगलवार को भाजपा का सचिवालय घेराव के दौरान लाठीचार्ज में दर्जनों भाजपाई घायल हुए थे। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य पंकज शाहदेव, केदार महतो, दौलत राम केशरी, चूड़ामणि महतो, विंध्याचल महतो, हिंदुआ उरांव, जयकिशन महतो, विजू महतो, नंदकिशोर महतो, अखिलेश केशरी, हेमंत केशरी, कुणाल शाहदेव, भोला महतो, मुकेश महतो, विकास उरांव, निरंजन महतो, भोला महतो, अरविंद केशरी, मनीष केशरी, दीपक केशरी, साजन मुंडा, संजय मुंडा, लच्छु उरांव सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

### आरयू के साइंस फैकेल्टी के 54 पीएचडी और 3 डीएससी के रिसर्च प्रस्ताव स्वीकृत

**रांची।** रांची विवि के साइंस फैक्लटी के पीजी रिसर्च काउंसिल की बैठक में पीएचडी के 54 तथा डीएससी के 3 प्रस्तावों पर विचार किया गया तथा आवश्यक संशोधनों के साथ सहमति प्रदान की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा ने की। बैठक में प्रति कुलपति डॉक्टर ए के सिन्हा, सांइस डीन प्रो कुलुन कांदिर, कुल सचिव डॉक्टर मुकुंद चंद मेहता, डॉ. आशीष झा, उप कुल सचिव डॉक्टर प्रीतम कुमार, सारे विभाग के विभागाध्यक्ष व अन्य शिक्षक सम्मिलित थे।

### राजद के झारखंड प्रभारी जेएन यादव पहुंचे रांची

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण (जेएन यादव) बुधवार को रांची पहंचे। रांची पहुंचने पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट पर उनका जोरदार स्वागत किया। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि जयप्रकाश नारायण 13 अप्रैल को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित दावत ए इफ्तार पार्टी में शामिल होंगे। एयरपोर्ट पर स्वागत करनेवालों में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह, युवा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, कमलेश यादव, अंजल किशोर सिंह, अरुण देव, प्रशांत किशोर, इरफान अंसारी, विशु विशाल, बिनोद यादव, शहनाज खातून, अनिल शर्मा, अरशद अंसारी सहित कई नेता व कार्यकर्ता शामिल थए।

### हाइकोर्ट ने हाउसिंग बोर्ड के आवासों और जमीन पर अवैध कब्जा की मांगी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाउसिंग बोर्ड के आवासों और जमीन पर अवैध कब्जा की रिपोर्ट मांगी है। बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने दो सप्ताह में सभी जानकारी शपथपत्र के माध्यम से देने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने हाउसिंग बोर्ड से पूछा है कि कितने भूखंड को व्यावसायिक बना कर बेचा गया है। कितने घरों में अवैध कब्जा है। इस संबंध में सुनील चौधरी ने जनहित याचिका दायर की है। याचिका में हाउसिंग बोर्ड के उस आदेश को चुनौती दी गयी है, जिसमें कहा गया है कि आवास बोर्ड के घरों में अवैध रूप से रहने वालों को नियमित किया जाएगा।

### टीएसपीसी एरिया कमांडर नथुनी सिंह को बेल देने से हाइकोर्ट का इनकार

**रांची।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के लातेहार एरिया कमांडर नथुनी जी उर्फ नथुनी सिंह की जमानत अर्जी परहाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। बहस के बाद अदालत ने नथुनी सिंह की जमानत याचिका खारिज करते हुए उसे बेल देने से इनकार कर दिया। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता सतीश प्रसाद और अधिवक्ता अनुराधा सहाय ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए अदालत को बताया कि नथुनी सिंह पर गंभीर प्रकृति के 6 केस दर्ज हैं। सभी केस एक ही तरह के हैं। इसलिए उसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

**वर्ष 2022 में कांड संख्या 164 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई :** मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस सुभाष चांद की अदालत में नथुनी सिंह की याचिका पर हुई। दरअसल, लातेहार जिले के लातेहार थाना में वर्ष 2022 में कांड संख्या 164 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी के पास से अत्याधुनिक एके-47 हथियार बरामद होने के बाद प्राथमिकी में आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए (क्रिमिनल लॉ एमेंडमेंट) की धारा लगाई गई है। इसी केस में नथुनी सिंह ने जमानत याचिका दाखिल की है।

## आतिथ्य क्षेत्र के विकास के लिए कौशल व ज्ञान का करें उपयोग : राज्यपाल

**इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन, रांची की ग्रेजुएशन सेरेमनी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन, रांची ने बुधवार को दूसरा ग्रेजुएशन सेरेमनी मनाया। इस दौरान 2020-23 बैच के 35 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गयी। सभी 35 स्टूडेंट्स को ज्वाइनिंग लेटर भी दिया गया। प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने बताया कि रांची आईएचएम का यह दूसरा साल है जब सभी स्टूडेंट्स को जॉब मिला है।

ग्रेजुएशन सेरेमनी के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आपने कड़ी मेहनत, समर्पण एवं अध्ययन की बदौलत अपनी डिग्री अर्जित की है। वह निश्चित रूप से आपकी पेशेवर यात्रा में सहायक होगी।

उन्होंने छात्रों से आग्रह करते हुए कहा कि वे हमारे राज्य और देश में आतिथ्य क्षेत्र के विकास के लिए अपने कौशल और ज्ञान का उपयोग करें। आतिथ्य हमारी अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, इसका विकास और सफलता आपके महत्वपूर्ण योगदान पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि अपने करियर की शुरूआत करते समय याद रखें कि आप न केवल अपना प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, बल्कि आईएचएम रांची और हमारे झारखंड का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आप हमारे आतिथ्य के ब्राण्ड एम्बेसडर हैं।

इस संस्थान को 2021 में मोस्ट अद्मिरेड होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। यह वर्ष 2022 में होनहार संस्थानों श्रेणी में सरकारी होटल प्रबंधन संस्थानों में नंबर एक स्थान पर रहा। वर्ष 2023 में यह शीर्ष होटल प्रबंधन संस्थानों में सूचीबद्ध है। उल्लेखनीय उपलब्धि में से एक इंटरनेशनल मिलेट ईयर-2023 को बढ़ावा देने के लिए झारखंड में स्थानीय "मडुआ चिल्का" के क्षेत्र इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स की सूची में दर्ज होना है।

**नवनियुक्त सीएचओ का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू**

## झारखंड में आयुष के क्षेत्र में तेजी से हो रहा विकास : अरुण कुमार सिंह

**राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत अब तक 485 सीएचओ की नियुक्ति**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धुर्वा स्थित राजकीय गव्य एवं मतस्य निदेशालय के सभागार में नवनियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों के चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह ने किया। मौके पर एसीएस ने कहा कि लंबे समय तक आयुष विभाग उपेक्षित था। केंद्र सरकार द्वारा जो भी राशि इसके विकास के लिए दी जाती थी, वह पड़ी रह जाती थी लेकिन अब तेजी से आयुष के क्षेत्र में काम हो रहा है। निश्चित रूप से राज्य का स्थान देश के मानचित्र पर ऊपर होगा। वर्षों से आयुष प्रक्षेत्र में चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग प्रयत्नशील है। शीघ्र ही उनकी नियुक्ति कर ली जायेगी। समारोह में राजीव कुमार, दिवाकर चंद्र झा, सच्चिदानंद सिंह, अशोक पासवान, मुकुल कुमार दीक्षित मौजूद थे।

**अगले चरण में 160 सीएचओ की होगी नियुक्ति :** अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत 485 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों की नियुक्ति संविदा के आधार पर की जा चुकी है। रिक्तियों के बावजूद अभ्यर्थी नहीं मिल रहे हैं। अगले चरण में लगभग 160 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की जानी है। यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इन स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारियों को राज्य के हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में प्रतिनियुक्त किया जायगा।

**आयुष का स्वर्णिम काल : डॉ फजलुस समी**

आयुष निदेशक डॉ फजलुस समी के कहा कि यह आयुष का स्वर्णिम काल है। पहले जहां आयुष के लिए 9 करोड़ रुपए मिलते थे, वहीं अब 258 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। युद्ध स्तर पर कार्य संपादित किये जा रहे हैं। बताया कि यह आवासीय प्रशिक्षण सत्र 13 से 16 अप्रैल तक चलेगा।

## रांची से गिरिडीह के बीच जल्द दौड़ेगी नयी एक्सप्रेस ट्रेन,समय सारिणी जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची से गिरिडीह के बीच नई ट्रेन का संचालन जल्द शुरू होगा। इस ट्रेन को रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस नाम दिया गया है। इसका परिचालन हर दिन होगा। अभी तक की तैयारी के मुताबिक यह ट्रेन सुबह 6.10 बजे रांची रेलवे स्टेशन से खुलेगी और दोपहर 13.10 (1 बजकर 10 मिनट) पर न्यू गिरिडीह स्टेशन पहुंचेगी। गिरिडीह पहुंचने के 50 मिनट के भीतर यानी दोपहर 2 बजे यह ट्रेन रांची के लिए रवाना हो जाएगी। रांची से न्यू गिरिडीह के बीच नई ट्रेन चलाने की जरूरत पर फोकस करते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने रेल मंत्रालय को प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव पर मंत्रालय ने अपनी मुहर लगा दी है। अब बस ट्रेन के चालू होने की तिथि का ऐलान होना बाकी है। नई ट्रेन के संचालन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस का टाइम टेबल :** यह एक्सप्रेस ट्रेन होगी। बहुत जल्द पटरी पर दौड़ेगी। रांची में सुबह 6.10 बजे खुलेगी। यह ट्रेन टाटीसिल्वे, बरकाकाना, कोडरमा होते हुए गिरिडीह जाएगी। इसके अलावा मेसरा, बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा और धनवार में इसका कॉमर्शियल स्टॉपेज रहेगा। इसमें स्लीपर के दो कोच के अलावा कुल 14 कोच की सुविधा होगी। बड़ी संख्या में लोग एक दिन में दो बार रांची से गिरिडीह के बीच अप-डाउन कर पाएंगे।

# शिक्षकों के वेतन विसंगति से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो : कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ ने सरकार से वर्षों से चली आ रही शिक्षकों के वेतन विसंगति से संबंधित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की है। संघ के प्रधान सचिव सह प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन कुमार ने कहा कि वर्ष 2013 में तत्कालीन सरकार (हेमंत सरकार) के द्वारा उत्क्रमित वेतनमान दिया गया था। इसे बाद की रघुबर सरकार के द्वारा वापस लिया गया था। उसे (उत्क्रमित वेतनमान) पुनः बहाल किया जाये, क्योंकि शिक्षकों के समकक्ष वेतनमान के सचिवालय कर्मियों को इसका लाभ दिया जा रहा है। इसलिए राज्य के शिक्षकों को भी उत्क्रमित वेतनमान दिया जाये।

**प्राथमिक शिक्षकों के वेतनमान में भी व्यापक विसंगतियां :** प्राथमिक शिक्षकों के वेतनमान में भी व्यापक विसंगतियां हैं। एक ही बैच व योग्यता के शिक्षकों के वेतन में अंतर व्याप्त है, जिसे कि शीघ्र दूर किया जाये। वर्षों से शिक्षकों की प्रोन्नति लंबित है और अनेकों शिक्षकों को पूर्व में दी गई प्रोन्नति के वेतनमान में अंतर व त्रूटिगत फिक्सेशन है जिसे ठीक किया जाये। शिक्षकों को 12 वर्ष के अंतर पर दी जानेवाली कालबद्ध प्रोन्नति की समयावधि 10, 20, 30 वर्ष की जाये और यह समयबद्ध ससमय दी जाये। श्री कुमार ने कहा कि अधिकारियों के अड़ियल रवैये के कारण स्कूली शिक्षा सचिव के आदेश के बावजूद शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

# सीबीएसइ स्कूलों में 6 से 8वीं के छात्रों के लिए 33 स्किल मॉड्यूल की शुरुआत

## विद्यार्थियों में कौशल विकास बढ़ाने को लाया गया स्किल मॉड्यूल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) की ओर से छठी से 8वीं तक के विद्यार्थियों में कौशल विकास को बढ़ाने के उद्देश्य से 33 स्किल मॉड्यूल शुरू किया गया है। डीपीएस के प्राचार्य सह सीबीएसइ के सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ राम सिंह ने बताया कि 12-15 घंटे की समयावधि वाले ये मॉड्यूल सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी कक्षाओं में शुरू किये गये कौशल विषयों के अनुरूप हैं।

सीबीएसइ बोर्ड ने इन माड्यूल को स्कूलों को बैगलेस डे, शीतकालीन अवकाश, शरद अवकाश, ग्रीष्म अवकाश, समर कैंप अथवा एक्टिविटी पीरियड के समय इन्हें शुरू करने के लिए कहा है। दरअसल, सीबीएसइ के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्कूलों में कौशल शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।


बोर्ड ने कौशल मॉड्यूल के संबंध में स्कूलों से अनुरोध किया है कि वे 33 में से कुछ कौशल मॉड्यूल का चयन करें, जो कि छात्रों की मांग के अनुरूप हों। मॉड्यूल 70 फीसदी व्यावहारिक गतिविधियों व 30 फीसदी थ्योरी पर फोकस होना चाहिए। इन मॉड्यूल को हॉबी क्लबों, इनोवेशन क्लब, कौशल क्लब के माध्यम से शुरू कर सकते हैं। इन मॉड्यूल का मूल्यांकन सीबीएसइ की ओर से उपलब्ध करायी जाने वाली गाइडलाइंस से होगा। स्किल मॉड्यूल को शुरू करने के लिए किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जायेगा। जो विद्यालय इन मॉड्यूल को शुरू करना चाहते हैं, उन्हें सीबीएसइ के लिंक पर जानकारी देनी होगी। इन स्किल मॉड्यूल से संबंधित स्टडी मटेरियल सीबीएसइ के आधिकारिक वेबसाइट के स्किल एजुकेशन वेबपेज पर उपलब्ध हैं।

### ये हैं स्किल मॉड्यूल

**आर्टिफिशल** इंटेलिजेंस, ब्यूटी एंड वेलनेस, डिजाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन, फाइनेंशियल लिटरेसी, हैंडीक्रॉफ्ट, इंफोर्मेशन टेक्नॉलॉजी, मार्केटिंग-कमर्शियल ऐप्लिकेशन, मास मीडिया, ट्रेवल एंड टूरिज्म, कोडिंग, डाटा साइंस, डिजिटल सिटीजनशिप, लाइफ साइकिल ऑफ मेडिसन एंड वैक्सीन, ह्यूमेनिटी एंड कोविड-19, फूड संरक्षण, हर्बल हेरिटेज, कश्मीरी कढ़ाई, सैटेलाइट, एप्लीकेशन ऑफ सैटेलाइट आदि शामिल है।

# रमजान मुबारक

### जिक्र-ए-अली एक इबादत : मौलाना तहजीबुल हसन



**रांची।** पैगंबर मोहम्मद (स.) के दामाद हजरत अली की शहादत पर अंसार नगर स्थित मस्जिद-ए-जाफरिया में बुधवार को गम-ए-मजलिस के तीसरे दिन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस तीसरी मजलिस को खिताब करते हुए हुए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के अध्यक्ष, खतीब व इमाम मस्जिद जाफरिया रांची तथा मेंबर हज कमेटी झारखंड हजरत मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि ए लोगो ज़िक्र-ए-अली करना इबादत है। पैगंबर मोहम्मद (स.) ने कहा कि अपनी मजलिसों को खूबसूरत बनाओ जिक्र अली से, क्योंकि जिक्र-ए-अली करना इबादत है। जिसका जिक्र करना इबादत हो उसका व्यक्तित्व कैसा होगा? मौलाना तहजीबुल हसन ने कहा कि जमाने में अगर सच्चाई के साथ जीना है, तो अली की राह पर चलना सीखो। मौला अली ने कहा कि जो सच्चाई के साथ रहता है, उसे कभी भी अपमानित नहीं किया जा सकता है। अली का हत्यारा (कातिल) यह सोच रहा था कि अली को मारने के बाद कोई अली का नाम नहीं लेगा। जिक्र-ए-अली खत्म हो जायेगा। लेकिन, अली की शहादत के बाद जमाने में अली का जिक्र आम हो गया। मोहम्मद (स.) दुनिया में किसी के भाई नहीं हैं, लेकिन हजरत अली वह शख्स हैं, जिन्हें पैगंबर मोहम्मद (सल्ल) ने अपना भाई बनाया। आप सभी को पता होना चाहिए कि शहादत के बाद मौत नहीं, जिंदगी है। आज से चौदह सौ साल पहले, हजरत अली पर कातिल अब्दुर रहमान ने हमला किया था, जब वह मस्जिद कुफा में नमाज पढ़ रहे थे। उनकी शहादत रमजान की 21 तारीख को हुई। शहादत अली की याद में पूरी दुनिया में मातम मनाया जाता है। मजलिस के बाद हजरत अली का ताबूत निकाला गया। या अली, मौला अली की सदाओं से पूरा जाफरिया मस्जिद परिसर गूंज उठा। तीन दिवसीय मजलिस-ए-गम का आयोजन सैयद मेहदी इमाम व जफरुल-हसन ने किया। मजलिस की शुरुआत मौलाना बाकर रजा दानिश द्वारा कुरआन की तिलावत से हुई। सोज ख्वानी सैयद अत्ता इमाम रिजवी, पेश ख्वानी कासिम अली, सैयद नेहाल हुसैन, हसनैन, अमूद अब्बास, कमर बिलग्रामी ने पेश किया। मौके पर हाजी इकबाल हुसैन, सैयद मेंहदी इमाम, अशरफ हुसैन, इब्राहिम, एसएम अब्बास, जावेद हैदर, अली हसन फातेमी, इकबाल फातेमी, सैयद हसनैन जैदी, सैयद फराज अब्बास, सैयद समर अली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। बाद मजलिस मातम व नोहा खानी हुई।

### रमजान के पाक महीने में रोजा रखने की बहुत सारी फजीलत है : मो फैयाज



**रांची।** रमजान का पाक महीना मुसलमानों के लिए खास मायने रखता है। इस महीने में रोजा रखने के बहुत सारे फजीलत हैं। यह महीना संयम और समर्पण के साथ अल्लाह की इबादत का पाक महीना है। डोरंडा के सामाजिक कार्यकर्ता तथा झामुमो नेता मो फैयाज मुन्ना ने इस जानकारी के साथ मुसलमानों के जीवन में रमजान की अहमियत का जिक्र किया। कहा कि ईमान के पक्के हर इंसान रमजान के इस महीने में अपनी रूह को पाकीजा रखने के साथ अपनी दुनियादारी की हर हरकत को पूरी तत्परता के साथ वश में रखते हुए सिर्फ अल्लाह की इबादत में समर्पित हो जाता है। अल्लाह ने इंसान को पैदा किया है, इसलिए रमजान के महीने में रोजा के जरिये त्याग और जरूरतमंदों की सेवा के लिए यथासंभव अपनी ओर से हर संभव प्रयास इंसान का फर्ज बन जाता है। इसलिए तकवा लाने के लिए पूरे रमजान महीने में रोजे रखे जाते हैं। रोजा सिर्फ भूखे प्यासे रहने का नहीं, बल्कि हमदर्दी का भी नाम है। इसलामिक नजरिये से रोजेदार अल्लाह के बहुत नजदीकी और कीमती होते है। यही वजह है कि सारे नियमों के साथ रोजा रखने से उनके बड़े-बड़े गुनाहों को भी माफ कर दिया जाता है। मो फैयाज मुन्ना कहते हैं- खुशनसीब हैं वे लोग जिन्हें रोजा रखने का मौका मिला।

### रमजान में हर इंसान के साथ नि:स्वार्थ मोहब्बत व गरीबों को मदद पहुंचाना ही रोजे की इबादत : गुलाम मुस्तफा



**रांची।** इंसान और इंसानियत के साथ नि:स्वार्थ मोहब्बत, अपने परिवार, समाज, देश व देशवासियों के प्रति जिम्मेवारियां निभाने तथा गरीब, जरूरतमंदों को मदद करने का नाम है रोजा। रमजान के पवित्र महीने में रोजे में कुल तीन अशरा होते है। प्रत्येक अशरा दस दिन का होता है। इसमें पहला अशरा रहमत का, दूसरा मगफिरत का और तीसरा जहन्नम के आग का अशरा होता है। भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने रमजान के महीने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पड़ोसियों का ख्याल रखना, उनकी जरूरतों में अपनी ओर से यथासंभव उनका सहयोग करना भी रोजे की इबादत है। गुलाम मुस्तफा ने कहा कि रमजान के महीने में संयम और सहनशीलता के साथ जीने, फिजूलखर्ची से परहेज करने, किसी के प्रति गिला शिकवा न करने तथा अपने नफ्स पर कंट्रोल करने का खास हुक्म है। गुलाम मुस्तफा ने बताया कि रमजान के इस महीने में रोजा का मतलब सिर्फ भूखे-प्यासे रह कर नमाज पढ़ना ही इबादत नहीं है, बल्कि इसके साथ कई एक जिम्मेवारियां भी लागू होती हैं। आप अच्छा गरिष्ठ भोजन ग्रहण कर रहे हैं और आपके पड़ोसी भूखे हैं, तो आपका रोजा नहीं फलेगा। इसलिए अपने पड़ोसी, मुहल्ले व समाज के जरुरतमंदों के प्रति भी आपकी जवाबदेही व सामाजिक जिम्मेवारी है। आप अपनी सलाहियत के अनुसार अपने पड़ोसी, मुहल्ले व समाज के गरीब, लाचार, बीमार के लिए यथासंभव सहयोग करें। साथ ही, अल्लाह पाक का इस बात के लिए शुक्रिया अता करें कि इस वर्ष उनके फजल से आप अबतक सही तरके से रोजा रखने में कामयाब है। साथ ही, दुआ करें कि आने वाले साल के रमजान में भी रोजा रखने का सामर्थ्य प्रदान हो।

# डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने मनाया पोइला बैशाख

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) ने बुघवार को आइएमए हॉल में भव्य पोइला बोइसाख कार्यक्रम का आयोजन किया। बंगाली थीम के अनुसार हॉल की सुरुचिपूर्ण सजावट की गई। सदस्यों का स्वागत अध्यक्ष सीमा महेश्वरी ने किया। फाउंडर एंड को चेयरपर्सन झूमा सरकार ने इस नववर्ष के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आईएमए अध्यक्ष डॉ काजल चौधरी एवं सचिव डॉ पंकज बोदरा को पौधा देकर स्वागत किया गया। मौके पर उन्होंने हमारे दवा को आईएमए परिसर में एक कमरा देने का आश्वासन दिया।

ऑर्गेनाइजिंग टीम के परिचय के बाद सदस्यों ने मनमोहक स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए। बांग्ला परिधान में किशोरियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। रविंद्र संगीत के साथ-साथ सिंथेसाइजर पर भी सदस्यों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का समापन सचिव मधु गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर किया।

कार्यक्रम में रिंकू बनर्जी, नंदिता गुप्ता, सुमिता कुमार, रीना शाह, वीणा साहू ,दीपा चौहान, देवयानी सन्याल, डॉ सुषमा सिन्हा, विभा सिंह, श्रीला चौधरी , बलाका राय, अंजना वर्णवाल, रश्मि कुमार, सुप्रिया ठाकुर, बिंदु प्रसाद, शालिनी गुप्ता, रेखा मिश्रा, आरती सिंह, डॉक्टर सोनी सिन्हा, उषा पांडे, अंजू सिंह, नीलम शेखर, डॉ रूही श्रीवास्तव, शिवानी साहू, सविता जारिका, नीता सहाय , श्वेता रंजन, अमृता वैद्य, मंजू खेतान, रंजना जैन, वेणु सिंह, वंदना ,अर्पिता मिश्रा, मुन्ना पाल, सुनीता सिन्हा, रिंकू चौधरी, पुष्पा ,देवस्मिता बासु ,रिद्धिमा मित्तल, संजुक्ता चौधरी, कमलेश मिद्धा,वंदना प्रसाद, निर्मला रमन, रेणु तिवारी, सम्पा चटर्जी, रश्मि सिन्हा, सुमन बरनवाल, इशिता पूनम, मोनीदीपा दासगुप्ता, डॉ रश्मि कुमारी, भारती झा ,मिथिलेश सिंहा, प्रियंका लांबा ,पुष्पलता, श्रावणी, संचिता मुखर्जी,सिंधु भदानी, विनीता सिन्हा, तनु, ब्यूटी बनर्जी, रश्मि बक्शी, कुमुद मोहन, पूर्णिमा लाल आदि शामिल थीं।

# शरीर, मन, भावना का संतुलन ही योग है : स्वामी अंतरानंद

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के योग एंड नेचरोपैथी विभाग द्वारा लाइफस्टाइल डिसऑर्डर्स : सॉल्यूशन विद योग एंड अल्टरनेटिव थेरेपी विषय पर आयोजित दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का विधिवत उद्घाटन बुधवार को मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी अंतरानंद जी महाराज, रांची विश्वविद्यालय के योग विभाग के पूर्व डायरेक्टर प्रो टुलु सरकार, प्रियदर्शी अमर, सुमित दुबे, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक, कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, मानविकी संकाय की डीन डॉ नीलिमा पाठक, योग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ नम्रता चौहान आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी अंतरानंद जी महाराज ने भारतीय संस्कृति की परंपराओं पर चर्चा करते हुए योग क्या है और लाइफ स्टाइल डिसआर्डर के बारे में विस्तृत जानकारियां साझा की।

स्वामी अंतरानंद जी महाराज ने कहा कि समस्या है, तो समाधान भी है। योग आत्मानुशासन का कारक है। अनुशासित जीवन शैली अपनाना योग का संदेश है। योग केवल शारीरिक अनुशीलन ही नहीं, यह हमारे आंतरिक मन, बुद्धि और आत्मा के अनुशासन का कारक भी है। उन्होंने कहा कि शरीर, मन, भावना का संतुलन ही योग है। उन्होंने कहा कि चित्त, चिंतन पर नियंत्रण करते हुए प्रकृति के अनुसार जीवन शैली अपनाये जाने की आवश्यकता है।

रांची विश्वविद्यालय के योग विभाग के पूर्व डायरेक्टर प्रो टुलु सरकार ने लाइफस्टाइल की चर्चा करते हुए जीवन व जीवन के उद्देश्य तथा शरीर के महत्व की चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारा शरीर प्रकृति का अनुपम व अद्वितीय उपहार है। इसका ऑटोमेटिक मेंटेनेंस करने की व्यवस्था की हुई है। उन्होंने कहा कि आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हमारा जीवन शैली अव्यवस्थित हो गयी है। इससे व्यावहारिक जीवन में कई प्रकार की शारीरिक समस्याएं एवं मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हमने हमारे बीमारियों को स्वयं आमंत्रित किया है।

# धातु और खनन उद्योग में क्षमता निर्माण को डिजिटल एचआर पर संगोष्ठी शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल-सीआइएल), मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड (एमओआइएल), जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआइएसएस) और नेशनल एचआरडी नेटवर्क, रांची चैप्टर के साझा सहयोग से सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआइ) में बुधवार को धातु और खनन उद्योग में क्षमता निर्माण के लिए डिजिटल एचआर पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत हुई। संगोष्ठी का उद्घाटन एमटीआइ सभागार में गण्यमान्य अतिथियों की उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ हुआ। उसके उपरांत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर एक संगोष्ठी स्मारिका का विमोचन भी किया गया। संगोष्ठी का समापन गुरुवार (13 अप्रैल) को होगा।

अपने स्वागत संबोधन में डॉ. जोसफ मरिंउस कुजूर, निदेशक, एक्सआइएसएस ने समय एवं लागत को कम करने, कार्मिकों की व्यस्तता बढाने, सुरक्षा में सुधार करने तथा प्रतिभा को आकर्षित करने तथा उनको आहरित करने पर बल दिया। संजीव कुमार, का.नि. (मासंवि) तथा अध्यक्ष, नेशनल एचआरडी नेटवर्क, रांची चैप्टर ने मानव संसाधन विकास में ऐनालिटिक्स की प्रमुखता तथा कोबोट्स के साथ सहयोग पर बल दिया तथा सभी गण्यमान्य अतिथियों तथा प्रतिनिधियों का स्वागत किया। सुश्री अत्रई सान्याल, उपाध्यक्ष (मासंप्र), टाटा स्टील ने उत्पादकता, इंडस्ट्री 4.0 व निगमित सामाजिक दायित्व पर प्रकाश डाला और टाटा स्टील में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर चर्चा की। केके सिंह, निदेशक (कार्मिक), सेल ने कार्मिकों की व्यस्तता तथा इंडस्ट्री 4.0 में भारत के नेतृत्त्व पर बल दिया। पीपी चक्रबर्ती, प्रोफेसर, आइआइटी, खड़गपुर ने एआइ की महत्ता, मानव संसाधन को कार्य करने तथा संबंध बनाने पर जोर दिया। प्रो राजीव शेखर, निदेशक, आइआइटी (आइएसएम), धनबाद ने सॉफ्टवेयर की महत्ता तथा एलाय डिजाइन एवं वाइट कॉलर कामगारों के विकास पर विशेष ध्यान देने को कहा। एम मनिवनन, आइआइटी, मद्रास ने मेटल एवं माइनिंग तकनीकों के लिए ग्रैंड एक्सआर कॉरिडोर तथा इंडस्ट्री 5.0 पर चर्चा की। एके सक्सेना, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड ने श्रम शक्ति के प्रशिक्षण तत्पश्चात हो रहे परिवर्तन को अपनाने पर बल दिया।

नील अगरवाल, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन लीडर, स्नाइडर इलेक्ट्रिक ने डाटा मैपिंग के बारे में चर्चा की, जबकि सुधीर मद्दू, टैलेंट ट्रांसफॉर्मेशन, आइबीएम ने मानव संसाधन विकास के लिए दस आवश्यक पहलुओं पर चर्चा की। अपराह्न में आयोजित किये गये तकनीकी सत्रों में मेटल एवं माइनिंग उद्योग के लिए इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, डिजिटल युग में नेतृत्त्व को पुनर्परिभाषित करने तथा लीन एवं एजाइल संगठन पर व्यापक विचार विमर्श किया गया।

# ट्रेड सर्टिफिकेट पर वाहन का परिचालन नहीं करें : डीटीओ

**रांची।** जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश के पर्यवेक्षण में मनिरतन मोटर्स (वोक्सवैगन) रांची की जांच की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) द्वारा व्यापार अनुज्ञप्ति सम्बन्धी कागजातों यथा, फार्म-19, स्टॉक पंजी एवं ट्रेड लाइसेन्स की जांच की गई। जांच के क्रम में शोरूम का सम्बन्धित पंजी अद्यतन एवं सही नहीं पाया गया। प्रायः ऐसा पाया जा रहा है कि सभी शोरूम द्वारा ट्रेड सर्टिफिकेट पर नियम के विरूद्ध अनाधिकृत रूप से मोटर वाहन अधिनियम 1988 के शर्तों का उल्लंघन कर मनमाने ढंग से वाहन का परिचालन किया जा रहा है। डीटीओ रांची प्रवीण प्रकाश द्वारा उक्त शोरूम सहित अन्य सभी शोरूम को पुनः भविष्य के लिए चेतावनी के साथ निर्देश दिया गया कि ट्रेड सर्टिफिकेट पर वाहन का परिचालन न करें एवं मोटर वाहन अधिनियम 1988 एवं व्यापार अनुज्ञप्ति शर्तों के अनुरूप सभी पंजी को अद्यतन कर लें।

# आइडियल नर्सिंग की छात्रा शीला जीएनएम परीक्षा में बनी स्टेट टॉपर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आइडियल स्कूल ऑफ नर्सिंग (आइएसओएन), दलादली की छात्रा शीला रानी महतो ने जीएनएम प्रथम सत्र 2022 की परीक्षा में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बंगाल के पुरुलिया जिले में पली-बढ़ी शीला ने बचपन में ही पिता का साया खो दिया था। उनकी मां ने आंगनबाड़ी स्तर पर काम कर के शीला को पढ़ाया-लिखाया। शीला ने अथक परिश्रम कर यह उपलब्धि हासिल की है और इसका श्रेय अपनी मां, कॉलेज के निदेशक, प्रिंसिपल और टीचर्स को देती हैं। वह आगे की परीक्षाओं के लिए खुद को तैयार कर रही हैं।

इस मौके पर आलम हॉस्पिटल में प्रेस को संबोधित करते हुए आइडियल स्कूल ऑफ नर्सिंग की निदेशक डॉ तरन्नुम ने छात्रवृत्ति से जुड़ी कई बातें बतायीं। प्रिंसिपल एंजेलिना ने भी अपनी खुशी जाहिर की और शीला रानी महतो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। झारखंड के प्रसिद्ध एवं वरिष्ठ सर्जन डॉ (प्रो) मजीद आलम भी मौके पर उपस्थित थे।

# गोल्ट कराट का प्रदर्शनी होटल बीएनआर चाणक्य में आज से

**रांची।** देश की प्रसिद्ध आभूषण कंपनी गोल्ट कराट के द्वारा स्टेशन रोड स्थित होटल बीएनआर चाणक्य में 13 -14 अप्रैल को दिन के 11 बजे से संध्या 8:00 बजे तक दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। रांची में गोल्ड कराट की सहयोगी वृन्दा सरावगी ने बताया कि गोल्ड कराट 32 वर्ष पुरानी कंपनी है एवं इनके द्वारा सोना, हीरा ए० अन्य रत्न जड़ित आभूषण प्रदर्शित किए जाएंगे। इस प्रदर्शनी में पोलकी एवं कुंदन नेकलेस, चांद वाली अंगूठी, ब्रेसलेट वगैरह प्रदर्शित किए जाएंगे। गोल्ड कराट द्वारा 11-12 अप्रैल को जमशेदपुर में सफलतापूर्वक प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगो ने शिरकत की। गोल्ड कराट प्रसिद्ध डिजाइनर रितू मोदी एवं गोरिका मोदी का उपक्रम है जिसमें ध्रुव एव गोरिका ने न्यूयार्क से रत्नों के विषय में पढाई की है।

# अक्षय तृतीया पर होगा विष्णु सहस्त्र अर्चन

## रांची के बोड़ेया के मदन मोहन मंदिर में 22 अप्रैल को होगा आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अक्षय तृतीया के दिन राजधानी रांची के बोड़ेया में स्थित श्री मदन मोहन मंदिर का स्थापना दिवस 22 अप्रैल को बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दिन यहां आचार्य अजय कुमार मिश्रा समेत पांच ब्राहणों के द्वारा विष्णु सहस्त्र अर्चन होगा। संपूर्ण आयोजन से पहले बुधवार को बोड़ेया में एक आवश्यक बैठक के बाद नयी कमेटी का गठन किया गया।

श्री मदन मोहन मंदिर के सचिव मनोज तिवारी ने बताया कि बुधवार को श्री मदन मोहन मंदिर प्रबंध समिति की आवश्यक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राकेश नारायण तिवारी ने की। बैठक में मंदिर प्रबंध समिति के दिवंगत अध्यक्ष चंद्रभूषण नारायण तिवारी को श्रद्धांजलि दी गयी। 23 मार्च 2023 को उनका निधन हो गया था।

यही वजह है कि कमेटी की बैठक में मंदिर प्रबंध समिति का पुनर्गठन किया गया। रवि भूषण नारायण तिवारी, कन्हैया नारायण तिवारी और गोविंद नारायण तिवारी को संरक्षक चुना गया। सुधांशु नारायण तिवारी श्री मदन मोहन मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष, विनय नारायण तिवारी और राकेश नारायण तिवारी उपाध्यक्ष, मनोज तिवारी सचिव, मुरारी नारायण तिवारी सह-सहचिव, गोपाल नारायण तिवारी कोषाध्यक्ष और अभय नारायण तिवारी सह-कोषाध्यक्ष चुने गये। अजय कुमार मिश्रा को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। 5 लोगों को कार्यकारिणी समिति का सदस्य नियुक्त किया गया। जिन लोगों को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया है, उनमें रामजीवन नारायण तिवारी, मनोहर नारायण तिवारी, प्रेम तिवारी, विकास नारायण तिवारी और नीतीश नारायण तिवारी शामिल हैं। बैठक के बाद प्रवक्ता अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि अक्षय तृतीया के दिन मंदिर स्थापना दिवस का भव्यआयोजन किया जायेगा। 22 अप्रैल 2023 को मंदिर स्थापना दिवस मनाया जायेगा। इसके तहत दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक धार्मिक अनुष्ठान होंगे। विष्णु सहस्त्र अर्चन का भी आयोजन होगा। फिर शाम को 7 बजे पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा। रात के 8 बजे प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

## खबर एक नजर में

### 30 अप्रैल का यादव सम्मेलन ऐतिहासिक होगा



**रांची।** वाई बीएन स्कूल धुर्वा में बुधवार को श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज झारखंड की महत्वपूर्ण बैठक परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि 30 अप्रैल को आयोजित होने वाले यादव महासम्मेलन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए 50 सदस्यीय आयोजन समिति का गठन किया जाएगा तथा संगठन का विस्तार किया जाएगा। इसके अलावा जनजागरण अभियान चलाकर क्षेत्रवार प्रचार प्रसार किया जाएगा। आयोजन कमिटी एवं नुक्कड़ सभा कार्यक्रम करने के लिए टीमों की घोषणा 15 व 23 अप्रैल को होने वाली बैठक में की जाएगी जो हटिया रेलवे कॉलोनी हनुमान मंदिर के मैदान में होगी। उपस्थित लोगो में अनीता यादव, रंजन यादव पार्षद उर्मिला यादव,कमलेश यादव, सुरेश गोप,देवबिहारी यादव,गौरीशंकर यादव, बबन यादव,सनी यादव,सुबोध यादव, सुधीर गोप, भागमनी यादव, मैनेजर राय,उदय यादव,विद्याभूषण राय, सुनील यादव,शंकर यादव,उत्कर्ष यादव,अभिषेक यादव,कुंदन यादव, भीम यादव सहित कई लोग शामिल थे।

### रेंसी सुनील किस्पोट्टा का रांची एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत



**रांची।** झारखंड के वरिष्ठ कराटे प्रशिक्षक एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोष्टा को शिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल इंडियन के द्वारा झारखंड राज्य प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने के बाद रांची वापसी पर रांची एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया तथा उन्हें बधाईयां दी गयी। इमा के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोष्टा व कराटे खिलाड़ियों ने फूल माला से किया उनका स्वागत और नए पद व जिम्मेवारी के लिए दी बधाईयां। बताते चलें 11 अप्रैल को शिकोकई के दिल्ली स्थित मुख्यालय में शिकोकई के भारत प्रमुख हांशी भरत शर्मा एवं कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष सह शिकोकई के उपाध्यक्ष सिहान विजय कांत तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से इन्हें यह पद प्रदान किया गया। स्वागत करने वालों में इमा के अध्यक्ष के साथ सचिव मोहिनी रितिका टोप्पो, राकेश तिर्की, प्रतिभा तिग्गा, आरती टोप्पो, रितिका तिग्गा, दीपशिखा तिग्गा, निशा तिर्की आदि शामिल थीं।

स्पीड न्यूज

## बजरंग दल ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरगांव।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल पिठोरिया खंड ने बुधवार को झारखंड के राज्यपाल के नाम कांके बीडीओ शीलवंत कुमार भट्ट को ज्ञापन सौंपा। विहिप के पिठोरिया खंड अध्यक्ष लाल रणविजय शाहदेव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने ज्ञापन में जमशेदपुर में हुए घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग राज्यपाल से की है। साथ ही ज्ञापन में प्रशासन द्वारा साजिश के तहत एक विशेष समुदाय के लोगों को जेल भेजने की जांच करते हुए उन्हें रिहा करने की मांग की गयी है। मौके पर प्रखंड मंत्री अनिल महतो, प्रखंड संयोजक विजयनाथ महतो, अर्जुन महतो, भवानी शंकर सिंह, जगलाल महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## शिव बारात में भूत-पिशाच और भोक्ता के वेश में पहुंचे शिवभक्त

**तमाड़।** पंचपरगना के ऐतिहासिक पर्व कोका पर बुधवार को तमाड़ में विशाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में शिवभक्तों ने शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट किया। बुजुर्ग कहते हैं कि मेले में आए हजारों शिवभक्त शिव के बराती कहलाते हैं, यही शिवभक्त भूत-पिचाश का रूप धारण कर ढोल-नगाड़ा बजाकर मेले में आए लोगों का मनोरंजन करते हैं। भोक्ताओं ने गुलाईची फूल से अपना श्रृंगार कर शिव की बराती में शामिल हुए। मेले में सर्वश्रेष्ठ वेश-भूषा से प्रदर्शन करने वाले कोका को नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। मेले में हजारों की संख्या में मेला प्रेमी उपस्थित थे।

## कोल इंडिया एससी, एसटी इंप्लाइज एसोसियेशन सिस्टा की बैठक

**पिपरवार।** बचरा श्रमिक क्लब में बुधवार को कोल इंडिया एससी/एसटी इम्प्लाइज एसोसियेशन सिस्टा की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कामेश्वर राम ने किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से 13 अप्रैल की संध्या 3 बजे से विशाल शोभा यात्रा निकाले जाने सहित 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से कामेश्वर राम, बाबूलाल राम, कौशल प्रसाद, राज कुमार, गणेश राम, हिमांशु चटर, देवेंद्र मलिक, बसंत कुमार, टिकेश्वर ठाकुर, संतोष राम, नागेश्वर राम, बिनोद कुमार, गंगा राम, दीपक कुमार राम, समाजसेवी गीता एक्का, वार्ड सदस्य किरण देवी, मुंशी राम, जेम्स उरांव, बासुदेव प्रजापति, जगदीश गंझु ,संजय साव, जुगेश उरांव, टिकेश्वर ठाकुर ,तीरथ पासवान, ललिंद्र कुमार, गणेश रविदास, सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला मौन जुलूस

**सोनाहातू।** भाजपा सोनाहातू मंडल के कार्यकताओं ने सचिवालय घेराव के दौरान लाठी चार्ज के विरोध में जामुदाग गांव में मौन जुलूस निकाला। प्रदेश एवं जिला कमिटी के निदेर्शानुसार मंडल के कार्यकताओं ने काला दिवस मनाते हुये मौन जुलूस निकाला। मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री इंद्रजीत महतो, मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोईरी, मंडल महामंत्री परीक्षित मंडल, ओबीसी मंडल अध्यक्ष खगेश कुमार महतो, गौर सिंह मुंडा, देवछत्तर महतो, देवनाथ महतो, बावरी सिंह मुंडा, मंजन सिंह, आदि मौजूद थे। इधर बारेंदा मंडल में कार्यकताओं ने लाठीचार्ज के विरोध में बारेंदा चौक में बारेंदा मंडल अध्यक्ष मनोज महतो के नेतृत्व में पुतला दहन किया।

## बैंक ऑफ इंडिया में कई दिनों से लिंक फेल, लोग परेशान

**पिठोरिया।** पिठोरिया बैंक ऑफ इंडिया में लिंक फेल होने के कारण बैंक से कारोबार करने वालों ग्रहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि 20-25 दिन पहले से लिंक फेल है का पंपलेट बैंक के अंदर टांग दिया गया है। इससे कई लोगों को काफी परेशानी हो रही है। खासकर गरीब मजदूर वर्ग के अलावे बुजुर्गों को वृद्धा पेंशन का पैसा निकालने में काफी परेशानी हो रही है। बैंक के कर्मचारियों से पूछने पर बताया कि बैंक में स्टाफ का कमी है, जिसके कारण यह दिक्कत हो रही है। लिंक फेल का बोर्ड टंगा है उसके बारे में पूछने पर बैंक कर्मी ने बताया कि वह ऐसे ही टंगा हुआ है।

हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम का स्नातक समारोह

# राज्य के पारंपरिक व्यंजनों को विश्व स्तर की पहचान दिलाने में आइएचएम अव्वल : राज्यपाल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर।** ब्राम्बे स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में बुधवार को त्रिवर्षीय बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष का स्नातक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विशिष्ट अतिथि मांडर विधायक, शिल्पी नेहा तिर्की एवं निदेशक पर्यटन, अंजली यादव उपस्थित हुए। स्नातक समारोह की शुरूआत अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलन किया गया। वहीं छात्रों ने गणेश वंदना तथा झारखंड राज्य के लोक नृत्य से अतिथियों की स्वागत की गई। तत्पश्चात बीएससी पाठ्यक्रम, बैच 2020-23 के सभी छात्रों को उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं देश विदेश के विभिन्न होटलों आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित होने पर नियुक्ति पत्र प्रदान की गई। साथ हीं पूरे पाठ्यक्रम के दौरान उपस्थिति, शैक्षणिक परिणाम, पाठ्येतर गतिविधि, व्यवहार में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभा टोप्पो को वर्ष 2023 की स्टूडेंट ऑफ द ईयर चुना गया। जिसे गोल्ड मेडल एवं 5000 रुपये चेक से सम्मानित भी किया गया।

मुख्य अतिथि राज्यपाल ने आईएचएम की सराहना करते हुए कहा संस्थान अपनी स्थापना के चार वर्षों के भीतर ही 2021 में 'मोस्ट एडमायर्ड होटल मैनेजमेंट ऑफ द ईयर, जीएचआरडीसी के रैंकिंग सर्वे 2022' में संस्थान को 'प्रॉमिसिंग होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट श्रेणी में भारत के सरकारी आईएचएम संस्थानों में प्रथम स्थान, वर्ष 2023 कंपटीशन सक्सेस रिव्यू के रैंकिंग में टॉप होटल मैनेजमेंट संस्थान में शामिल तथा झारखंड राज्य के पारंपरिक व्यंजनों को विश्व स्तर की पहचान दिलाने में आईएचएम रांची द्वारा 135 मडुआ छिलका आधे घंटे में बना कर 'इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स 2022' में स्थापित कीर्तिमान एवं लगातार दूसरे वर्ष संस्थान के छात्रों को शतप्रतिशत रोजगार प्रदान करने जैसे उपलब्धियां हासिल कर यह संस्थान मिल का पत्थर साबित हुआ है। यह संस्थान और झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग के लिए बहुत गर्व की बात है कि संस्थान लगातार दूसरे वर्षों में भी अपने सभी छात्रों को 100% प्लेसमेंट प्रदान करने में सक्षम रहा है।

विधायक ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई दी और कहा कि यह गर्व की बात है कि आईएचएम रांची ग्रामीण क्षेत्र में होने के बावजूद न केवल घरेलू बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी नौकरी सहायता और प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। निदेशक, पर्यटन सुश्री अंजलि यादव ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए आतिथ्य उद्योग के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी। इससे पूर्व संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने स्नातक समारोह में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों एवं उपस्थित लोगों का अभिनंदन करते हुए आईएचएम रांची के सभी छात्रों को देशभर के प्रतिष्ठित होटलों एवं संस्थाओं में शतप्रतिशत नियुक्त होने पर बधाई दी। संस्थान त्रिवर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम के अलावा में लघुतम पाठ्यक्रम जैसे 12वीं उत्तीर्ण छात्रों के लिए 1.5 वर्षीय डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस, डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग तथा 10वीं उत्तीर्ण छात्रों के लिए 1.5 वर्षीय क्राफ्ट्समैनशिप सर्टिफिकेट कोर्स इन फूड प्रोडक्शन एंड पेतेसरी एवं 6 मासिक क्राफ्ट्समैनशिप सर्टिफिकेट कोर्स इन फूड एंड बेवरेज सर्विस पाठ्यक्रम में सीधा नामांकन किया जा रहा है। साथ हीं कौशल विकास एवं स्वरोजगार कार्यक्रम के अंतर्गत झारखंड सरकार के अंतर्गत पर्यटक गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम, आजीविका दीदी कैफे स्कीम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के दीदियों को सफल उद्यमी बनाने हेतु बेकरी एंड कंफेक्शनरी विषय पर प्रशिक्षण, भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय के द्वारा चलाए जा रहे स्किल टेस्टिंग एंड सर्टिफिकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न होटल कर्मियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा हुनर से रोजगार तक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों के लिए फूड एंड बेवरेज सर्विस स्टीवार्ड, मल्टी क्यूजीन कुक, रूम अटेंडेंट, ट्रेडिशनल स्नैक एंड बेकरी जैसे विभिन्न निःशुल्क पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिससे संस्थान भविष्य में हॉस्पिटैलिटी एवं होटल उद्योग में रोजगार के नए अवसर सृजित करने के साथ-साथ राज्य के पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेगी एवं छात्रों को रोजगार उन्मुख उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करती रहेगी । समारोह का समापन धन्यवाद प्रस्ताव तथा राष्ट्रगान से की गयी।

## मुरी को मिला नया थाना भवन एसएसपी ने किया उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बुधवार को मुरी ओपी थाना के नए भवन भवन का लोकार्पण किया। एसएसपी ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर इसका उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एक बेहतर वातावरण में नए भवन का निर्माण कराया गया है। इस नए भवन के बन जाने से जनता को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि हर थाने को भवन समेत अन्य सुविधाओं से युक्त किया जा मौके पर उपस्थित ग्रामीण एसपी, नौशाद आलम ने कहा कि नए थाना भवन में आगंतुकों के लिए स्वागत कक्ष का निर्माण कराया गया है जिसमें आगंतुकों के लिए पीने का पानी एवं बैठने के लिए कुर्सी का व्यवस्था किया गया है ताकि दूरदराज से आए ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो।

लोकार्पण के अवसर पर डीएसपी सिल्ली, क्रिस्टोफर केरकेप्ता, मुरी ओपी प्रभारी बबलू सिंह, सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप समेत अनगड़ा, सोनाहातू व राहे थाना प्रभारी के साथ आसपास के प्रतिष्ठित व्यक्ति व्यक्ति मीडिया कर्मी मौजूद थे।

## कुच्चू सदमा रोड के मरम्मत कार्य का शिलान्यास

### प्रमुख का शिलापट्ट में नाम नहीं रहने से लोगों में चर्चा का माहौल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बुधवार को झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग के सौज्यन्य से प्रखंड क्षेत्र के सुदरवर्ती क्षेत्र कुच्चू से सदमा 6.200 किमी पथ का शिलान्यास सांसद संजय सेठ द्वारा किया गया। सड़क का मरम्मति कार्य का शिलान्यास होने से क्षेत्र के लोग काफी खुश हैं। वहीं सांसद संजय सेठ ने कहा कि गांव के विकास के लिए ग्रामीण सड़क का होना काफी महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के प्रत्येक गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने को लेकर संकल्पित हैं। आने वाले समय में सभी गांव की सड़कों का मरम्मति कार्य किया जायेगा। वहीं मुख्य रूप से उपस्थित राज्यसभा सदस्य आदित्य ने कहा सड़क के मरम्मति कार्य होने से सदमा चंदरा पंचायत के कई सुदूरवती गांव के ग्रामीण व किसानों को सुविधा होगी।



**मरम्मत का कार्य बेहतर होना चाहिए**

सड़क मरम्मति कार्य योजना की शिलापट में प्रमुख अनुपमा देवी का नाम नही था। वहीं प्रमुख शिलान्यास कार्यक्रम में भी नही पहुंची थी। जिसकी चर्चा क्षेत्र में हो रही थी। इस संबंध में प्रमुख अनुपमा देवी ने कहा कि शिलापट में नाम होने से ज्यादा जरूरी जनता के लिए महत्वपूर्ण योजना का कार्य बेहतर हो। सदमा चंदरा क्षेत्र के लोगों के लिए सड़क का मरम्मति होना काफी जरूरी था। उन्होंने कहा है योजना कार्य बेहतर हो इसके लिए वे खुद मॉनेटेरिंग करेंगी।

वहीं विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि काफी समय से सड़क की मांग कर रहे लोगों को मांगे पूर्ण होने जा रही है। निर्माण कार्य में गुणवक्ता का पालन होना चाहिए। मौके पर उपप्रमुख रिजवान अंसारी व जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, मुखिया समुंदर पाहन, ओरमांझी उपमुखिया संतोष गुप्ता, भूतपूर्व सैनिक दिलेश्वर साहु, भानु प्रताप महतो, नेवालाल महतो, केसी प्रसाद, नागेन्द्र प्रसाद, संदीप कुमार महतो के साथ कई भाजपा कांग्रेस के कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थें।

## जनजातीय समाज ने प्रधानमंत्री से की रोहतासगढ़ किला को गोद लेने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिठोरिया।** बुधवार को जिला रांची मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, जनजातीय कार्य मंत्री एवं पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री भारत सरकार को चिट्ठी लिखकर रोहतासगढ़ किला ( कैमूर बिहार) को गोद लेने को लेकर पत्र लिखा। रोहतासगढ़ किला से जनजातियों का शासन-प्रशासन चलता था और वर्तमान समय में यह किला बहुत ही जर्जर अवस्था में है। इसका उद्धार होना बहुत ही आवश्यक है क्योंकि यह जनजातियों का प्राचीन धरोहर स्थल है। इसी किला पर शेरशाह सूरी ने 3 बार आक्रमण किए थे और पुरुष वेश धारण कर सिगनी दई और कैईली दई ने तीनों बार शेर शाह सुरी को बहुत ही बुरी तरह पराजित किए थे। यहीं से जनी शिकार की प्रथा शुरू हुई है जो 12 वर्ष में एक बार जनी शिकार निकलता है।

अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के द्वारा विगत कई वर्षों से माघ पूर्णिमा के दिन रोहतासगढ़ तीर्थ यात्रा महोत्सव मनाया जाता है जिसमें देश के कई कोने से जनजाति/ आदिवासी यहां आपने पारंपरिक वेशभूषा में आते हैं और पूजा पाठ कर पूर्वजों से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। रोहतास प्रखंड से किला की दूरी लगभग 37 किलोमीटर है जो बहुत ही जर्जर है। किला का सुंदरीकरण, बिजली की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, सामुदायिक भवन, चिकित्सा की व्यवस्था आदि बनना बहुत ही जरूरी है। अतः मंत्रियों से विनम्र आग्रह है कि रोहतासगढ़ किलाको गोद लेते हुए जनजातियों/ आदिवासियों की धरोहर को बचाने की कृपा प्रदान करें ताकि जनजाति/ आदिवासी समाज आपको मसीहा के रूप में देख सके।

## भाजपा ने काली पट्टी बांध कर मौन जुलूस निकाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने मंगलवार को विधान सभा सचिवालय घेराव के दौरान पुलिस के द्वारा बल प्रयोग कर भाजपा कार्यकर्तओं पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किए जाने के विरोध में बुधवार शाम को भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने अपने अपने मूंह पर काली पट्टी बांधकर मौन जुलूस निकाला। भाजपा नें मंगलवार की घटना को लेकर बुधवार के दिन को काला दिवस के रूप में मनाया। जुलूस गोन्दली पोखर पेट्रोल पम्प से सेंट्रल बैंक तक गया। जुलूस में भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक राम कुमार पहान, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, डॉ रिझू नायक, रामनाथ महतो, रामशाय मुन्डा, नरेश साहू, अजय महतो, सुप्रेश महतो, सुनील महतो, राजेन्द्र महतो, संतोष महतो, बीर सिंह, नायक रितु महतो, अगम लाल महतो, राजू प्रमाणिक, छक्कन महतो, रामेश्वर महतो, मनी महतो, तुलसी महतो, विनेश्वर महतो, दूति महतो, संजय साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## भाषा, लोक संस्कृति व परंपरा हमारी पहचान : सुदर्शन भगत

### कुंजवन छोटानागपुरी लोक संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** भाषा, लोक संस्कृति व परंपरा हमारी पहचान और अनमोल विरासत है। इसे अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। यह बातें सांसद सुदर्शन भगत ने कहीं। वे कुंजवन छोटानागपुरी लोक संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण केंद्र चुटिया रांची के तत्वावधान में बेड़ो प्रखंड स्थित खुखरागढ़ के मठियानी टोली गांव में बुधवार को अखरा बचाऊ, झारखंड सजाऊ, भारत बढ़ाऊ के उद्देश्य व संकल्प को लेकर आयोजित पांच दिनी झारखंड लोक संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सांसद ने कहा कि इस आधुनिक युग के दौर में अखरा का अस्तित्व



सिमट रहा है। इसे दुरुस्त करने की आवश्यकता है। अखरा के तहत हमारी भाषा, संस्कृति परंपरा व लोक संगीत की रक्षा में कवि, कलाकारों व संस्कृतिकर्मियों के असीम योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने इसकी महत्ता और अस्तित्व को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सांसद कोष से एक सामुदायिक भवन बनाए जाने की घोषणा किया। वहीं समारोह में सांसद व अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों व प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र, अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

वहीं समारोह में सांसद सुदर्शन भगत, पद्मश्री मुकुंद नायक, मधु मंसूरी व कवि सह कलाकार क्षितिज कुमार रॉय ने नागपुरी भाषा, लोक संगीत नाच गान एवं परंपरा की अनमोल विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि नागपुरी की पढ़ाई अब क्लास नवम से एम ए तक हो रही है। जो एक गर्व की बात है। जिससे इसकी महत्ता स्वयं सिद्ध हो जाती है। समारोह में पद्मश्री मुकुंद नायक, मधु मंसूरी व कवि कलाकार क्षितिश कुमार रॉय के नेतृत्व में नागपुरी कलाकारों ने राग रागिनियों में डमकच, अंगनई, लूझरी, झूमटा, भिनसरिया, मदार्नी झूमर व अधरतिया आदि में दर्जनों परंपरागत नाच गान प्रस्तुत कर जनमानस को थिरकने पर मजबूर कर दिया। वहीं इस दौरान खुखरागढ़ सांस्कृतिक केंद्र में दर्जनों लोगों को झारखंड के लोक संगीत एवं नाच गान का प्रशिक्षण दिया गया। जो बुधवार को समाप्त हो गया। वहीं मौके पर सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, सोनाकर नागपुर फिल्म के निमार्ता धनंजय नाथ तिवारी व मुखिया जतरू उरांव आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। समारोह को सफल बनाने में कुंजवन संस्था रांची के अध्यक्ष किशोर नायक, अभिषेक कुमार बड़ाईक, राजेश महली, श्रवण गोप, गणेश मुंडा, किशोर महली, नेहा कुमारी, नूतन लकड़ा, नीलम कुमारी, देवी कुमारी, बालेश्वर नायक, प्रिया खलखो, लक्ष्मी कच्छप तथा खुखरागढ़ सांस्कृतिक केंद्र बेड़ो के सचिव सुदामा सिंह, प्रभात साहू, स्वराज सिंह, रीतिका देवी, पूनम लकड़ा, वीर कुंवर सिंह, जूली कच्छप, सुजीता केरकेट्टा, संजू मिंज, संध्या मिंज व जया देवी समेत दर्जनों कलाकारों ने सराहनीय योगदान दिया।

## एक नजर में

### विधायक राजेश कच्छप ने दशकर्म के लिए दिया राशन

**अनगड़ा।** प्रखंड के सिरका पंचायत अन्तर्गत बगान टोली निवासी यशोदा देवी के परिजनो को कुटुम्ब भोज एवं दशकर्म के लिए विधायक राजेश कच्छप ने सुखा राशन प्रदान कर सहयोग किया। इस मौके पर प्रमुख दीपा उराव पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एतवा उरांव सरना श्रद्धा समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की विजय मुन्डा संजय नायक समीम खान इत्यादि उपस्थित थे इधर गेतलसूद भाकू टूंगरी निवासी किरण उदाव की माता सोमारी देवी की मृत्यु पर भी श्राद्ध कर्म हेतु 50 किलो चावल दाल तेल गिलास पत्तल इत्यादि दे कर सहयोग किया गया गया विधायक राजेश कच्छप के प्रतिनिधि के रूप में प्रमुख दीपा उरांव पूर्व प्रखंड अध्यक एतवा उरव ग्राम प्रधान जितेन्द्र उरांव सुकरा उरांव सोमा उरांव फूतू उरांव रविकिशोर मुन्डा अजय उरांव नीरज उरांव विटू उरांव इत्यादि मौजूद थे।

### पिस्कानगड़ी : भाजपाइयों ने मनाया काला दिवस

**पिस्कानगड़ी।** भारतीय जनता पार्टी नगड़ी मंडल के मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय घेराव में हुए लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को नगड़ी चेकपोस्ट में राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। इससे पूर्व भाजपा के दर्जनों कार्यकताओं ने चेकपोस्ट से रैली निकालकर सरकार के विरोध में कई नारे लगाए। मौके पर मुख्य रूप से वरीय भाजपा नेता पंकज शाहदेव सांसद प्रतिनिधि केदार महतो दौलतराम केसरी, चूड़ामणि महतो, विंध्याचल महतो, हेमंत केसरी, हिन्दूवा उरांव, कुनाल शाहदेव, भोला महतो, अर्जुन महतो, बिजू महतो, मनीष केसरी, जय किशन महतो, अरविंद केसरी, अनिल गोप, दीपक केसरी, मुकेश महतो, विकास उरांव, नंद किशोर महतो, निरंजन महतो, साजन मुंडा, संजय मुंडा, लच्छू उरांव सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सचिवालय घेराव में पिपरवार मंडल अध्यक्ष हुए घायल

**पिपरवार।** झारखंड सचिवालय घेराव में पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा अपने कई कार्यकताओं के साथ रांची मंगलवार को रांची पहुंचे थे, जहां पर पुलिस ने रैली और उन्हें रोकने का प्रयास किया। जिसका विरोध करने पर पुलिस ने उन्हें बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। इलाज के लिए उन्हें पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने सरकारी तंत्र का गलत इस्तेमाल करते हुए सरकार अपनी बर्बरता एवं दुष्टा पूर्ण कार्य करने का काम किया है। समय आने पर इस सरकार को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा हर जख्म का हिसाब झारखंड की जनता एवं कार्यकर्ता सरकार से मांगेगी और प्रत्येक जख्म का बदला जनता देगी। पिपरवार मंडल के कार्यकताओं ने बताया कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है ईश्वर इन्हें जल्द स्वस्थ करें। भाजपा कार्यकर्ता कई दिग्गज नेताओं ने लाठीचार्ज करवाने की कड़ी निंदा की है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, धनराज भोक्ता, रामप्रसाद महतो, टनू सिंह, धीरेन्द्र शर्मा उदय शर्मा, संजय कुमार, अरविंद सिंह, दिलीप उरांव, आर्या उरांव, महिला मोर्चा महामंत्री राधा देवी, निर्मला देवी, आदित्य केशरी, जितेंद्र पासवान, बबलू गंझू, महेश विश्वकर्मा, पुष्पा एक्का, रीमा देवी, अमित मिंज, रविन्द्र उरांव, करण महतो, प्रदीप महतो, चूरामन महतो, प्रमोद महतो, विक्रम कुमार, सोनू गुप्ता, शिव शंकर कुमार, रामलाल महतो, रमेश मुंडा, सोमनाथ गंझू चिंतामन महतो मणिलाल महतो, कुमारी अनुप्रिया, सरिता देवी, किरण कुमारी आदि कार्यक्रता मौजूद थे।

### निविदा में स्थानीय संवेदकों को प्राथमिकता देने की मांग

**अनगड़ा।** ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण कार्य विभाग झारखण्ड सरकार के निविदा में स्थानीय संवेदको को प्राथमिकता देने तथा दस प्रतिशत लोएस्ट टेन्डर नहीं डाले जाने का प्रावधान किए जाने की मांग सरकार से की है। पिछली सरकार में निविदा नियमों में कुछ बदलाव करके यह मुकमल व्यवस्था की गयी थी ढाई करोड़ रुपए तक अथवा उसके नीचे के सड़क निर्माण कार्य में स्थानीय संवेदकों को हर हाल में प्राथमिकता के आधार पर कार्य आवंटित किए जाय। साथ हीं ढाई करोड़ रुपए तक के निविदा में झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडीका 163ए द्वारा कृत प्रावधान के तहत 10 प्रतिशत लोवेस्ट (न्यूनतम) अधिसीमा तक हीं निविदा डालने का प्रावधान किया गया था जिसको अब समाप्त कर दिया गया। लेकिन वर्तमान सरकार में स्थानीय संवेदको को प्राथमिकता देने संबंधी नियम को खत्म कर दिया गया है। और अनलिमिट लोवेस्ट में जाकर निविदा डालने का प्रावधान कर दिया गया है। इसके साथ हीं स्थानीय संवेदकों को निविदा में प्राथमिकता मिलने की सारी संभावनाएं खत्म हो गयी है। नये प्रावधानो के तहत निविदा डालने वाले सभी संवेदको के दर समान होने पर ही स्थानीय संवेदको को प्राथमिकता देने पर बिचार करनें की बात कही गयी है। लेकिन ऐसा संयोग होने की बहुत कम ही संभावना है। 10 प्रतिशत से अधिक लोवेस्ट पर निविदा डालने के दरवाजे खुल जाने के चलते काम लेने के होड़ में नये संवेदक 30 से 35 प्रतिशत तक लोवेस्ट जाकर निविदा डाल रहे हैं। परिणामस्वरूप स्थानीय संववेदक प्रभावित तो हो हीं रहे हैं।

**जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार रॉंची के निदेशानुसार एतद् द्वारा इच्छुक भारवाहक वाहन यथा पीकअप, 207, 407, मिनी ट्रक, ट्रैक्टर, टेलर सहित के मालिकों को सूचीत किया जाता है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अन्तर्गत जिले के प्रखण्डस्तरीय गोदाम से विद्यालयों तक स्कूल स्टेप डिलीवरी के माध्यम् से चावल पहुँचाने हेतु स्वतंत्र एजेन्सी के चयन के लिए मुहरबंद अल्पकालीन निविदाएँ प्रकाशन की तिथि से 28.04.2023 के अपराह्न 1:00 बजे तक जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यालय गुमला में प्राप्त किया जायेगा तथा उसी तिथि को अपराह्न 3:00 बजे उप विकास आयुक्त, गुमला के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदाएँ खोली जायेंगी। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं निविदा का नमूना जिले के अधिकारिक वेबसाईट https://gumla.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है।

अतः इच्छुक वाहन मालिक से निर्धारित समय सीमा के अंदर निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक
गुमला

PR 295025 Jharkhand Education Project Council (23-24)_D

**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू**
**(डी०आर०डी०ए०)**
Phone No. 06562-295264 E-mail - ddc-pal@nic.in

पत्रांक ............../डी०आर०डी०ए०, दिनांक................

**अतिअल्पकालीन निविदा**

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू के कार्यालय में उपयोग हेतु आवश्यक सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/फर्म से अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता सीलबंद दो अलग-अलग लिफाफा में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड संबंधित कागजात दिनांक-19.04.2023 को अपराह्न 01:00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू के कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा को दिनांक-19.04.2023 को अपराह्न 03:00 बजे निविदा-सह-क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा से संबंधित शर्तें, सामग्रियों की सूची एवं विशिष्टियों का अवलोकन पलामू जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in अथवा कार्यालय से किया जा सकता है।

ह0/-
उप विकास आयुक्त,
पलामू

PR 295013 Rural Development (23-24)_D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**

**(लापता मुन्ना कुमार पासवान, उम्र- 28 वर्ष)**



मेराल थाना दैनिकी सनहा सं0- 18/2023, दिनांक-06.04.2023 में लापता मुन्ना कुमार पासवान, उम्र- 28 वर्ष पिता- कृष्णा पासवान, सा0- रजबंधा, पो0- बंका, थाना-मेराल, जिला-गढ़वा, राज्य-झारखण्ड, के रहने वाला है। जो दिनांक-27.03.2023 को अपने घर से लापता है। उक्त लापता पुरूष का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता मुन्ना कुमार पासवान, उम्र- 28 वर्ष के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0-9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0- 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:-
रंग- गोरा, लम्बाई-05 फीट,
पहनावा- लाल कमिज, कमर में साल लपेटा हुआ।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 294963 (Police) 23-24 (D)

# किसानों से भी ठगी

देश के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक यानी कैग की वह रिपोर्ट चौंकाती है, जिसमें उल्लेख है कि हरियाणा में ह्यप्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में करीब 38 हजार 105 अयोग्य किसानों ने सरकार के करीब चालीस करोड़ से अधिक रुपये डकार लिये। फिलहाल यह जानकारी प्रधानमंत्री किसान पोर्टल के जरिये जुटायी गई है। जमीनी स्तर पर यदि मामले की पड़ताल हो तो फजीर्वाड़े के दायरे में निश्चित रूप से विस्तार पाया जायेगा। यदि देश के सभी राज्यों में इस दिशा में गंभीर जांच-पड़ताल हो तो फजीर्वाड़े का आकार बड़ा हो सकता है। यह विडंबना रही है कि देश का असली किसान ऑनलाइन व्यवस्था व नई आर्थिकी को लेकर ज्यादा जानकार व जागरूक नहीं रहा है। कभी वह सूदखोरों, बिचौलियों तथा आढ़तियों की चपेट में रहा है तो अब नये जमाने के पढ़े-लिखे ठगों ने किसानों के हक का दोहन करना शुरू कर दिया है। जाहिर है यह मामला सिर्फ अयोग्य किसानों का ही नहीं है। बिना विभागीय कर्मचारियों व अधिकारियों की शह के ऐसा संभव नहीं है कि कोई वास्तविक जरूरतमंद किसानों का हक हड़प ले। एक बात तो तय है कि जब से किसानों को राहत-मुआवजा व सब्सिडी राशि ऑनलाइन सिस्टम के जरिये मिलने शुरू हुई है किसी हद तक धांधलियों पर रोक लगी है। अन्यथा पहले तो बिचौलियों के पौ-बारह बने रहते थे। किसानों का अंगूठा लगाकर बिचौलिये दशकों तक मौज करते रहे हैं। देश की निरक्षरता का स्तर उनके लिये वरदान साबित हुआ करता था। हालांकि, अब देश में साक्षरता की दर में सुधार और नई पीढ़ी के किसानों की जागरूकता से ऐसी नकारात्मक प्रवृत्तियों पर लगाम लगाने में मदद मिल सकी है। लेकिन अभी इस दिशा में पारदर्शी व्यवस्था बनाने हेतु गंभीर प्रयासों की जरूरत है।

# कारोबारियों पर सवाल

भारतीय कारोबार जगत की फितरत है, जब भी कोई कारोबारी घराना उभरता है, उसकी सफलता को सिर्फ और सिर्फ खास नजरिए से देखा जाता है। यह पहला मौका नहीं है, जब अडानी जैसा कोई कारोबारी निशाने पर है। पिछली सदी के नब्बे के दशक को याद कीजिए। तब अंबानी घराना ऐसे ही निशाने पर रहता था। दिलचस्प यह है कि तब रिलायंस इंडस्ट्रीज के उभार पर सवाल उठते थे। सवाल तो उस बिरला घराने पर भी उठे हैं, जिसके प्रमुख घनश्याम दास बिरला गांधी जी के नजदीकी थे। पिछली सदी के साठ के दशक में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के राज्यसभा सदस्य रहे बालकृष्ण गुप्ता ने बिरला को बेजा फायदे पहुंचाने को लेकर ना सिर्फ तब सोशलिस्टों के प्रमुख पत्र जन में धारावाहिक तौर पर लिखा था, बल्कि राज्यसभा में उस पर चर्चा की मांग की थी। बालकृष्ण गुप्त के उन भाषणों का संग्रह पुस्तक रूप में प्रकाशित हो चुका है।

वैसे अडानी पर यह पहला मौका नहीं है, जब आरोप लगा है। यह भी दिलचस्प है कि अडानी घराने की कंपनियां राजस्थान और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकारों के साथ काम कर रही हैं। फिर भी कांग्रेस के आलाकमान के निशाने पर अडानी हैं। उनमें राजस्थान सरकार के निगम राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को छत्तीगढ़ जंगल में खदाने आवंटित की गई। चुनाव जीतने की यह पुरानी परम्परा है। देश के कारोबारी रोजगार और केन्द्र-राज्य सरकारों को टैक्स भी देते हैं। देश के विकास में बिड़ला, टाटा, अंबानी और अडानी सहित पूंजीपतियों के योगदान को नकारा नहीं जा सकताहै। ऐसे में कांग्रेस और विशेषकर राहुल गांधी का मोदी-अडानी को टारगेट करने से कोई बहुत बड़ा चुनावी लाभ नहीं होने जा रहा है। शरद पवार ने जिस प्रकार अडानी के पक्ष में विचार रखें उससे राहुल खेमे का एक बड़ा हिस्सा उनसे अलग भी हो चुका है।

# बुद्ध के बारे में बुद्धिजीवियों को सही समझ नहीं



**स्वामी** सत्यानंदजी परमहंस कहते है कि बुद्ध आत्मा और परमात्मा की जो ब्याख्या की उसको लेकर बुद्धिजीवियों को जानकारी नहीं है समझ नहीं है। बुद्ध कहते थे मेरा जन्म नहीं हुआ है। मैं अविनाशी हूं। देश-दुनिया के विद्वान इस बात को समझ नहीं पाते हैं। मैं कई बार यूनिवर्सिटी के बुद्धिज्म पढ़ाने वाले प्रोफेसरों से पूछता हूं कि आप बुद्ध को इस प्रकार गलत ब्याख्या के साथ क्यों पढ़ाते हैं ? तब वे कहते हैं कि मेरा सिलेबस वैसा है अगर मैं जो आप समझा रहें है जो हमलोगों को सही भी लगता है लेकिन पढ़ा नहीं सकते हैं। चेतन ही आत्मा और परमात्मा है।

आप जीवन भर क्या करते हैं? आप जीवन भर क्या चाहते हैं? दुख कम हो सुख अधिक हो। सुखा बढ़े और दुख घटे। इसके लिये ही तो सब उपाय करते हैं। बुद्ध कहते हैं दुख है, दुख का कारण है, दुख का निवारण भी है। सांख्य का प्रथम सूक्त है सृष्टि परमानंद के लिये हुई।

बुद्ध जब बंधन में थे तब मृत्यु का भय था। तब जरा (बीमार) होने का डर था। तब वे सिद्धार्थ थे। वही सिद्धार्थ बोध गया में कहते हैं मेरा न जन्म है न मेरी मृत्यु है। चेतन ही जीवात्मा और परमात्मा है। अकेले आत्मा कुछ नहीं है अविनाशी है आकाश की तरह। वायु,जल और अग्णि मिलाकर ब्रह्मांड कहलाती है और इसमें गति हो जाती है।


मन, बुद्धि,चित्त और अंहकार के साथ जब आत्मा मिल जाती है तब वह जीवात्मा बन जाती है। यह जीवात्मा अगर ज्ञान में है तो वह परमात्मा हो जाती है। बुद्ध को ज्ञान हुआ। बुद्ध ने कहा कौन सिद्धार्थ न जन्म न मृत्यु। बुद्ध ने आत्मा को स्वीकारकिया और उसके परमात्मा होने की दिशा में सफलता की। जीवात्मा का एक ही उदेश्य है परमात्मा की प्राप्ति। अपने अतःकरण में उसे स्थापित कर पाना। बुद्ध ने यही बात दुनिया को समझा दिया। लोग विशेषकर बुद्धिजीवी बुद्ध को समझ नहीं पाये और कह दिया कि बुद्ध नास्तिक थे।

कभी मत सोचिए दुनिया नहीं है। समय बराबर जीरो से हम आंरभ करते हैं। अखंडमण्डलाकारंम का अर्थ ही है वह अखंड है और गोल है। जो गोल उसका छोर नहीं पकड़ा जा सकता है उसे कही भी मान कर आंरभ किया जाता है।

क्या ज्ञान में आने के बाद मनुष्य दुख पूरी तरह दुख से मुक्त हो जाएगा? नहीं ऐसा नहीं होगा। त्रिकुटी के उपर तक सत, रज और तक है। इसके उपर जाने पर दुख कम हो जाएगा समाप्त नहीं होगा। ज्ञान हो जाने की स्थिति के बाद आपको पत्ता होता है कि यह शरीर का अंत है आत्मा का नहीं।

*देह धरे का दंड भुगते हर कोई।*
*ज्ञानी भुगते ज्ञान से मूरख भुगते रोए।।*

क्या अभिमण्यु की मृत्यु के बाद कृष्ण को दुख नहीं हुआ होगा? अवश्य हुआ होगा लेकिन ज्ञानी ज्ञान से दुख को कम कर पाता है। अर्जुन अधिक व्याकुल होते हैं कृष्ण से कहते हैं कि आप तो ईश्वर है मेरे अभिमण्यु से मुझे मिला दिजीए। कृष्ण कहते हैं चलो। कृष्ण दिखाते हैं अर्जुन देखते हैं अभिमण्यु एक सिंहासन पर विराजमान हैं। अर्जुन कहते हैं अभिमण्यु मेरा पुत्र। अभिमण्यु कहता है कौन पुत्र कैसा पुत्र। उस शरीर को मैंने छोड़ दिया है। मैं उतने ही समय के लिये धरती पर गया था। अर्जुन समझ जाते हैं।



-मुरलीधर

> मन, बुद्धि,चित्त और अंहकार के साथ जब आत्मा मिल जाती है तब वह जीवात्मा बन जाती है। यह जीवात्मा अगर ज्ञान में है तो वह परमात्मा हो जाती है। बुद्ध को ज्ञान हुआ। बुद्ध ने कहा कौन सिद्धार्थ न जन्म न मृत्यु। बुद्ध ने आत्मा को स्वीकार किया और उसके परमात्मा होने की दिशा में सफलता प्राप्त की। जीवात्मा का एक ही उदेश्य है परमात्मा की प्राप्ति। अपने अत :करण में उसे स्थापित कर पाना।

ब्रह्म विद्यालय आश्रम राजपुर में गुरुदेव स्वामी जी समाधि सरकार को भी महात्मा दर्शनानंद जी शरीर छोड़ें जाने का दुख हुआ होगा लेकिन वे ज्ञान में थे इसलिये उन्होंने उस भाव को नियंत्रित कर लिया। जीवन का मध्यकाल ही ज्ञान के प्रकट होने का काल है। जब जीवात्मा के पास परमात्मा के होने का अवसर मिलता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार समाप्त होता है ज्ञान से। महात्मा दर्शनानंद भक्ति के अनुपम उदाहरण थे। उनकी जीवन की एकमात्र इच्छा थी कि उनके गुरुदेव समाधि सरकार की हर इच्छा जो उनसे चाहते हो वह पूरा हो। उनकी अपनी काई इच्छा नहीं थी। जब इच्छा समाप्त हो गयी तो वे मुक्त हो गये। महात्मा दर्शनानंद कहा करते थे *कुटी में कुटाओं और मठिया में मढ़ाओ।*

स्वामी परमहंस दयाल जी भी कुटी बनाने और भक्त बनाने से भी परहेज करते थे। लेकिन जिस प्रकार एक चादर बेचने वाला साइकिल पर घूम-घूमकर चादर बचें और उसका काम हो और फिर वही व्यक्ति एक दुकान खोल ले तो उसका कार्य व्यवस्थित हो जाए यही अंतर है। हमारे देश में संतो की अनेक परम्परा है। राम और कृष्ण की कोई आश्रम परम्परा नहीं है लेकिन गुरु वशिष्ठ, कबीर, नानक सहित अनेक संतो-महात्माओं की है। मठ और आश्रमों से धर्म की परम्परा व्यवस्थित और सुचारु हो जाती है।

एक वृक्ष की तरह ब्रामाण्ड भी युवा और वृद्ध होता है यह समाप्त भीहोता है और इसका निमार्ण भी होता है। विग वेन थ्योरी के अनुसार विस्फोट से पृथ्वी का निर्माण हुआ लेकिन यह विस्फोट कहां हुआ। पहले से उपस्थित आकाश और 118 एलीमेंट की उपस्थित के बिना क्या विस्फोट संभव है? निश्चित रुप से यह निर्माण और विध्वंध की प्रकिया चल रही है इसके समय का अनुमान लगाना कठिन है।

कृष्ण ईश्वर थे। लेकिन एक सामान्य बेहेलिया के तीर से मृत्यु को प्राप्त हो गये। अर्जुन को द्वारिका से बासुदेव ने संदेश भेजा कि कृष्ण के जाने के बाद बड़ी संपति और रानियां द्वारिका में असुरक्षित है आप उन्हें हस्तिनापुर ले जाए। अर्जुन जैसा पराक्रमी और वीर जब द्वारिका से हस्तिनापुर चले तो रास्ते में भीलों ने उनकी संपति लूट ली। उन्हें ज्ञान हो गया कि उनका बल समाप्त हो रहा है। इसके बाद ही पांचों पाडंव हिमालय में हिम समाधि के लिये चले चले गये।

शरीर नाशवान है यह सत्य है। आप परमात्मा बनकर इसे छोड़ना चाहते हैं या व्याकुल आत्मा इसी कार्य के लिये आपको यह मानव तन मिला है। तब आपको यह मार्ग सुक्षाने के लिये राजपुर हो या टेरी स्वामी परमहंस दयाल हो या समाधि सरकार शिवर्धमानंदजी अपने आप को उनके इच्छा में मिलाना होगा जहां सच्चा सुख है सगुण के साथ। बुद्ध ने ऐसा ही किया था।

## खास बात

### बैसाखी की खुशियां

**योगेश कुमार गोयल**

**कृषि** प्रधान देश भारत में बैसाखी पर्व का संबंध फसलों के पकने के बाद उसकी कटाई से जोड़कर देखा जाता रहा है। इसे विशेष तौर पर पंजाब का प्रमुख त्योहार माना जाता है। वैसे देशभर में बैसाखी को बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। लेकिन सिख समुदाय बैसाखी से ही नए साल की शुरूआत मानते हैं। इस दिन एक-दूसरे को बधाइयां दी जाती हैं। पंजाब में किसान अपने खेतों को फसलों से लहलहाते देखता है तो इस दिन खुशी से झूम उठता है। खुशी के इसी आलम में शुरू होता है गिद्दा और भांगड़ा का मनोहारी दौर। पंजाब में ढोल-नगाड़ों की धुन पर पारम्परिक पोशाक में युवक-युवतियां नाचते-गाते और जश्न मनाते हैं। सभी गुरुद्वारों को फूलों तथा रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है।

उत्तर भारत और विशेषतः पंजाब तथा हरियाणा में गिद्दा और भांगड़ा की धूम के साथ मनाए जाने वाले बैसाखी पर्व के प्रति भले ही काफी जोश देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में यह त्योहार विभिन्न धर्म एवं मौसम के अनुसार देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पर्व की खूब धूम रहती है। पश्चिम बंगाल में इसे ह्यनबा वर्षह्न के नाम से मनाया जाता है तो केरल में ह्यविशूह्न नाम से तथा असम में यह ह्यबीहूह्न के नाम से मनाया जाता है। बंगाल में ह्यपोइला बैसाखीह्न भी कहा जाता है और वे अपने नए साल की शुरूआत मानते हैं। हिन्दू धर्म की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हजारों साल पहले इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। इसीलिए इस दिन गंगा आरती करने तथा पवित्र नदियों में स्नान की भी परम्परा है।

13 अप्रैल 1919 का बैसाखी का दिन आज भी चीख-चीखकर अंग्रेजों के जुल्मों की दास्तान बयान करता है। दरअसल रॉलेट एक्ट के विरोध में अपनी आवाज उठाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर इस दिन हजारों लोग जलियांवाला बाग में इकट्ठा हुए थे क्योंकि ह्यरॉलेट एक्टह्न के तहत न्यायाधीशों और पुलिस को किसी भी भारतीय को बिना कोई कारण बताए और उन पर बिना कोई मुकद्दमा चलाए जेलों में बंद करने का अधिकार दिया गया था।


राहुल जी के लिए दो उदाहरण है।।एक उत्तर में कश्मीर से,गुलाम नबी आजाद जिनसे बड़ा नेता कश्मीर में उनका नहीं दक्षिण में केरल में अंटोनी साहब से बड़ा नेता उनका नहीं, अनिल अंटोनी।युवा व अनुभवी नेतृत्व, दोनों आपके विरुद्ध बोल रहे रहे हैं और संयोग से अल्पसंख्यक समुदाय से है।आँख खोलिए

**-सुधांशु त्रिवेदी, भाजपा**

## आपके ट्वीट

**अन्नेन** जातानि जीवन्ति। अन्नं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय। पुनरेव वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति। तं होवाच।
अन्न ब्रह्म है!

**- स्वामी अवधेशानंदगिरी**





**अपने** प्रदेश में कोविड संक्रमण की स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है, लेकिन सतर्कता व सावधानी बनाए रखें।

कोविड से बचाव के लिए जागरूकता बढ़ाएं, भीड़भाड़ से बचें, बुजुर्ग, बच्चों और बीमार लोगों का ध्यान रखें। - **योगी आदित्यनाथ**

# परशुराम का क्रोध

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहस**

**परशुराम** अहंकार से भरे हुए थे। इसलिये वे बोले कि मैं गुरु ऋण अवश्य चुकाउंगा ही आप गुरु दक्षिणा मांगिये। शिव जी सोचे कि इसके मन में अहंकार आ गया है और ज्ञान लुप्त हो गया है। अतः इनका कल्याण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मैं मुण्डमाल पहनता हूं। इस माला के सारे मुण्डों के बची एक सुमेर चाहिए। अतः आप सुमेर के लिये हजार फन बाले शेष नाग का मुण्ड लेते आइये। शेषनाग के पास जाकर परशुरामजी ज्योंही फरसा लकर सिर की ओर गये वे शेषनाग के फुफकार को बर्दाश्त नहीं कर सके और उड़कर मंदराचल पर्वत पर आ गये। तब से वे मंदराचल पर्वत पर ही थे और पुनः भक्ति का अवसर ढूंढ रहे थे। ज्योहि शिव धनुष तोड़ें जाने का समाचार उन्हें ज्ञात हुआ वे भक्ति का अवसर जानकर राजा जनक की सभा में पहुंचे। आते ही उन्होंने कहा कि जिसने यह धनुष तोड़ा है वह इस सभा से विलग हो जाये। क्षत्रियों की सभा उसे विलग कर दे। वह सहस्त्रबाहु की समान मेरा शत्रु है। मैंने उसके वंश को समूल नाश कर दिया है। जब उन्होंने इस तरह आवेश में कहा तो लक्ष्णण जी ने जबाव दिया कि ऐसे कितने धनुष हमने बचपन में तोड़ें हैं। अब वे बार-बार क्रोध में आकर प्रश्न करते और लक्ष्मण जी उन्हें चिढ़ाते रहे और क्रोधित करते रहे। चूंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे। वे जानते थे कि परशुराम जी किस प्रकार हमारा सिर काटने आये थे और नहीं काट सके। उन्होंने कहा कि उस समय तो आप मेरा सर नहीं काटे सके। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### डॉकघर में हो रजिस्ट्री

**पलामू** जिला अधिवक्ता संघ ने डाक अधीक्षक पलामू से पलिखकर कचहरी डाकघर से रजिस्ट्री कार्य बंद रहने के कारण हो रहे परेशानियों से अवगत कराया है। पोस्ट ऑफिस से डाक रजिस्ट्री बंद रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी झेलना पड़ रहा है। न्यायालय से संबंधित भी रजिस्ट्री कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है। इस पर सरकार ध्यान दें।

**-संतोष पाण्डेय, मेदिनीनगर**

### प्रकृति का संरक्षण

**प्रकृति** हमें विनम्रता के साथ अपनी उत्कृष्ट समानता एवं परस्पर-निर्भरता को स्वीकार करने की याद दिलाती है।' इसी तरह से उप-राष्ट्रपति ने भी कहा, 'प्रकृति के संरक्षण को महत्ता देने, विकास के मॉडलों एवं उपभोक्तावाद से संचालित जीवनशैली को नए सिरे से निर्धारित करना होगा। साथ ही यह सवाल हमारे अस्तित्व से जुड़ा है यह समझना होगा।

**-रविकांत सिंह, रांची**

# पीएम मोदी की मन की बात अब देश के जन-जन की बात बनी



**मनोज शर्मा**

**मन** की बात का 100वां एपिसोडः जनता से सीधे जुड़ने का अभिनव प्रयोग। जल्द ही रेडियो पर प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम का 100वां एपिसोड प्रसारित होगा। इस लोकप्रिय कार्यक्रम के 100वें एपिसोड का रेडियो पर वैश्विक प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम का पहला एपिसोड 03 अक्टूबर 2014 को प्रसारित हुआ था। यह कार्यक्रम प्रत्येक महीने के आखिरी रविवार को रेडियो पर प्रसारित होता है। भारत जैसे देश में जिसकी आबादी सवा अरब से ज्यादा हो वहां के प्रधानमंत्री का जनता से सीधा संवाद करने का यह तरीका स्वयं में अभिनव सा है। अब तक यह परिपाटी सी रही थी कि भारत के प्रधानमंत्री चुनावों के समय, राष्ट्रीय पर्वों या किसी खास अवसर पर ही टीवी के माध?यम से जनता को संबोधित करते थे। लेकिन, वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "मन की बात" कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से किसी खास अवसर की बजाय आम जन के सरोकार वाले प्रत्येक अवसर पर संवाद किया और इसके लिये उन्होंने सर्वसुलभ और देश के 91 प्रतिशत से ज्यादा पहुंच रखने वाले माध्यम रेडियो को चुना। हालांकि मन की बात कार्यक्रम दूरदर्शन और अन्य राष्ट्रीय न्यूज चैनलों पर भी प्रसारित होते हैं, पर इसका मुख्य माध्यम रेडियो ही है।

## सामयिक

जब देश का प्रधानमंत्री स्वयं लोगों से मुखातिब हों और छात्रों से परीक्षा, महामारी, अंगदान, मोटे अनाज के उपयोग, कृषि जैसे विषयों पर संवाद करें तो निश्चय ही देशवासियों के बीच इसका सकारात्मक प्रभाव होता है। जनता ऐसे प्रसारण से अपने प्रधानमंत्री को अपने करीब एक जिम्मेदार प्रतिपाल की भांति महसूस करती है। जब प्रधानमंत्री स्वयं 10वीं, 12वीं की परीक्षाओं के समय छात्रों को सहज होकर परीक्षा देने का संदेश देते हैं और छात्रों को कहते हैं कि.. आप टॉपर होने , शतप्रतिशत नंबर लाने का तनाव न लें, कुछ प्रतिशत कम नंबरों से पास होना आप की सफलता में बाधक नहीं बनता नही इससे आप की योग्यता में कोई कमी आती है, तो परीक्षा के तनाव से गुजर रहे छात्रों, युवाओं को एक राहत मिलती है निश्चय ही उनका मनोबल बढ़ता है। मन की बात कार्यक्रम के तकरीबन प्रत्येक एपिसोड में प्रधानमंत्री ने देशवासियों के बीच सकारात्मकता का संचार किया है। इस कार्यक्रम में एक महत?वपूर्ण बिंदु है कि पीएम अक्सर सराहनीय कार्यकरने वालों के बारे में नाम लेकर बताते हैं और संवाद भी करते हैं।

इस कार्यक्रम के जनता से जुड़ाव में सबसे बड़ा योगदान रेडियो का रहा है। ग्रीक भाषा में 'रेडियस' का अर्थ 'दायरा' होता है और इसी शब्द से रेडियो का नाम पड़ा क्योंकि रेडियो का प्रसारण एक व्यापक दायरे में होता है। ऐसे में मन की बात कार्यक्रम के लिये रेडियो का चुनाव एक सफल कदम है। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के लिये रेडियो को चुना। इससे रेडियो को भी इस टीवी, डिजिटल और इंटरनेटयुग में फिर से पुरानी पहचान मिली है। अब सभी मन की बात कार्यक्रम को गावों कस्बों, खेतों में भी लोगों को रेडियो पर सुनते देखते हैं। यही नहीं रेडियो को कभी-कभार उपयोग में लेने वाले देश भर के महानगरों और शहरों में रहने वाले लोगों ने रेडियो का उपयोग करना प्रारंभ कर दिया है। मुंबई और चेन्नई के अलावा 6 बड़े शहरों में किए गए एक सर्वेक्षण से यह पता चला कि कि लगभग 66.7% आबादी ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के लिए ट्यून किया था और इसे बहुत ही अच्छा कहा। जारी...

(पत्रकारिता विभाग रांची यूनिवर्सिटी रांची सह संपादक ग्रीन रिवोल्ट पर्यावरण पत्रिका)

# कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले और सतर्कता

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**कोरोना** संक्रमण के बढ़ते मामलों ने एक बार फिर कोरोना प्रोटोकाल पालन के प्रति गंभीर होने के लिए चेता दिया है। ऐसे में कोरोना प्रोटोकाल को लागू करने या लोगों को उसका पालन करने का समय आ गया है। बुधवार को 8970 मरीज एक खतरनाक संकेत दे रहें हैं। देश में एक तरफ जहां प्रतिदिन कोरोना के मामलों में उछाल आ रहा है, वहीं कोरोना प्रोटोकाल का पालन करीब-करीब समाप्त हो चुका है।

एक सप्ताह में कोरोना के कारण देश में 68 लोगों की मौत की खबर है। इस स्थिति में केन्द्र व राज्य सरकारें सजग होने लगी हैं। 10 और 11 अप्रैल को समूचे देश में दो दिन की मॉक ड्रिल कर कोरोना से निपटने की तैयारियों या यों कहें कि दवाओं व संसाधनों की उपलब्धता को जांचा परखा गया। लगभग समूची दुनिया में यह माना जा चुका है कि कोरोना से बचाव के लिए कोरोना प्रोटोकाल का पालन एक कारगर माध्यम है। आज हम मास्क पहनना भूल गए हैं तो सेनेटाइजर का उपयोग भी लगभग बंद हो गया है। इसी तरह दो गज की दूरी की बात भी इन दिनों बेमानी हो चुकी है। मास्क के उपयोग को लेकर पिछले दिनों लोकल सर्कल द्वारा कराए गए सर्वे ने तो चिंता में डाल दिया है। सर्वे में सामने आया है कि केवल और केवल 6 प्रतिशत लोग ही मास्क के प्रति थोड़े गंभीर दिख रहे हैं।

## सामयिक

यानी की 6 प्रतिशत लोग ही मास्क का उपयोग कर रहे हैं। हालात तो यह है कि कोरोना तो दूर वाइरस जनित बीमारियों के फैलाव के बावजूद देश के किसी भी क्षेत्र के किसी भी अस्पताल में चल जाएं इक्के-दुक्के लोग ही मास्क लगाए दिखाई देते हैं।

यह तो अस्पतालों की हालत है जहां बीमार या तीमारदार ही जाते हैं। ऐसे में यह अपने आप में गंभीर हो जाता है। बाजार, सार्वजनिक परिवहन साधनों, मॉल्स, सिनेमागृहों, राजनीतिक रैलियों, धार्मिक स्थलों आदि पर खोजने से भी मास्क लगाए कोई नहीं दिखता। ऐसे में कोरोना संक्रमण के नए मामलों का आना चिंता का सबब है। खासतौर से केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और तमिलनाडु में जिस तरह कोरोना संक्रमण का अधिक फैलाव देखा जा रहा है, यह चिंतनीय है।

दरअसल कोरोना काल के अनुभव आज भी रुह कंपा देने के लिए काफी है। लंबा लॉकडाउन, सबकुछ बंद, प्रवासी श्रमिकों का हाईवे पर रेला, वेंटिलेटरों, ऑक्सीजन, बेड की तलाश में भटकते लोगों और कोरोना संक्रमण से मौत का ग्रास बनते लोगों के चित्र आंखों के सामने घूमने लगते हैं। कोरोना काल के अनुभवों को देखते हुए इन दिनों बढ़ते कोरोना संक्रमण को हल्के में लेने की भूल नहीं करनी चाहिये। सरकार को जनहित में जहां जागरूकता अभियान चला देना चाहिए वहीं सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने की अनिवार्यता सख्ती से लागू करने की पहल करनी चाहिए। खासतौर से चिकित्सालयों में सख्ती से इसका पालन होना चाहिए।

इसके साथ ही केवल सरकार के भरोसे नहीं रहकर सभी सजग लोगों और संस्थाओं को आगे आना चाहिए। यह नहीं भूलना चाहिए कि इन बचाव उपायों पर होने वाले खर्च से कई गुणा नुकसान आम लोग व सरकार लॉकडाउन और अन्य कार्यों पर भुगतती रही है। सबकुछ बंद हो उससे बेहतर सुरक्षा साधनों के प्रति जागरूकता और सुविधाएं उपलब्ध कराने से अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# ग्राम संसद भवन व संस्कृति केंद्र खंडहर में हुआ तब्दील

## मनचलों का आरामगाह और नशेड़ियों-जुआड़ियों का बना अड्डा

समशाद अंसारी

**केरेडारी।** हेवई पंचायत के पहरा गांव में नवनिर्मित ग्राम संसद भवन एवं ग्राम संस्कृति केंद्र भवन कबूतरों का बसेरा बन गया है।

केरेडारी प्रखंड मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर हेवई पंचायत के पहरा में बने नवनिर्मित भवन का उद्घाटन लगभग 8 वर्ष पूर्व किया गया था। उद्घटान के बावजूद इन भावनों का कोई उपयोग नहीं हुवा जिसके कारण ये भवन जर्जर होकर खंडहर में तब्दील होने लगे हैं। ये भवन अब मनचलो के लिए आरामगाह बन गया है। साथ ही नशेड़ियों व जुवेड़ियों का अड्डा भी बना हुवा है। शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है जो देर रात तक वहा महफिल सजाते है। आस पास के लोगों को इससे काफी परेशानी होती है।

भवनों का उपयोग नहीं होने से भवन की स्थिति जर्जर होते जा रही है। उक्त भवन खंडहर में तब्दील होते नजर आ रहा है।

भवन के कमरों में जंगल झाड़ उग आए हैं। छत एवं दीवारों पर भी पौधे उग गए हैं। वहां सांप-बिच्छुओं ने डेरा बना लिया है। खिड़कियों का कांच टूट गया है। मुख्य द्वार पर लगा गेट टूट गया है ! भवन के बाहर लगे टाइल्स उखड़ गए है।



### क्या कहते है मुखिया

हेवई पंचायत के मुखिया भारती देवी ने कहा कि भवन अभी काफी जर्जर हो गई है ।लेकिन भवन का मरम्मत किया जाए तो पंचायत के महिलाओं के लिए जेएसएलपीएस बैठक या प्रशिक्षण कार्यों के लिए उपयोग में लाया जा सकता है।

### क्या कहते हैं संसद प्रतिनिधि

केरेडारी सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार बताते हैं कि पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू अपना गांव पहरा होने के कारण उन्होंने पहरा में ही ग्राम संसद भवन तथा ग्राम संस्कृति केंद्र अखाड़ा बनवाएं। अगर केरेडारी मुख्यालय परिसर में यह बना होता तो शायद या आज खंडहर या मनचलो का आशियाना नहीं होता। आज केरेडारी प्रखंड मुख्यालय में दूरदराज से आ रहे महिलाओं के लिए ना ठहरने का व्यवस्था है ना कोई बैठक करने की आवास है।

# लोकतंत्र को ध्वस्त कर रही है भाजपा सरकार : अकेला

### गौरियाकरमा पंचायत में जय भारत सत्याग्रह को लेकर विधायक ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता




**बरही।** प्रखड कांग्रेस कमेटी की ओर से गौरियाकरमा पंचायत में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन किया गया।मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला, पीसीसी डेलिगेट झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी सह ज़िला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, परमेश्वर यादव, पूर्व मुखिया मनोज कुशवाहा, शाजिद आलम, महेश यादव, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, अर्जुन यादव, मो उपेंद्र पांडे, मो कयूम, मो इलियास, विशाल यादव आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि आज देश गंभीर संकट से गुजर रहा है।केंद्र सरकार तानाशाही रवैये से लोकतंत्र को नेस्ता नाबूद करने पर तुली है। केंद्र सरकार अपने अड़ियल रवैये से एक उद्योगपति अदानी को बचाने के लिए एलआईसी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में जमा गरीबों की राशि अडानी के सेल कंपनियों में कर्ज के नाम दिला कर एलआईसी और बैंकों को बेचने कि तैयारी कर रही हैं।

उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को कहा कि राहुल गांधी को एक साजिश के तहत एक अवमानना याचिका दायर करवाकर एक मुद्दा हीन मामले में 2 वर्षो की सजा सुनाई गई है। 24 घंटे में लोकसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर उनका लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दिया है, जो बिल्कुल गलत एवं अलोकतांत्रिक है।यदि इसी प्रकार केंद्र की सोच और नीति रही टी आने वाले समय मे संविधान के मौलिक अधिकारों से आमजनों को बेदखल करने में देर नही लगेगी।जिस लोकतांत्रिक तरीके से आम जनता वोट के माध्यम से जनप्रतिनिधियों को चुनकर सरकार बनाने का किया जाता है।उस संविधान की शक्तियों को समाप्त किये जाने की साजिश किया जा रहा हूं।उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि इस साजिश से बचने की जरूरत है।

## शिलापट्ट पर नाम न देखकर इचाक मुखिया संघ अध्यक्ष का छलका दर्द

**इचाक।** प्रखंड के अलौंजा खुर्द पंचायत में बन रहे पुलिया निर्माण कार्य के शिलापट्ट पर नाम को लेकर पंचायत में कई बार मुखिया का दर्द छलक चुका है ।कई बार यह दर्द मंच से बयां हो चुके हैं । वे अपने दर्द को जिक्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लेकर जिले के उपायुक्त सामने कर चुके हैं। लेकिन उनके दर्द को सुनने समझने वाला कोई नहीं है। पंचायत में किए गए विकास कार्य व निर्माण से संबंधित शिलापट्ट पर नाम ना होने के मुद्दे पर विवाद के बाद राजनीति भी गरमा गई है। फर्क बस इतना है कि मामला मारपीट तक नहीं पहुंचा है। लेकिन वह दिन भी दूर नहीं जब यह दिन भी देखने को मिल जाएगा। ग्राम पंचायत अलौंजा खुर्द में डीएमएफटी मद अंतर्गत अलौंजा कला के हदहदवा नाला पर पुलिया निर्माण कराया गया है।

इसके शिलापट्ट में सांसद अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, व जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ,एवं जिला परिषद सदस्य रेनू देवी का नाम तो है। परंतु स्थानीय पंचायत के मुखिया संघ अध्यक्ष सकेद्र प्रसाद मेहता एवं पंचायत समिति सदस्य महेंद्र पांडे से गायब है ।

इस पर नाराजगी जताते हुए ,सकेंद्र प्रसाद मेहता ने 12 अप्रैल को होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है, साथ ही अन्य मुखिया से भी कार्यक्रम का विरोध करने की अपील की है। यहां तक की संवेदक द्वारा स्थानीय मुखिया को उद्घाटन का कार्यक्रम जनकारी तक भी नहीं दिया गया।

## लोकल सेल खोलने की मांग

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल लोकल सेल को ले अब विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण एकजुट हुए हैं। प्रबंधन से वार्ता के दौरान विस्थापितों ने एक मंच पर आकर सेल संचालन समिति का गठन करने की बात कही है।

बुधवार को सयाल परियोजना कार्यालय के समक्ष सौंदा बस्ती, सरैया टोला व चारू टोंगरी के सैंकड़ो विस्थापित-प्रभावित ग्रामीणों ने प्रबंधन के समक्ष लोकल सेल में अपनी शत प्रतिशत दावेदारी पेश कर प्रबंधन से अविलंब लोकल सेल चालू करने की मांग की। रैयत विस्थापित मोर्चा के गजानंद प्रसाद ने कहा कि सभी विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण लंबे समय से संघर्षरत हैं। हमलोगों का उद्देश्य लोकल सेल चालू कराना, अधिग्रहित जमीन के बदले बकाया नौकरी व मुआवजा दिलाना और आउट सोर्सिंग कंपनी में वैकल्पिक रोजगार सृजन कर प्राथमिक लक्ष्य है। जिसे हर कीमत में पूरा किया जायेगा।

# मेरी रिहाई रामगढ़ की जनता की जीत : ममता

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। बहुचर्चित गोला गोलीकांड में हाईकोर्ट से बेल मिलने के बाद हजारीबाग जेल से निकलने के बाद रामगढ़ की पूर्व कांग्रेस विधायक ममता देवी बुधवार को पटेल चौक पहुंची। यहां पर उनका कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। न्याय यात्रा में बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद भी शामिल हुई । ममता देवी ने कहा कि रामगढ़ में लोकतंत्र को पैसे के बल पर खरीदा गया है । मैं रामगढ़ की जनता के लिए पहले भी तत्पर थी और आगे भी मैं तत्पर



रहूंगी। उन्होंने कहा कि जनता ही हमारी प्राथमिकता है। वहीं, विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आज रामगढ़ के लिए खुशी का दिन है कि हम सबों के बीच पूर्व विधायक ममता देवी वापस आ गई हैं । उन्होंने कहा कि ममता देवी हमेशा लोगों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करती रही हैं। कहा कि लोगों के हित में संघर्ष की उनकी पहचान है। इसके बाद एक सुसज्जित खुली जीप पर पूर्व विधायक ममता देवी और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद सवार हुईं और न्याय यात्रा समर्थकों के काफि ले के साथ आगे बढ़ी। इस क्रम में दोनो ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर दोनो ने माल्यार्पण किया। ममता देवी अंबेडकर पार्क स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा व गांधी चौक स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया है।

# एनटीपीसी ने बच्चों को दी साइकिल

खबर मन्त्र संवाददता

**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा परियोजना प्रभावित बच्चों के लिए साइकिल वितरण का अभियान चलाया जा रहा है। इस वितरण समारोह में कुल 1277 साइकिल वितरित की जाएंगी।

केरेडारी परियोजना के खनन कार्य के शुभारंभ के अवसर पर पांच अप्रैल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मनोज रतन चोथे एवं पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) द्वारा यह साइकिल वितरण अभियान का आरंभ हुआ है। दिनांक 12.04.2023 तक एनटीपीसी केरेडारी द्वारा 595 साइकिलों का वितरण किया जा चुका है। और यह वितरण अभियान




परियोजना प्रभावित ग्रामों के 9 विद्यालयों में किया जा रहा है।

इन सभी विद्यालयों के नाम है : उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कावेद, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बालेदवरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेंगवारी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोपदा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनातु, प्राथमिक विद्यालय तरेहसा, प्राथमिक विद्यालय लोचर, प्राथमिक विद्यालय डुमरी। इस अभियान की देखरेख केरेडारी परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब द्वारा की जा रही है।

फैज तैय्यब बताते हैं कि यह साइकिल वितरण योजना छात्र-छात्राओं की पढाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस मौके पर केरेडारी परियोजना के अपर-महाप्रबंधक एस.पी गुप्ता, एवं वरिष्ठ प्रबंधक श्री आशिष कुल्लु एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेता राजीव जायसवाल रिहा



**रामगढ़।** भाजपा नेता राजीव जायसवाल जेल से रिहा होने के बाद बुधवार को रामगढ़ पहुंचे। जहां उन्होंने सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि मैं न्यायालय का सम्मान करता हूं और मुझे विश्वास है कि न्यायालय मेरे मामले में उचित निर्णय देगी। वहीं, आगे की रणनीति पर उन्होंने कहा कि मैं हमेशा आम लोगों के हक के लिए संघर्ष करता रहा हूं और आनेवाले समय में भी आम लोगों के हित में मेरा संघर्ष जारी रहेगा। कहा कि मैं हमेशा लोगों के हित में कार्य करता रहा हूं और आनेवाले समय में भी मैं लोगों के हित में कार्य करता रहुंगा। इससे पूर्व उनके हजारीबाग से आने के क्रम में कुजू में समर्थकों ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। वहीं, रामगढ़ सुभाष चौक पहुंचने पर उन्होंने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके उपरांत वाहनों के काफिले के साथ आगे बढ़ गए। इस क्रम में गांधी चौक, गोला रोड, चितरपुर आदि स्थानों पर उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत उनका काफिला गोला पहुंचा। जहां उन्होंने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं हमेशा से आम लोगों के बीच रहकर उनके हितों से जुड़े मुद्दों को उठाने का कार्य करता रहा हूं। जिसे मैं भविष्य में भी जारी रखुंगा। मौके पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे।

### भुरकुंडा में खुले केंद्रीय विद्यालय

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झामुमो के जिला संयुक्त सचिव उदय मालाकार ने केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को भुरकुंडा क्षेत्र के सरकारी जमीन पर पुन: स्थापित करने को ले उपायुक्त रामगढ़ को पत्र प्रेषित किया है। पत्र के माध्यम से श्री मालाकार ने कहा है कि तकरीबन दो दशक पहले यह विद्यालय भुरकुंडा के रिवर साइड में संचालित था। लेकिन बिल्डिंग की स्थिति जर्जर होने की कारण सीसीएल कंपनी ने इसे सुरक्षा के दृष्टिकोण से घुटवा के बंद पड़े जीएम आफिस में शिफ्ट कर दिया। साथ ही बताया गया कि बहुत जल्द भुरकुंडा क्षेत्र में विद्यालय का निर्माण कराकर इसे सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। लेकिन अब तक यह कार्य नहीं हो सका। उदय मालाकार ने पत्र में कहा है कि मैंने पतरातू ब्लक से लेकर रामगढ़ डीसी कार्यालय तक तकरीबन तीन चार बार पत्राचार किया। साथ ही इसके लिए आंदोलन की घोषणा भी हुई। लेकिन अधिकारियों के आश्वासन के उपरांत आंदोलन को वापस ले लिया गया, और एक बार फिर से यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

### होमगार्ड जवान के निधन पर शोक



भुरकुंडा (रामगढ़)। नीचे धौड़ा भुरकुंडा निवासी होमगार्ड हवलदार विजय रविदास के आकस्मिक निधन पर बुधवार को नीचे धौड़ा में श्रद्धांजलि सह शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्व.विजय रविदास के तस्वीर पर माल्यापण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। ज्ञात हो कि नीचे धौड़ा भुरकुंडा निवासी होमगार्ड हवलदार विजय रविदास 40 वर्ष का निधन 2 अप्रैल को इलाज के दौरान रांची में हो गया था। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में रामगढ़ होम गार्ड जिला समादेष्टा रवि कुमार कुजूर, कंपनी कमांडेट राजेश कुमार, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, भुरकुंडा मुखिया अजय कुमार पासवान, किशुन नायक, मनोज ऋषि, योगेंद्र करमाली, शशिकांत कुमार, संजय नायक, चंद्रनाथ साव, रामविकाश बेदिया, राजन राम, विजय राम, अरुण राम, हरदेव राम, राजकुमार राम, राजू महतो, उत्तम साव, छोटन कुमार, रविंद्र कुमार धनराज करमाली, फूलचंद राम, शिवशंकर भंझ्या सहित कई लोग शामिल थे।

### जंगल बचाने को लेकर बैठक



**कुजू।** वन संरक्षण समिति की बैठक मुरपा शिबू टोला में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सुखराम टुडू ने किया। बैठक के दौरान मौजूद ग्रामीणों ने जंगल को आग से लगने से कैसे बचाया जाये, जंगल को उजड़ने से कैसे रोका जाये, जंगल का संरक्षण कैसे किया जाए इस पर अपने-अपने विचार दिये। साथ ही ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि जंगल से लकड़ी काटने वाले को जुमार्ना लगाया जायेगा। बैठक में वनरक्षी रंजीत कुशवाहा, कुजू वन समिति अध्यक्ष रंजीत कुमार, पूर्व मुखिया अशोक कुमार नेहा कुमारी, संयोगिता देवी, पंचित महतो, रामलाल मांझी, सुखराम मांझी, बादल कुमार, महेश महतो, मक्खन महतो, सुरेंद्र महतो, सुरली सोरेन, संजू मांझी, बाबूलाल मांझी, बहामुनी देवी, तालोमुनी मुर्मू, सानिया कुमारी, संगीता देवी आदि मौजूद थे।

### साइकिल से गिरकर मजदूर की मौत

**कुजू।** क्षेत्र के बोंगावार स्थित भगवती राइस मिल में कार्यरत मजदूर फरदिह मुंगेर निवासी श्याम किशोर रजक (करीब 48 वर्ष) पिता जुगल रजक की मौत साइकिल से गिरकर हो गयी। वह सब्जी खरीददारी के लिए सांडी बाजार जा रहा था। इसी बीच धर्म कांटा के समीप अचानक चक्कर आने के बाद सड़क पर जा गिर गया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। घटना की सूचना बाद कुजू ओपी के सअनि लेखनाथ सिंह सदल बल पहुँचे और शव को अपने कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिए। लेकिन अस्पताल में परिजनों के नही आने पर शव को फिलहाल शीतगृह में रखा गया। वहीं पुलिस परिजनों का इंतजार कर रही है।

## एक नजर में

### खराब पड़े चापाकल को लेकर बैठक



**चरही ।** प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति सदस्यों की एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक और संचालन बीडीओ इंदर कुमार ने किया। बैठक में आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल विभाग को कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी पंचायतों के मुखिया को खराब पड़े चापाकल तथा जल मीनार की सूची बनाकर एक सप्ताह के अंदर प्रखंड मुख्यालय को सौंपने का निर्देश दिया गया है। अंचल विभाग को अतिक्रमित भूमि को शीघ्र मुक्त कराने का निर्देश दिया गया है। पूरे प्रखंड में पंचायत समिति सदस्यों को जन वितरण प्रणाली दुकान द्वारा अनाज वितरण की प्रक्रिया पर नजर रखने का आदेश दिया गया है। तथा प्रखंड के वैसे गांव में बिजली तार की चोरी हो गई है, वैसे गावों में विद्युत आपूर्ति के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश विद्युत विभाग को दिया गया है। बहेरा पंचायत भवन से घाटों मोड़ जाने वाली मुख्य पथ का निर्माण मुखिया को ग्रामसभा करा कर डीएमफीटी की योजना को सूची शामिल करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा पेंशन,मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं 15 वीं वित्त पर बारी-बारी से समीक्षा की गई। बैठक में भूत प्रमुख संजय सिंह,सांसद प्रतिनिधि संजय कुमार साव, पंचायत समिति सदस्य सुषमा मुर्मू,शीतल हेंब्रोम,मालती देवी,निरंजन महतो सहित दोनों विभाग के कई कर्मी उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

केरेडारी । भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के आवाहन पर केरेडारी से भाजपा कार्यकर्ता सैकड़ो की तादाद में ने हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ आंदोलन में शामिल हुए। केरेडारी से नेतृत्व कर रहे मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साहू विधानसभा क्षेत्र सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, केरेडारी सांसद प्रतिनिधि बद्री नारायण सिंह, पूर्व विश्वरी अध्यक्ष उपेंद्र सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष बाल गोविंद सोनी, जिला मंत्री अमित प्रसाद गुप्ता, केरेडारी से सैकड़ों की संख्या में शमिल कार्यकर्ता भाग लिए। भारती जनता पार्टी युवा मोर्चा नेता शेर सिंह ने कहा कि जब तक सरकार हटाएंगे नहीं तब तक विरोध छोड़ेंगे नहीं। उक्त आशय कि जानकारी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के केरेडारी मंडल अध्यक्ष शेर सिंह उर्फ सुनील राज सिंह ने पत्रकारों को दी जानकारी है।

### उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय का होगा सौंदर्यीकरण

टाटीझरिया। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय झरपो में सुन्दरीकरण कार्य का शिलान्यास कोडरमा लोकसभा सांसद सह केन्द्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपुर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने संयुक्त रूप से बुधवार को फीता काटकर किया. इस दौरान सांसद, विधायक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. सभी ने बारी बारी से आए मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया .कोडरमा लोकसभा सांसद सह केन्द्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अणपूर्णा देवी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र से हर व्यक्ति को जोड़ने तथा शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वह पूरी तत्परता के साथ अपने प्रयासों में जुटे हुए हैं. जिससे हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ा जाए तथा हर क्षेत्र को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर समाज को एक नया आयाम प्रदान किया जाए। मौके पर उपप्रमुख रवि वर्णवाल, कैलाशपति सिंह, सुरेन्द्र यादव, सांसद प्रतिनिधि उमेश प्रसाद, अजय प्रसाद, दशरथ नारायण सिंह,महेश अग्रवाल , रामप्रसाद कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र पांडेय, अजय कुमार, प्रवील प्रसाद, कोलेश्वर मिश्र, चिंतामनी प्रसाद,प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र दीपक, महेन्द्र इंदीवर, संदीप, रवि कुमार, छोटु प्रसाद, विजय प्रसाद व अन्य शामिल हुए ।

### फरार कोयला माफिया गिरफ्तार

**केरेडारी।** केरेडारी थाना कांड संख्या 185/22 एवं 200/22 में फरार कोल माफिया मदन साव उर्फ विजय साव पिता स्व० दशरथ साव ग्राम- बुंडू, थाना- केरेडारी, जिला- हजारीबाग को गिरफ्तार किया गया है, खबर लिखे जाने तक जेल भेजने की तैयारी चल रही थी।

### समाज सेवी महावीर प्रसाद का खैरा में मिला शव



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के खैरा करमा में मेन रोड के बगल के ईश्वर दयाल प्रसाद के बारी में लुंदरु के सामाजिक कार्यकर्ता महावीर प्रसाद कुशवाहा पिता ईश्वर महतो 55 वर्ष का शव बुधवार सुबह को मिला। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार और ए एस आई रामनाथ सिंह दल बल के साथ घटना पहुंच कर शव को अपने कब्जा में लेकर पोस्टमास्टर्म के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं परिजनों ने हत्या का आशंका जताया है। मृतक के परिजनों का रोरोकर बुरा हाल था।घटना स्थल पर लुंदरू, बसरिया, देवकुली और खैरा के ग्रामीण पहुंच कर घटना की निंदा की। खैरा मुखिया कुमारी माधुरी, देवकुली के उमेश गिरी, परमेश्वर राम समेत अन्य ने भी घटना की निंदा किया और दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करने के बात कहा। सूत्रों से पता चला के महावीर अपने तीन दोस्तो के साथ चेंगरा में दारू पिया और वह घर नही पहुंच पाया। परिजन और लोगो ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है । महावीर का बेटा खगेन्द्र ने बताया कि मेरे पिता जी ने मंगलवार को शाम में दस मिनट में आने को बात कह कर अपने दो दोस्तों के साथ गया था हमे लगता है की वही सब हत्या कर दिया है । वही टाटीझरिया थाना प्रभारी. जितेंद्र कुमार ने बताया कि दुघर्टना या हत्या का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा वैसे अगर जो भी दोषी होगा उसे बक्सा नही जायेगा।

### तिलैया डैम में डूबकर महिला ने दी जान

**बरही।** पटना रोड स्थित जवाहर घाट में के तिलैया डैम में डूबकर एक विधवा महिला ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान मसोमात उमनी देवी उम्र लगभग 53 वर्ष पति स्व जगदीश यादव ग्राम हरला के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला अपने गांव के एक सरकारी विद्यालय में रसोइया के रूप में कार्य करती थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला पिछले कुछ दिनों से तनाव में चल रही थी।जिससे वह काफी परेशान थी। महिला मंगलवार देर शाम बेंदगी पंचायत के पोड़ैया पहुंची और आत्महत्या करने के इरादा से वह नदी में कूद गई। वहीं खेत में काम कर रहे किसानों ने जब महिला को डूबते देखा तो किसानों ने महिला को डूबने से बचाया। लेकिन उसके कुछ देर बाद ही महिला की मौत हो गई। वहीं स्थानीय लोगों ने इस बात की जानकारी बरही थाना को दी जानकारी मिलते ही बरही थाना ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। वहीं मृतक महिला का अंतिम संस्कार बुधवार को हरला में किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक उमाशंकर अकेला, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, कांग्रेस जीप उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, मुखिया मुकेश कुमार, रघुनन्दन गोप सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# शास्त्रीनगर में स्थिति सामान्य, पर सुरक्षा बलों की तैनाती कायम रहेगी

**अभय सिंह से मिलने जेल पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद, जेल गेट पर डेढ घंटे खड़े रहे, प्रशासन ने नहीं दी मिलने की अनुमति**



शास्त्रीनगर में प्रफुल्लित मुद्रा में दुकानदार।


शास्त्रीनगर में तैनात पुलिस बल।


शास्त्रीनगर बजरंग बली मंदिर के सामने पुलिस का टेंट।


**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गत 9 अप्रैल को कदमा के शास्त्रीनगर में उपद्रव के बाद अब जन-जीवन सामान्य हो चला है। क्षेत्र की सभी दुकाने सामान्य दिनों की तरह खुली रही किन्तु ऐतिहात के तौर पर प्रशासन ने धारा 144 को जारी रखा है। पुलिस बल एवं रैपिड एक्शन फोर्स के जवान पूर्व की तरह क्षेत्र में अगले आदेश तक तैनात रहेंगे। जवानों को कड़ी धूप से बचाने के लिए प्रशासन ने आज उनके लिए जगह-जगह टेंट लगवा दिया है। जमशेदपुर के सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने खबर मन्त्र से कहा है कि शास्त्रीनगर में विधि-व्यवस्था सामान्य हो गई है किन्तु अगले कुछ दिनों तक यहां धारा 144 और जवानों की तैनाती बनी रहेगी। हमलोग हर दिन स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि आज किसी और गिरफ्तारी की खबर नहीं है।

दूसरी ओर, घाघीडीह सेंट्रल जेल में बंद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अभय सिंह से मिलने आज दोपहर 12 बजे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश और जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद विद्युतवरण महतो जेल पहुंचे। किन्तु जेल प्रशासन ने उनको अभय सिंह से मिलने नहीं दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने यहां पत्रकारों से कहा, यह प्रशासनिक मनमानी की प्रकाष्ठा है। मैं अपने निर्वाचित सांसद के साथ अभय सिंह से मिलने पूर्व सूचना देकर जेल पहुंचा किन्तु जेलर ने कहा कि आपलोग अभय सिंह से नहीं मिल सकते,क्योंकि मुलाकात का समय खत्म हो चुका है। जेल प्रशासन ने यह कदम जिले के एक वरिष्ठ नौकरशाह के आदेश पर उठाया है। मैं खुद कानून का छात्र रहा हूं। यह भी जानता हूं कि कैसे अपराधियों से जेल प्रशासन उनके आकाओं से रात 9 बजे भी मुलाकात करवा देता है। जन प्रतिनिधि के नाते हमलोग शाम से पहले विचाराधीन कैदी से मिल सकते हैं किन्तु जेल प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी है। दीपक प्रकाश ने चेताया कि सरकार के इशारे पर नाचने वाले अधिकारी गांठ बांध ले कि उन्हें कानून के तहत काम करना है न कि किसी मंत्री, मुख्यमंत्री के इशारे पर नाचना है। समय आने पर ऐसे अधिकारियों का हमलोग हिसाब लेंगे और जरुरत पड़ी तो सदन में अवमानना का मामला भी उठा सकते हैं।

## स्पीड न्यूज

### बीजेएमटीयूटी के प्रदेश अध्यक्ष बने राम कृष्ण दुबे



**जमशेदपुर।** मजदूर नेता के पुत्र और पूर्व भाजपा नेता रामकृष्ण दुबे को भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन कांउसिल का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। बीजेएमटीयूटी का कहना है कि भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन कौंसिल नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रेरित एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष, बिरेंद्र सिंह मस्त जैसे नेताओं के देखरेख में मजदूरों की बातों को सही जगह पर रखने और न्याय दिलाने का कार्य करते है।

### डीएमपीएस स्कूल में मिलेगी उच्च स्तरीय शिक्षा



**चांडिल।** बुधवार को चांडिल के एकमात्र सीबीएसई एफिलेटेड दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के प्रिंसिपल संपा बनर्जी ने अभिभावकों से कहा डीएमपीएस स्कूल चांडिल सीनियर सेकेंडरी प्लस टू के विद्यार्थियों को फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स एवं बायोलॉजी के जमशेदपुर के नामी एक्सपर्ट टीचर डीएमपीएस आकर सप्ताह में तीन दिन प्लस टू साइंस के छात्रों को इंटरमीडिएट के साथ-साथ उच्च स्तरीय परीक्षा से संबंधित भी तैयारी विशेष रुप से कराई जाएगी। इस मौके पर बिहार स्पोंज के सीनियर जनरल मैनेजर आर के शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### गम्हरिया : सिलिंडर फटने से होटल में आग पिता-पुत्र झुलसे

**गम्हरिया।** गम्हरिया थाना अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के लार्ज सेक्टर स्थित आईओसी कंपनी गेट के समीप बुधवार की दोपहर एक झोपड़ीनुमा होटल में अचानक गैस सिलेंडर फटने से आसपास अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। उक्त घटना में होटल संचालक लंबोदर उर्फ सुभाष महतो और उसका नौ वर्षीय पुत्र चिरंजीत महतो गंभीर रूप से झूलस गया। साथ ही, लंबोदर महतो की पत्नी को भी हल्की चोटें लगी। घटना की सूचना पाकर पहुंचे समाजसेवी बबलू प्रधान ने इसकी जानकारी गम्हरिया पुलिस व अग्निशमन विभाग को दी।

### सामाजिक समरसता बनाये रखें नगरवासी : रानी गुप्ता

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण एवं जन कल्याण संगठन झारखंड की वरीय उप निदेशक एवं समाज सेविका रानी गुप्ता ने जमशेदपुर की आम जनता और खासकर युवा वर्ग से अपील किया है कि वे शहर के सामाजिक समरसता भाईचारा को सुदृढ़ बनाते हुए गलत अफवाहों पर ध्यान ना दें। गुप्ता ने कहा है कि शहर की शांति प्रिय और प्रबुद्ध लोगों को चाहिए ऐसे लोगों को चिन्हित कर जिला प्रशासन के संज्ञान में लाएं।

### रामनवमी जुलूस के दौरान सड़क जाम करने के आरोप में 5 गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** रामनवमी जुलूसके दौरान सड़क जाम कर आगजनी करने एवं रेलवे ट्रैक जाम करने के मामले में जुगसलाई पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवकों में अभियुक्त विक्की यादव उर्फ राजा उर्फ विवेक,अप्राथमिक अभियुक्त चिक्कू गुप्ता,आकाश सिंह, शुभम शर्मा और अभिषेक साहू शामिल हैं।

### बागुनहातु : 18 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा पुलिस ने 18 पुड़िया ब्राउन सूगर के साथ बागुनहातु रोड नंबर 3 निवासी शिव प्रसाद के 26 वर्षीय पुत्र विकास कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बागुनहातु फुटबॉल मैदान के पास विकास और एक अन्य व्यक्ति पुलिस गश्ती टीम को देख कर भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर विकास को पकड़ लिया जबकि एक अन्य भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने विकास का जब जांच किया तो उसके पास एक भूरे बैग में 18 पुड़िया मादक पदार्थ ब्राउन सुगर बरामद किया। विकास को जेल भेज दिया है।

# पत्थरबाजों और पूजा करने वालों पर एक समान धारा लगाना शर्मनाक : दीपक प्रकाश

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने संवाददाता सम्मेलन में पुलिस प्रशासन को कोसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश। साथ में सांसद विद्युतवरण महतो, डॉ गोस्वामी, गुंजन आदि।

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने आज जमशेदपुर के एक दिवसीय दौरे पर पार्टीजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं से मिलने के पश्चात संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर का प्रशासन और पुलिस कानून का पालन करने की जगह राज्य सरकार के हाथों का खिलौना बनी हुई है। शास्त्रीनगर में बीते दिनों हुए उपद्रव सुनियोजित थे।

बजरंग बली मंदिर पर हनुमान चालीसा पाठ करने एकत्र हुए लोगों पर इफ्तार पार्टी से निकले लोगों ने पत्थर फेकें। पुलिस जब उन्हें पकड़ने गई तो बड़े पैमाने पर घंटों पुलिस पर उपद्रवियों ने पत्थरबाजी की। किन्तु जमशेदपुर पुलिस ने उपद्रवियों और मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ करने एकत्र हुए भक्तों के बीच अंतर करने की जगह दोनों पक्षों पर न सिर्फ प्राथमिकी दर्ज कर आपराधिक धाराएं लगा दीं बल्कि मनमाने ढंग से भाजपा नेताओं की गिरफ्तारी की और जेल भेजा। यह कौन सा न्याय है कि पुलिस पर पत्थरबाजी करने वाले और मंदिर में पूजा करने वाले एक ही तराजू पर तौले जाएं। पुलिस ने वरिष्ठ भाजपा नेता अभय सिंह, सुधांशु ओझा पर आपराधिक मामले दर्ज कर अपराधियों के अंदाज में उन्हें गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। अभय सिंह के घर का दरवाजा तोड़ कर पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर ले गई जबकि सुधांशु ओझा पूरी धाम में दर्शन करने गए थे, जमशेदपुर पुलिस उन्हें वहां से मारते-पिटते गिरफ्तार कर जमशेदपुर लाई और जेल में डाल दिया। यह तो मानवाधिकार का सरासर उल्लंघन है। दीपक प्रकाश ने कहा कि पुलिस ने जितने भी भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है वे सभी निर्दोष है। हम पूछना चाहते हैं कि जिन कार्यकर्ताओं पर आर्म्स एक्ट लगाया है गया है पुलिस ने उनके घर अथवा उनके कमर से कोई आर्म्स बरामद किया है? नहीं किया है तो आर्म्स एक्ट कैसे लगा दिया। पुलिस ने किस कदर भेदभाव किया है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शास्त्रीनगर में आयोजित इफ्तार में एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भी उपस्थित थे। इसी इफ्तार पार्टी से उठ कर आये लोगों ने उपद्रव किया किन्तु पुलिस ने कांग्रेस के उक्त वरिष्ठ नेता से पूछताछ तक नहीं की बल्कि उपद्रवियों के साथ गिरफ्तार एक कांग्रेस नेता को पुलिस ने रातोरात हिरासत से मुक्त कर दिया।

यह अन्याय नहीं तो क्या है? संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष के साथ सांसद विद्युतवरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा दिनेशानंद गोस्वामी व गूंजन यादव भी उपस्थित थे। इन नेताओं ने भाजपा नेता अभय सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुधांशु ओझा और किशन सिंह के घर गए और परिजनों से कहा कि पार्टी उनके साथ है।

# एसएनटीआइ लाइब्रेरी की सुविधा नन टाटा इंपलाई के बच्चों को भी दे टाटा स्टील : मुकेश मित्तल

सिंहभूम चैम्बर के उपाध्यक्ष ने टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी को लिखा पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष (जनसंपर्क एवं कल्याण) मुकेश मित्तल ने टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कारपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी को पत्र लिख कर एसएनटीआई की समृद्ध लाइब्रेरी की सुविधा नन-टाटा इम्पलाई के बच्चों के लिए भी देने की मांग की है। पत्र में मुकेश मित्तल ने लिखा है कि एक सदी पहले अपनी स्थापना के बाद से ही दशकों तक टाटा स्टील लिमिटेड, स्टील उत्पादक होने के बावजूद इस शहर में रहने वाले लोगों की सामाजिक जरूरतों और आकांक्षाओं के लिये कार्य करता रहा है, जो कंपनी के द्वारा अपनाई गई नीतियों के तहत कमजोर वर्ग के लोगों के उत्थान के लिये स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। टाटा स्टील ने अपने कर्मचारियों एवं उनके बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये बहुत पहले एक तकनीकी पुस्तकालय की स्थापना की है जो केवल टाटा कर्मचारियों एवं उनके बच्चों के उपयोग के लिये ही है। मित्तल के अनुसार जमशेदपुर में हजारों बच्चे हैं जो तकनीकि शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन अपने माता-पिता की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण अपनी पढ़ाई को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिये महंगी तकनीकि किताबें खरीदने में असमर्थ हैं। ऐसे में बकौल मित्तल एसएनटीआई पुस्तकालय की संपत्ति की सुरक्षा की आवश्यक जांच के साथ-साथ एक उचित प्रणाली विकसित की जाय ताकि एसएनटीआई पुस्तकालय में उपलब्ध तकनीकि पुस्तकें गैर कर्मचारियों के बच्चों तक भी पहुंच सके। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि सद्भावना संकेत के रूप में, शहर के गैर-कर्मचारियों के बच्चों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुये उपरोक्त विषय के आलोक में इस मामले पर विचार किया जायेगा।

# शास्त्रीनगर में ब्लॉक नंबर 2 और 3 के बीच फोर लेन सड़क निर्माण प्रगति पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शास्त्री नगर दो और तीन नंबर ब्लॉक में इनरसर्किल फोरलेन बनाने का काम शुरू हो गया है बरसों से लटके आधा किलो मीटर लंबे इस प्रस्तावित स्थल का काम अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों के चलते लटका हुआ था। शास्त्री नगर में सांप्रदायिक तनाव बढ़ने पर डीसी विजया जाधव क्षेत्र के निरीक्षण पर थी तभी सड़क अतिक्रमण पर उनका ध्यान गया था और उन्होंने लगे हाथ अतिक्रमण हटाने का काम शुरू करवा दिया था। दुकानों का अतिक्रमण हटने के पश्चात टाटा स्टील यूआइएसएल ने यहां पांच निर्माण एजेंसियों को लगा कर के फोरलेन सड़क का निर्माण शुरू कर दिया है। 200 से अधिक कर्मचारी,दो जेसीबी और 5 हाईवा लगाकर यहां खुदाई चल रही है और सड़क निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। इस सड़क के अलावा ब्लॉक नंबर -दो में सर्विस लेन व रोड डिवाइडर बनेगा। इस सड़क का निर्माण पूर्ण होने से भारी वाहनों की आवाजाही आसानी से सुनिश्चित हो सकेगी। सड़क संकरा होने के चलते यहां पर भारी वाहनों के आवागमन में दिक्कत होती थी।

# सरायकेला में राजकीय छऊ महोत्सव सह पर्यटन मेला का शुभारंभ


मेला का उद्घाटन करते मुख्य जिला न्यायाधीश विजय कुमार व अन्य।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

सरायकेला/ जमशेदपुर।भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम सरायकेला में राजकीय छऊ महोत्सव सह पर्यटन मेला कार्यक्रम का प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज विजय कुमार सर के द्वारा मंच पूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पद्म श्री छूटनी महतो, सेसन जज 1, सेसन जज 2, प्रिंसिपल जज फॅमिली कोर्ट, एसडीजेएम, सीजेएम, डालसा सचिव, उप विकास आयुक्त प्रवीण गागराई, एसडीएम सरायकेला एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित है।

# मोदी राज में जनता महंगाई से बेहाल : आनंद बिहारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने गुरूद्वारा बस्ती में नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के दमनकारी नीति का खिलाफ करते हुए कहा कि भाजपा सरकार नित्यप्रति दिन आम नागरिकों पर महंगाई रूपी प्रहार पर प्रहार कर रही है। मध्यमवर्गीय परिवार और गरीब परिवार के घरों में गैस सिलेंडर से खाना बनना बंद होता जा रहा है। अब 1142:50 रू में मात्र एक सिलेंडर कौन खरीद पायेगा। गरीबों के पैसे से महंगे महंगे होडिंग पेट्रोल पंप पर मोदी जी अपना चेहरा चमकाने के लिए पांच हजार से पच्चीस हजार तक का सरकारी पैसा लुटवा रहें है। ये जनता के उपर महा बोझ के समान है। छोटे एवं मध्यमवर्गीय व्यपार बंद हो रहे है। बड़े बड़े उधोगपतियों को दोनों हाथ से धन लुटवा रहे है। आम जनता का जमा पूंजी एलआईसी एवं एसबीआई के निवेश को अडानी को दिलवा दिये है। करोडों जनता की गाढ़ी कमाई खतरे में है। भारत में बेरोजगार युवाओं का भविष्य चौपट करने का कार्य भाजपा सरकार कर रही है। रेलवे को कमजोर कर बहाली नगण्य की गई है। 2024 के लोकसभा चुनाव में आम जनता मोदी जी से दूरी बनाने लगे तो भाजपा ने सम्पूर्ण देश में दंगा फसाद का योजना को पुजा पाठ, पर्व त्योहार में घुस घुस कर दंगा करवाने पर आमादा है। झारखण्ड सरकार ने इसको परख कर बहरूपिये को धर दबोच रही है। दंगा फसाद बढ़ाकर सिर्फ और सिर्फ भाजपा कुचक्र रचती है। कांग्रेस पार्टी आप सबों के बीच पहुंची है, आप सभी मिलकर देश को बचाईए, मोदी जी धड़ल्ले से सरकारी उपक्रम बेच रहें है। इससे देश बहुत कमजोर होगा। अडानी समुह में 20 हजार करोड किसके है जनता को बताओं, भारत देश जनता का है, उसे भाजपा के लोग मोदी जी के साथ मिलकर बेच रहें है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी आम जनता की बात उठा रहे है, तो केश में फंसाया जा रहा है, लोकसभा से सदस्यता निरस्त की गई। इससे जाहिर है कि मोदी सरकार घबराई हुई है। अब गरीबों, नौजवान के हितार्थ सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस नेता राहुल ही देश को चला सकते है।

# आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


साकची गोलचक्कर पर सीएम का पुतला जलाते भाजपाई।

**जमशेदपुर।** मंगलवार को झारखंड सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकताओं पर लाठीचार्ज का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। राजधानी रांची में हुए लाठीचार्ज और पुलिसिया कार्रवाई से पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के तहत भाजपा जमशेदपुर महानगर ने रांची में कार्यकर्ताओं पर हुए बर्बरतापूर्ण कार्रवाई के विरोध में काला दिवस मनाया। इस दौरान भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा व अन्य मुख्यरूप से शामिल हुए। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में आक्रोशित जमशेदपुर महानगर के हजारों कार्यकर्ताओं ने बुधवार को साकची गोलचक्कर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने एवं लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने साकची स्थित जिला कार्यालय से बंगाल क्लब होकर साकची गोलचक्कर तक हाथों में पुतला लिए राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने काला कपड़ा बांधकर एवं सरकार विरोधी नारेबाजी 'हेमंत सोरेन मुदार्बाद' और तानाशाही नही चलेगी जैसे नारे लगाकर विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के पिछले साढ़े तीन वर्षों के कुशासन और भ्रष्टाचार से उपजी जनता के आक्रोश और भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन से डरी और सहमी हुई है। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं पर जिस बर्बरता से कार्रवाई की गई वो लोकतंत्र में काला अध्याय की भांति है। हमारा संघर्ष सरकार के इसी व्यवस्था के खिलाफ है और रहेगा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि पुलिस ने रांची में भाजपा कार्यकर्ताओं पर जिस बर्बरता से बल प्रयोग किया वह अति निंदनीय है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं के ऊपर जिस प्रकार से लाठीचार्ज किया, यह पूरी तरह से तानाशाही रवैया है। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, देवेंद्र सिंह, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, कुलवंत सिंह बंटी, भरत सिंह, डॉ राजीव, जटाशंकर पांडेय, कुसुम पूर्ति, राजपति देवी, संजीव सिंह, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, अनिल मोदी, राकेश सिंह, मंजीत सिंह, नीलू मछुआ, जितेंद्र राय, राजीव सिंह, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, धर्मेंद्र प्रसाद, अमित अग्रवाल, ज्योति अधिकारी, समेत कई नेता उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बनने पर साकची गोलचक्कर पर मना जश्न



**जमशेदपुर।** बुधवार को आम आदमी पार्टी की महानगर टीम के द्वारा साकची मुख्य गोलचक्कर में पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिले के उपलक्ष में सेलिब्रेशन पूर्वी जमशेदपुर विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृव में संपन्न हुआ। पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने जनता के सामने पार्टी की उपलब्धियों को रखा। इस उपलक्ष में लड्डू वितरण किया गया। साथ ही साथ फ्लैग मार्च साकची गोलचक्कर से निकलकर साकची मार्केट से होते हुवे जेएनएसी कार्यालय से होते हुए साकची मुख्य गोलचक्कर में समाप्त हुआ। इस मौके पर प्रदेश के उप संयोजक प्रेम कुमार, प्रदेश संयुक्त सचिव रईस अफरीदी, पूर्वी विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक कुमार, महानगर सचिव रमेश प्रसाद, महानगर उपाध्यक्ष संतोष भगत, महानगर सह सचिव देवेंद्र नाथ बनर्जी, विधानसभा उपाध्यक्ष शंभूनाथ चौबे, महानगर सह सचिव हरजिंदर सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष तारिक खान, विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, राहुल मिश्रा, राहुल ठाकुर, जीवन कुमार, कुश कुमार, संजय कुमार मलिक, संजीव शर्मा और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### टाटा ब्लूस्कोप में श्रमिकों का शोषण कर रहे ठेकेदार : यूनियन



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते अंबुज ठाकुर व साथी।

**जमशेदपुर।** बुधवार को जमशेदपुर मजदूर यूनियन की ओर से प्रेस वार्ता का आयोजन, साकची आमबागान स्थित यूनियन कार्यालय में किया गया। प्रेस वार्ता में यूनियन के महासचिव कॉम अंबुज कुमार ठाकुर ने बताया कि मूल नियोजक टाटा ब्लूस्कोप प्रबंधन व उसके अंतर्गत कार्यरत विभिन्न ठेका प्रतिष्ठानों द्वारा मजदूरों को शोषित एवं प्रताड़ित किया जा रहा है, जिसे यूनियन ने गंभीरता से लिया है। मजदूरों द्वारा यूनियन को शिकायत मिली है कि ठेका मजदूरों से जबरन आवश्यकता से अधिक कार्य कराया जा रहा है तथा मजदूरों द्वारा विरोध करने पर मजदूरों को काम से बैठा दिया जाता है। जमशेदपुर मजदूर यूनियन की ओर से यह मांग की गई की मेसर्स सिग्नोड इंडिया लि. कंपनी ठेका प्रतिष्ठान की जांच अविलंब कराई जाय। साथ ही ठेका प्रतिष्ठानों द्वारा मजदूरों के साथ की जा रही ज्यादती और अभद्र व्यवहार नही किया जाय इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। प्रेस वार्ता में यूनियन के अध्यक्ष कॉम रमा शंकर राय, प्रफुल्लो कुंभकार, एआईटीयूसी के नेता कॉम हीरा अरकने,कॉम निगमानंद पॉल, कॉम सत्येंद्र सिंह,कॉम जयशंकर प्रसाद,कॉम मणिकांत सिंह के अलावे कार्यकारिणी एवं यूनियन के सदस्य उपस्थित रहे।

### टिनप्लेट कदानी रोड में इफ्तार पार्टी का आयोजन



**जमशेदपुर।** टिनप्लेट मुस्लिम मिडिल स्कूल कादनी रोड में हिंदू मुस्लिम नौजवान समिति ने इफ्तार पार्टी आयोजन कर भाईचारा का संदेश दिया गया। इफ्तार पार्टी में मुख्य रूप से स्कूल समिति के अध्यक्ष बाबर खान, महासचिव सैयद महबूब आलम, टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के मुन्ना खान,वकील खान, मोहिबुल रहमान, असलम बंटी बाबा, कैफी, महेफुज आलम, अहमद उजैफा, हरीश अहमद, फुरकान हबीब रहमान, अरबाजा,अनीश हमजा, नौशाद, एजाज, शौकत शोएब, फरदीन, सलमान, देवेंद्र ओझा, शुभम कुमार, सुदीप्तो डे, अजय कुमार, भावोमिक, मनोज कुमार, गोविंद सिंह, उज्वल कुमार,राजेश कुमार, कमलेश शर्मा, आदि कई मुख लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर जमशेदपुर की धरती हमेशा भाई चारा के लिए जाना जाए और यहां अमन-चैन बनी रहे के लिए दुआ मांगी गई।

### इंदरजीत सिंह ने 13वीं बार किया प्लेटलेट्स दान



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था आगाज के संस्थापक अध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता इंदरजीत सिंह ने बुधवार को ब्लड बैंक में जाकर प्लेटलेट्स दान किये, जैसा कि ज्ञात है रांची के अरगोड़ा निवासी चम्मा उरांव जो की टी एम एच में एडमिट हुए, उनका इलाज सुचारू रूप से हो सके इसके लिये प्लेटलेट्स की आवश्कता थी, ब्लड बैंक से इंदरजीत सिंह से संपर्क किया गया, इंदरजीत सिंह ने तुरंत ब्लड बैंक जाकर प्लेटलेट्स दान किया,इससे पूर्व भी इंदरजीत सिंह 12 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके है, इंदरजीत सिंह ने कहा कि आज का प्लेटलेट्स दान गुरु अर्जुन देव जी महाराज जी के प्रकाश पर्व को समर्पित है। आज हौंसला अफजाई के लिये मुख्य रूप से संस्था के हरविंदर सिंह, सत्प्रीत सिंह मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य उपकेंद्रों में लगा मातृ-शिशु दिवस कैंप



**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले के सभी स्वास्थ्य उपकेन्द्रों में 10 अप्रैल 2023 एवं 11 अप्रैल 2023 को पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य सिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत सभी गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर एवं शुगर का जांच किया गया। सभी गर्भवती महिला तथा किशोरी बालिकाओं का जांच कर आइएफए और कैल्सियम टैबलेट भी दी गई। शिविर के पहले दिन 2407 महिला का एएनसी जांच किया गया। 11 अप्रैल को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जांच शिविर जिले के 45 पंचायत (सभी प्रखण्ड से 5) में आयोजन किया गया, पंचायत स्तर पर होने वाले इस शिविर में कुल 2581 गर्भवती महिलाओं का एएनसी जांच किया गया।

### कदमा में बांग्ला नववर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम 19 को



**जमशेदपुर।** कदमा के सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था सेवाव्रती नील संघ क्लब के तत्वावधान में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अमित माइती ने बताया की आगामी 19 अप्रैल संध्या 7:30 बजे से सांस्कृतिक संध्या वर्षवरण का आयोजन क्लब के बगल में मैदान में किया जाएगा। संस्था के महासचिव निशित गिरी ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार हिस्सा लेंगे। बैठक में निशित गिरी, सुबीर कुंडू, अंजन सरकार, टीटू दास, विजय बनर्जी, स्वपन चौधरी, सोना चटर्जी, अशोक मजूमदार, ऋषि राज घोष, गौतम बंगा, रीना कुंडू, संध्या बंगा उपस्थित थे।

### भाजपा के ही कुछ नेताओं की राजनीति के शिकार हो गये अभय सिंह

**जमशेदपुर।** भाजपा के अमर सिंह, लालचंद सिंह, रंजन सिंह व भूषण दीक्षित ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश एवम रविंदर राय से बात करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के कुछ नेताओं की राजनीति का शिकार बन रहे है अभय सिंह। संगठन अब संगठित न होकर व्यक्तिवादी इशारे पर जमशेदपुर में चल रहा है। अगर कार्यकर्ताओं को नहीं संगठित कर प्रदेश नेतृत्व ध्यान नहीं दिया तो परिणाम बहुत निराशाजनक होगा। हमारी सरकार रहते हम 4 उपचुनाव हार गए ये हमारी संगठन की कमजोरी थी। संगठन की बातो को जोरदार ढंग से लालचंद सिंह, रंजन सिंह, भूषण दीक्षित ने जोरदार ढंग से रखा। भाजपा के झंडा नहीं लेकर मिलने के सवाल पर कार्यकर्ताओं का तर्क है कि भाजपा आंदोलन नही कर सकती तो छोड़ दे हिंदू संगठन कार्यकर्ता खुद आंदोलन करेगी। अमर सिंह ने आरोप लगाया कि जमशेदपुर के कुछ भाजपा नेता कांग्रेस के मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ मंच साझा करते हैं और गुमराह करके संगठन के मंत्री कर्मवीर सिंह को भी बुलाते हैं ऐसे में विपक्ष से कार्यकर्ताओं का लड़ना मात्र एक दिखावा है।

# संथाल में हेमंत सोरेन चढ़ा रहे तीर-धनुष पर राजनीतिक 'सान'

**झामुमो ने सिद्धो-कान्हू की जन्मस्थली व सीएम के चुनाव क्षेत्र बरहेट से चुनावी शंखनाथ किया, तो भाजपा ने अपने परंपरागत रांची प्रमंडल में सचिवालय घेराव के बहाने 'जमीन' बचाने की मुहिम शुरू की**





**उदय चौहान**

**रांची।** संथाल परगना में पक्ष-विपक्ष में चुनावी खदबदाहट शुरू है लेकिन,अब सीएम हेमंत सोरेन ने बरहेट से संथाल को साधने की कवायद शुरू कर दी है। सीएम ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बहाने विपक्षी दल पर जोरदार हमला किया। सिद्धो-कान्हो की जन्मस्थली भोगनाडीह से शहीदों के सपनों को साकार करने का संकल्प दोहराया जा रहा है। अपने चुनावी क्षेत्र बरहेट से सीएम ने भाजपा पर साम्प्रदायिक होने व लोकतंत्र के लिये खतरा बताते हुये हमला बोला है। सीएम के इस सुर में कभी झामुमो छोड़ कर भाजपा में गये हेमलाल मुर्मू ने भी सुर मिलाया है। ऑपरेशन भाजपा के तहत सीएम ने हेमलाल मुर्मू को फिर से घर वापसी कराया है। हेमलाल को माला पहना कर हेमंत ने नयी राजनीतिक 'हरियाली ' पर जोर दिया है। इसके तहत भाजपा के अंसतुष्ट नेताओं व कार्यकर्ताओं को झामुमो में आने का खुला निमंत्रण दिया गया है। हालांकि, संथाल से ही पार्टी के वरिष्ठ विधायक लोबिन हेम्ब्रम सीएम के लिये सिर दर्द बने हुये हैं। पिछले दो सालों से श्री हेम्ब्रम अपनी ही सरकार के पीछे पड़े हैं। खास कर स्थानीय व नियोजन नीति को लेकर प्रखर हमलावर रहे हैं। इसके अलावा साहिबगंज अवैध खनन व सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के खिलाफ वह सदन से सड़क तक गरजते रहे हैं। यह अलग बात है कि झामुमो में रह कर भी अब लोबिन की सीएम के दरबार में इंट्री लगभग बंद हो गयी है। भाजपा ने अपने राजनीति प्यादे ( हेमलाल मुर्मू ) की घर वापसी की भरपायी लोबिन हेम्ब्रम के सहारे करने को आतुर है। इधर, राजधानी रांची में भाजपा के सचिवालय घेराव व उससे उत्पन्न राजनीति गरम हो गयी है। इसमें दोनों पक्षों की ओर से नफा-नुकसान का आकलन किया जाने लगा है।

राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें तो मिशन 2024 को लेकर सत्ताधारी झामुमो ने संथाल किला को अभेद्य बनाने का अभियान शुरू किया है तो भाजपा ने परम्परागत रांची प्रमंडल को दुरूस्त करने में जुट गयी है।

बीते 2019 के विधानसभा चुनाव में तो झामुमो ने अपने राजनीतिक बुलंदी का परचम इस क्षेत्र में लहराया था। इसी प्रदर्शन को दोहराने के लिये सीएम जी-जान लगा रहे हैं। यही कारण है कि गठबंधन सरकार का फोकस संथालपगरना में विकास कार्यों का नेटवर्क फैलाने का रहा है। खासकर हेमंत सोरेन का चुनाव क्षेत्र बरहेट व उपराजधानी दुमका में पेयजल, सिंचाई, बिजली, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, आधारभूत संरचना के विकास पर जोर दिया जा रहा है। दूसरी ओर, सीएम हेमंत व भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बीच छत्तीस का आंकड़ा जगजाहिर है। दोनों नेताओं ने राजनीतिक जनाधार बढ़ाने को लेकर प्रतिद्वंद्वता बरकरार रखी है।

दोनों ओर से चल रही राजनीतिक बाण से राज्य की राजनीति गाहे- बगाहे गरमाती रही है। जैसे-जैसे चुनावी वर्ष 2024 नजदीक आ रहा है, दोनों पक्षों के बीच प्रतिद्वंद्विता की कट्टरता बढ़ती जा रही है। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन पिछले तीन दिनों से संथालपगरना में कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने व विकास योजनाओं का ताना-बाना वोटरों के आस-पास पहुंचाने की जुगत लगा रहे हैं। राज्य के 28 आदिवासी आरक्षित सीटों पर झामुमो की खास नजर है। वैसे, इन 28 सीटों पर भाजपा की भी पैनी नजर है। लेकिन, बीते चुनाव में भाजपा ने आदिवासी रिजर्व सीटों में से मात्र दो पर ही विजय पताका फहरा सकी थी। जाहिर है कि भाजपा अपनी कमजोर कड़ी को सशक्त बनाने के लिये अपने आदिवासी का चेहरा 'चमकाने' में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश कहते हैं कि पिछली गलतियों से पार्टी ने सबक ले लिया है। पिछली गलतियों को दोहराने के मूड में कार्यकर्ता- नेता नहीं हैं। इस बार संथाल से झामुमो का सुपड़ा साफ कर दिया जायेगा। आगामी 2024 में झामुमोनीत सरकार को उखाड़ फेंका जायेगा। दूसरी ओर, झामुमो के सांसद विजय हांसदा ने इसे भाजपा का दीवा सपना बताया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की अगुवाई में गरीब, आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक सभी का विकास हो रहा है। यही कारण है कि भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है। वर्ष 2024 में फिर से झामुमो का विजय पताका लहरायेगा। दरअसल, कहा जा रहा है कि तीर-धनुष की लोकप्रियता से घबरा कर भाजपा अब अलोकतांत्रिक कृत्य पर उतर आयी है। जो हो, अभी तक तो झामुमो व भाजपा के बीच कांटे की प्रतिद्वंद्विता देखने को मिल रहा है।

## सिमिदीरी में छह सौ रोजेदारों ने खोला सामूहिक रोजा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** नवजवान कमेटी सिमीदीरी की ओर से बुधवार को दावत-ए-इफ्तार का आयोजन हुआ। बड़ी मस्जिद सिमीदीरी के पास दावत-ए-इफ्तार में करीब छह सौ लोगों ने सामूहिक रूप से रोजा खोला। इससे पूर्व सभी रोजेदारों ने सामूहिक रूप में देश में अमन-चैन के साथ तरक्की और भाईचारगी बने रहने की दुआ की। मगरिब की अजान होते हर रोजेदारों ने खजूर खाकर रोजा खोला। आयोजनकर्ता नवजवान कमेटी ने रोजेदारों के लिए खजूर, शरबत, फल और अन्य व्यंजन की व्यवस्था की थी। दावत-ए-इफ्तार में सिमीदीरी के अलावा पास के गांव के मंडलसाई, चोंगासाई, कश्मीर, आजाद बस्ती, पारसाई के अलावा शहरी क्षेत्र के रोजेदार भी शामिल हुए। दावत-ए-इफ्तार का सफल बनाने में पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद नियाज, मेराज आलम, रियाज आलम, मोहम्मद शाहनवाज, सरफराज आलम, मीर कासिम, जाकिर हुसैन, मोहम्मद हन्नान, सरवर आलम, सादिक हुसैन आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 15 अप्रैल से दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट

**दुमका।** बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंति पर संथाल परगना प्रमंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 15 अप्रैल को होगी। इस बावत सिदो कान्हु इंडोर स्टेडियम में जिला बैडमिंटन संघ की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने किया। आगामी 15 एवं 16 अप्रैल को दुमका में बाबा भीमराव अंबेडकर संथाल परगना प्रमंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के आयोजन के निमित्त रूपरेखा एवं तैयारियों को लेकर चर्चा हुआ। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से अंडर 13 के एकल एवं डबल्स, पुरुषों के एकल एवं डबल्स एवं 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए डबल्स प्रतियोगिता आयोजित किया जाना है।

## तेजस्वी यादव का मामला अब सीरियस

### सीबीआइ के बाद इडी ने भी पूरी तरह कस लिया है तेजस्वी पर शिकंजा

**एजेंसी**

**पटना।** इडी लैंड फॉर जॉब मामले में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव अब गंभीर मुश्किल में पड़ गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीबीआई की एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत अलग से मामला दर्ज किया। इसमें तेजस्वी यादव को आरोपी बनाया गया।

इसके बाद उन्हें मंगलवार को पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया। ईडी ने तेजस्वी से करीब 9 घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान उनसे आमदनी और परिवार की संपत्ति से जुड़े सवाल पूछे गए। रेलवे में कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले में सीबीआई की दर्ज एफआईआर में तेजस्वी यादव पहले से आरोपी हैं। बीते 25 मार्च को सीबीआई ने भी उनसे करीब 8 घंटे तक पूछताछ की थी। हालांकि, सीबीआई द्वारा कोर्ट में दी गई चार्जशीट में तेजस्वी का नाम नहीं है। केंद्रीय जांच एजेंसी इसी महीने सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर करने वाली है, जिसमें तेजस्वी को भी आरोपी बनाया जा सकता है। दूसरी ओर, ईडी ने भी तेजस्वी यादव पर पूरी तरह शिकंजा कस लिया है। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी बनाकर जांच की जा रही है। ऐसे में डिप्टी सीएम की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

**क्या है मामला? :** लैंड फॉर जॉब केस में शुरूआत में तेजस्वी यादव का नाम नहीं आया था। मगर जैसे-जैसे जांच का दायरा बढ़ा, दिल्ली के फ्रेंड्स कॉलोनी में स्थित एक बंगले का जिक्र आया। जांच में पता चला कि यह बंगला एक निजी कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है जिसके मालिक तेजस्वी यादव और उनकी बहन हैं। तेजस्वी इस कंपनी के डायरेक्टर भी रह चुके हैं। बंगले की कीमत करीब 150 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

**ईडी की पूछताछ के बाद बोले तेजस्वी- कोई घोटाला नहीं हुआ :** आरोप है कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे में नौकरी देने के बदले लोगों से बेशकीमती जमीनों को कौड़ियों के दाम खरीदा गया था। उसमें दिल्ली की फ्रेंड्स कॉलोनी वाला बंगला भी शामिल है।

## प्रेमी ने शादी का झांसा देकर किया यौन शोषण, फिर शादी से मुकरा

**दुमका।** मेडिकल कालेज अस्पताल में शहर की एक युवती ने सात माह के मरे हुए बच्चे को जन्म मंगलवार को देर शाम दी। युवती की शिकायत पर नगर थाना की पुलिस ने बुधवार को बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराकर डीएनए जांच के लिए कुछ नमूना लिया है। अब प्रेमी के रक्त का नमूना लेकर दोनों का मिलान कराया जाएगा। अगर यह साबित हो गया कि मृत बच्चा आरोपित का है, तो पुलिस आगे की कार्रवाई कर सकेगी। दरअसल नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 22 साल की युवती माता पिता के निधन के बाद मुहल्ले में ही भाई व भाभी के साथ रहती है। युवती दूसरों के घरों में चौका बर्तन करती है। एक साल पहले रानीश्वर के रंगालिया गांव के 20 साल महादेव बाउरी से उसकी दोस्ती हुई। महादेव युवती के मुहल्ले में रहने वाले रिश्तेदार के घर आता जाता था।

## नीतीश कुमार की विपक्षी एकता की बात बेमानी : मंत्री पशुपति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने कहा कि नीतीश कुमार की विपक्षी एकता की बात बेमानी है। उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा। 2024 के चुनाव में दो तिहाई बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी और तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। महागठबंधन सरकार में सबकुछ ठीक नहीं है। कहीं कुछ ठीक नहीं हैं। रोज एक विकेट गिर रहा है।

पशुपति पारस ने कहा कि सरकार बनने के तीसरे दिन ही कानून मंत्री पर आरोप लगा, इस्तीफा देना पड़ा। फिर कृषि मंत्री पर आरोप लगा और उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। शिक्षा मंत्री पर आरोप-प्रत्यारोप चल रहा है। उनको भी इस्तीफा देना पड़ेगा। बनारस की घटना देखिए। बिहार सरकार के कैबिनेट मिनिस्टर का सामान 12 बजे रात को होटल के कमरे से बाहर कर दिया गया। ये विचित्र और दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। पूरे देश में बिहार का नाम बदनाम हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रसिद्धि का मुकाबला करने की ताकत देश के किसी भी नेता नहीं है। नीतीश कुमार सुशासन बाबू नहीं असहाय बाबू हैं। वर्ष 2014 तक जिस दम खम के साथ नीतीश जी बिहार में शासन करते थे अब उस तरह की बात नहीं है। अब तक अपने मन से निर्णय लेने वाले मुख्यमंत्री अब कोई भी निर्णय लेने से पहले तेजस्वी यादव की तरफ मुंह घूमाकर देखते हैं।

तेजस्वी के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई को लेकर उन्होंने साफ साफ कहा कि बिना साक्ष्य के किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है। यदि साक्ष्य नहीं होगा तो बेदाग बच जायेगें। केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने रामनवमी के दिन सासाराम और बिहारशरीफ में हुए दंगे को लेकर बिहार सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार की लचर कानून व्यवस्था की वजह से बिहार में दंगे हुए हैं। साथ ही उन्होंने इस दंगे की न्यायिक जांच की मांग की है। बीते दिनों बिहार सरकार के मंत्री तेज प्रताप यादव का सामान होटल के कमरे से बाहर कर दिया गया था। 7 अप्रैल को तेज प्रताप वाराणसी गए थे। काशी आने के बाद सिगरा थाना क्षेत्र के एक होटल में रुके थे। रात को जब तेजप्रताप दर्शन पूजन कर लौटे तो देखा कि उनके स्टाफ का कमरा खाली करवा दिया गया है। सिक्योरिटी स्टाफ का सामान बाहर रख दिया गया था।

## पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी, मचा हड़कंप

### अफवाह फैलाने वाला गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार के पटना में स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर में बम रखे होने का दावा करने वाले फर्जी फोन कॉल ने बुधवार को सुरक्षा कर्मियों की नींद उड़ा दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आज सुबह लैंडलाइन नंबर पर कॉल आने के बाद हवाई अड्डे पर सुरक्षा बढ़ा दी गई। हवाई अड्डे के अधिकारी ने बताया, चूंकि सूचना में किसी विशेष जगह का कोई जिक्र नहीं था, इसलिए पूरे टर्मिनल भवन, पार्किंग एरिया और दफ्तर भवनों की सुरक्षा बलों ने गहन तलाशी की लेकिन कोई बम नहीं मिला।" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्र ने बताया कि फोन कॉल फर्जी निकला और कहीं से कुछ बरामद नहीं हुआ है। यात्रियों को असुविधा पहुंचाए बगैर तलाशी अभियान चलाया गया। मामले की आगे जांच की जा रही है।" बता दें कि एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी समस्तीपुर से दी गई थी। धमकी देने वाले को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि व्यक्ति शराब के नशे में धुत था। पुलिस ने उसका मोबाइल बरामद कर लिया है।

## निःशुल्क हृदय रोग स्वास्थ्य जांच शिविर

**दुमका।** झारखंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के बैनर तले बुधवार को ग्रांट स्टेट रोड, सेंट्रल जेल के निकट दुमका में निःशुल्क हृदय रोग स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें 50 मरीजों का निःशुल्क जांच कर उचित परामर्श दिया। स्वास्थ्य शिविर में आयुष्मान कार्ड होलडर ने भी इस स्वास्थ्य शिविर में जांच कराया।

## नकल के लिए बंदोबस्ती कार्यालय में धरना पर बैठे दिव्यांग को मिला अधिवक्ता संघ का समर्थन

### नकल समेत अन्य मांगों को लेकर दिव्यांग बुजुर्ग का अनिश्चिकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** बंदोवस्त कार्यालय के कार्यशैली से नाराज बंदोवस्त कार्यालय परिसर में अनिश्चितकाली धरना पर बैठे दिव्यांग बुर्जुग का दूसरे दिन बुधवार को धरना प्रदर्शन जारी रहा। दिव्यांग बुजुर्ग के मांग को जायज ठहराते हुए जिला अधिवक्ता संघ ने भी समर्थन किया। अधिवक्ता संघ सचिव राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर दिव्यांग की सुधी अधिवक्ताओं ने ली। अधिवक्ताओं ने दिव्यांग की समस्या सुन हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। दिव्यांग बुजुर्ग आयुक्त से आवश्यक कार्रवाई कानूनी कार्रवाई करते हुए न्याय का गुहार लगा धरना प्रदर्शन कर रहा है। दिव्यांग गोड्डा जिले के महगामा अंचल के विभुति प्रसाद झा ने अधिवक्ता संघ से आपबीती बताया। दिव्यांग ने बंदोवस्त कार्यालय पदाधिकारियों पर कई गंभीर आरोप लगाया है। बताया कि बंदोवस्त कार्यालय कर्मी मनमानी रवैया अपनाते हुए सेवानिवृत पूर्व



दिव्यांग बुजुर्ग से मिलते अधिवक्ता संघ के सदस्य।

बंदोवस्त पदाधिकारी सुनील कुमार और वर्तमान सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी शादा नुसरत एवं परिमाण निरीक्षक सफरूद्दीन अंसारी ने उसे बर्दाद करने का काम किया। बताया कि अवैध रूप से उनके पर्चे में अन्य लोगों को जोड़ दिया गया है। जबकि पर्चा में अंकित नाम के लोगों से दूर दूर तक कोई रिस्ता नहीं है। परिवार में कोई विवाद नहीं है, लेकिन पर्चे में विवाद दिखाते हुए आस-पास के लोगों को उसके पर्चे में जोड़ दिया गया है। सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते है और आवास से ही सारे कार्य निपटारा करते है। विभुति झा ने बताया कि नकल पर्चा आवेदन 2020 में किया था। इसके बावजूद अब तक विभाग से नकल उपलबध नहीं कराया गया। आपत्तिवाद 1630/18 केस फाईलें भी गायब है। जिस पर तीन बार सुनवाई हो चुकी है। विपक्षी के पास एक भी कागज नहीं है, उसके बावजूद भी उसके हक में फैसला समक्ष न्यायालय द्वारा सुनाया गया है। जो न्याय संगत नहीं है। बिना पैसे का नकल नहीं मिला रहा है। गरीब और असहाय होने के कारण बंदोवस्त पदाधिकारियों के मनमाने रवैये के कारण दर-दर ठोकर खाने को विवश हैं। सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी ने न्यायालय में अपील करने के बावजूद निचली अदालत में वाद पुनः भेज दिया जाता है। जो न्याय संगत नहीं है। दिव्यांग पीड़ित ने विवाद को लेकर कार्यालय में जाने-आने में हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए बंदोवस्त प्रशासन पर लाखों का लिफ्ट बंद पड़े है। जिससे दिव्यांग और बुजुर्गो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नकल फाईल करने के बाद मोटी रकम देने के बाद नकल उपलब्ध कराया गया है। जिसके पास पैसा होता है, उसे आसानी से नकल मिल जाता है। जिसके पास पैसा नहीं होता है। वह गरीब रैयत वर्षो परेशान होता है। बंदोवस्त कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। यहां बता दें कि दिव्यांग पीड़ित 20 मौजा में नकल पर्चा निकालने को आवेदन दिया है। जिसमें धरना पर बैठने से पहले नकल पर्चा नहीं दिया गया। लेकिर धरना पर बैठने के साथ ही बंदोवस्त कार्यालय कर्मी रेस हुए और नकल पर्चा देने को राजी हुए।

## एक नजर में

### आचार संहिता मामले में विधायक इरफान अंसारी का न्यायालय में बयान दर्ज

**दुमका।** वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के मामले में नामजद आरोपित जामताड़ा विधायक डा. इरफान अंसारी बुधवार को कोर्ट में पेशी हुई। विधायक की एमपी-एमएलए विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम जितेंद्र राम के न्यायालय में बयान दर्ज हुआ। अधिवक्ता राजा खान के साथ विधायक इरफान अंसारी ने न्यायालय में उपस्थित होकर अपने-आप को बेकसूर बताया। कहा कि मुझे इस केस में झूठा फंसाया गया है। यहां बता दें कि यह केस जामताड़ा सदर के तत्कालीन सीओ असीम बाडा के द्वारा दर्ज कराया था। मामला 2019 के विधानसभा चुनाव का है। जहां शहर में कांग्रेस पार्टी का झंडा लगा मिला था। जिसकी वजह से उस समय जामताड़ा के तत्कालीन सीओ ने जामताड़ा थाना में मामला दर्ज हुआ था।

### पैरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

**कोडरमा।** आरपीवाई ग्लोबल स्कूल में बुधवार को पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आरपीवाई सेवा समिति के अध्यक्ष सनत कुमार दां थे। इस मौके पर मुख्य रूप से आरपीवाई बीएड कॉलेज की प्राचार्य ड.लक्ष्मी सरकार, विद्यालय के निदेशक मयंक कुमार, प्राचार्य अर्चना अधिकारी व अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति कर किया गया। इस दौरान प्राचार्य अर्चना अधिकारी ने पावर पइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अभिभावकों व बच्चों को मोटिवेट कर उनका उत्साहवर्धन कीं।

### रूबेला वैक्सीन कैंप का उद्घाटन

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में बुधवार को मिजिल्स-रूबेला वैक्सीनेशन कैंप का उद्घाटन डीसी आदित्य रंजन ने किया। जबकि सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार, नोडल अफिसर डॉ.आशीष राज, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ.दीपक और डॉ.मनोज कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। वहीं विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एकेडमिक कोअर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने किया। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। छात्रा नयनतारा गुप्ता ने मिजिल्स रूबेला के लक्षण और बचाव पर अपने विचार रखे। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा की हमारे लिए यह गर्व की बात है कि जिला स्तर पर वैक्सीनेशन कैंप की शुरुआत सेक्रेड हार्ट स्कूल से हो रही है।

### सीडब्ल्यूसी ने नवजात शिशु को उसके माता-पिता को सौंपा

**दुमका।** बाल कल्याण समिति बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट ने 24 मार्च को जिले के रानीश्वर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर पंचायत क्षेत्र में मिले नवजात शिशू के मामले की जांच पूरी कर बुधवार को नवजात को उसके माता-पिता को सौंप दिया है। इस नवजात शिशू को पश्चिम बंगाल के एक दंपत्ति को बेचने की बातचीत चलने का मामला सामने आने और इसको लेकर एक वीडियो वायरल होने के बाद चाइल्डलाइन दुमका के केन्द्र समन्वयक द्वारा नवजात शिशू को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

### भाजपा ने मौन जुलूस निकाल सीएम हेमंत का फूंका पुतला

**दुमका।** सचिवालय घेराव के दौरान भाजपा नेताओं पर लाठीचार्ज के खिलाफ जिला इकाई ने बुधवार को मौन जुलूस निकाल सीएम मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। मौन जुलूस नगर अध्यक्ष पंकज वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकत्ताओं ने टाटा शोरूम चौक से टीन बाजार चौक तक मौन जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष ने कहा कि सचिवालय घेराव के दौरान हेमंत सोरेन के इशारे पर पुलिस के बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज में सैकड़ो कार्यकर्ता घायल हो गये। 41 कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया।

### एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन

**दुमका।** एसपी कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने बुधवार को झारखंड औद्योगिक नीति शीर्षक पर सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ एस के अम्बष्ठ ने किया। सेमिनार का अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंकिंग एवं इंडस्ट्री, दुमका के मैनेजमेंट कन्सल्टेंट अमोद कुमार सिन्हा मौजूद थे। जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रसायन विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक सह कॉलेज कार्यक्रम समन्वयक डॉ कुमार सौरभ एवं इतिहास विभाग के प्रो सत्यम कुमार उपस्थित हुए।

## उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामा।** उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने बुधवार को जामा के प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रखंड तथा अंचल कार्यालय के कर्मियों के उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया एवं अनुपस्थित कर्मियों से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया।उन्होंने निदेश दिया कि सभी कर्मी बायोमैट्रिक पद्धति से अपनी उपस्थिति प्रति दिन दर्ज करना सुनिश्चित करें।उन्होंने कार्यालय में बायोमैट्रिक उपस्थिति हेतु उपकरण लगाने का निदेश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु आने वाले लाभुकों को परेशानी नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। प्रखंड कार्यालय में अपनी शिकायत लेकर पहुँचने वाले लाभुकों के शिकायतों का निष्पादन नियमानुसार तरीके से किया जाय ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाना पड़े। इस दौरान प्रखंड कार्यालय में उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं से उपायुक्त ने बात की एव उन्हें संबोधित किया।उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने में आंगनबाड़ी सेविकाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। आप सभी पूरी ईमानदारी से सरकार की योजनाओं को समाज के योग्य लाभुकों तक पहुचाने का कार्य करें। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से सभी योग्य लाभुकों को जोड़ने का कार्य करें। लोगों को उनका हक बिना प्रयास के मिले इसे सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र अपने समय से खुले तथा समय पर बंद हो,आंगनबाड़ी सेविका इसका विशेष ध्यान रखें।आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल या शौचालय से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हो तो अविलंब अपने सीडीपीओ को अवगत कराएं ताकि उक्त व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पोषक आहार के साथ साथ मूलभूत जानकारी भी उपलब्ध करायी जाये।

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक गतिविधियों को प्राथमिकता के आधार पर करायी जाये। वीएचएसएनडी के दौरान महिलाओं के साथ साथ बच्चों के भी हीमोग्लोबिन की जांच अवश्य की जाय। हिमोग्लोबो मीटर वीएचएसएनडी के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में उपलब्ध रहे इसे सुनिश्चित करें।

खबर मन्त्र स्पोर्ट्स
2023 TATA IPL
रांची, गुरुवार 13.04.2023
epaper.khabarmantra.net






# चूक गये माही, रॉयल्स ने भेदा चेपक का किला तीन रन से हराया

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.588 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.048 |
| कोलकाता | 3 | 2 | 1 | 4 | +1.375 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 | +0.431 |
| चेन्नई | 4 | 2 | 2 | 4 | +0.225 |
| पंजाब | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.281 |
| बेंगलुरु | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.800 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 0 | -0.879 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 | -1.502 |
| दिल्ली | 4 | 0 | 4 | 0 | -1.576 |

पर्पल कैप



युजवेंद्र चहल
राजस्थान
विकेट: 10

ऑरेंज कैप



शिखर धवन
पंजाब
रन: 225






मैन ऑफ द मैच
आर. अश्विन

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए बतौर कप्तान अपने 200वें मैच को महेंद्र सिंह धोनी (17 गेंद में 32 रन) यादगार नहीं बना पाए। एम. चिदंबरम स्टेडियम में घरेलू दर्शकों के बीच राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आखिरी ओवर में 21 रन की जरूरत थी। दूसरी और तीसरी गेंद पर लगातार दो छक्का मारने के बाद माही आखिरी गेंद पर जरूरी पांच रन नहीं बना पाए। संदीप सिंह की परफेक्ट यॉर्कर ने सीएसके को जीत से तीन रन दूर कर दिया। राजस्थान रॉयल्स मैच जीत गई। आईपीएल 2023 में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 3 रनों से मात दी। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 176 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में चेन्नई 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 172 रन ही बना पाई। इस मैच में रोमांच उस वक्त बढ़ गया जब चेन्नई को आखिरी गेंद पर जीत के लिए 5 रन चाहिए थे, लेकिन राजस्थान के गेंदबाज संदीप शर्मा ने आखिरी गेंद पर सीएसके के कप्तान एमएस धोनी को बड़ा शॉट नहीं खेलने दिया और धोनी केवल 1 रन ही दौड़ पाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई की ओर से डेवोन कॉनवे ने 38 गेंदों में 6 चौकों की मदद से 50 रन बनाए। उनके अलावा अजिंक्य रहाणे ने भी 31 रन बनाए। अंत में रविंद्र जडेजा ने 25 नाबाद और एमएस धोनी ने नाबाद 32 रनों की पारी खेली। इससे पहले राजस्थान ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए थे। राजस्थान के बल्लेबाज जोस बटलर एक बार फिर चमके। उन्होंने 36 गेंदों में 1 चौके और 3 छक्कों के मदद से 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली, यह बटलर का आईपीएल 2023 में तीसरा अर्धशतक है। उनके अलावा देवदत्त पाडिकल ने 38 और रविचंद्रन अश्विन ने 30 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल कुछ खास नहीं कर पाए और मात्र 10 रन बनाकर चलते बने। कप्तान संजू सैमसन एक बार फिर फ्लॉप रहे और बिना खाता खोले ही प्वेलियन लौटे। ध्रुव जुरेल 4 और जेसन होल्डर शून्य पर आउट हुए। अंत में शिमरोन हेटमायर ने 30 नाबाद रनो की पारी खेली, जबकि आखिरी गेंद पर एडम जैम्पा एक रन दौड़कर रन आउट हो गए। चेन्नई की ओर से रविंद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और आकाश सिंह ने 2-2 विकेट चटकाए। उनके अलावा मोईन अली ने 1 विकेट हासिल की।

## स्कोड़ कार्ड

**राजस्थान : 175/8 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जयसवाल कै. दुबे बो. देशपांडे | 10 | 08 | 2/0 |
| जोस बटलर बोल्ड मोईन अली | 52 | 36 | 1/3 |
| पडिक्कल कै. कॉनवे बो. जडोजा | 38 | 26 | 5/0 |
| संजू सैमसन बोल्ड रविंद्र जडेजा | 00 | 02 | 0/0 |
| अश्विन कै. मगाला बो. सिंह | 30 | 22 | 1/2 |
| शिमरन हेटमायर नाबाद | 30 | 18 | 2/2 |
| जुरेल कै. दुबे बो. सिंह | 04 | 06 | 0/0 |
| होल्डर कै. कॉनवे बो. देशपांडे | 00 | 01 | 0/0 |
| जंपा रन आउट(थीक्षाना/धोनी) | 01 | 01 | 0/0 |

अतिरिक्त : 10

विकेट पतन: 1-11, 2-88, 3-88, 4-135, 5-142, 6-167, 7-174, 8-175.

गेंदबाज : आकाश सिंह : 4-0-40-2, तुषार देशपांडे : 4-0-37-2, महीश थीक्षाना : 4-0-42-0, रवींद्र जडेजा : 4-0-21-2, मोईन अली : 2-0-21-1, सिसांडा मगाला : 2-0-14-0.

**चेन्नई: 172/6 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गायकवाड कै. जयसवाल बो. शर्मा | 08 | 10 | 1/0 |
| कॉनवे कै. जयसवाल बो. चहल | 50 | 38 | 6/0 |
| रहाणे एलबीडब्ल्यू अश्विन | 31 | 19 | 2/1 |
| शिवम दुबे एलबीडब्ल्यू अश्विन | 08 | 09 | 1/0 |
| मोईन अली कै. शर्मा बो. जंपा | 07 | 10 | 0/0 |
| रायडू कै. हेटमायर बो. चहल | 01 | 02 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 25 | 15 | 1/2 |
| एमएस धोनी नाबाद | 32 | 17 | 1/3 |


अतिरिक्त : 10

विकेट पतन: 1-10, 2-78, 3-92, 4-102, 5-103, 6-113,

गेंदबाज: संदीप शर्मा : 3-0-30-1, कुलदीप सेन : 2-0-8-0, जेसन होल्डर : 3-0-37-0, एडम जंपा :4-0-43-1, रविचंद्रन अश्विन : 4-0-25-2, युजवेंद्र चहल : 4-0-27-2.

## जोस बटलर ने रचा एक और इतिहास

आइपीएल 2023 मे राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज जोस बटलर शानदार फॉर्म से गुजर रहे हैं। बटलर ने बुधवार को भी चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शानदार पारी खेली। उन्होंने सीएसके के खिलाफ 36 गेंदों में 1 चौके और 3 छक्कों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। आईपीएल 2023 में जहां बटलर ने तीसरा शतक जड़ा, वहीं उन्होंने इस मैच में शानदार रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज किया।बटलर अपनी इस पारी के दौरान आईपीएल में सबसे तेज 3000 रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। जोस बटलर ने आईपीएल में 3000 रन पूरे करने के लिए 85 पारियां ली और वह इस मुकाम पर पहुंचने वाले तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज बने। आईपीएल में सबसे तेज 3000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल के नाम है, उन्होंने यह मुकाम 75 पारियों में हासिल किया था।



### आइपीएल में सबसे तेज 3 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज

1. क्रिस गेल- 75 पारियां
2. केएल राहुल- 80 पारियां
3. जोस बटलर- 85 पारियां
4. डेविड वॉर्नर- 94 पारियां
5. फाफ डु प्लेसिस- 94 पारियां

## जीत की राह पर लौटना चाहेंगे पंजाब, गुजरात

**मोहाली।** पंजाब गुरुवार को यहां पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन आईएस बिंद्रा स्टेडियम पर आइपीएल के अपने चौथे मैच में गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। धवन की अगुवाई वाली पंजाब को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आइपीएल 2023 की अपनी पहली हार झेलने के बाद वापसी करना चाहेगी।

## दिल्ली को अच्छी टीम बनने में समय लगेगा: सौपभ गांगुली

**नयी दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली को लगता है कि टीम अनकैप्ड' युवाओं से भरी है जो विजयी' टीम बनने के लिए अपना समय लेगी और हर किसी को इसे यह जरूरी समय देना चाहिए। दिल्ली कैपिटल्स की टीम लगातार चार हार से 10 टीम की तालिका में निचले स्थान पर चल रही है और पूर्व भारतीय कप्तान ने स्वीकार किया कि इससे निराशा होती है। गांगुली ने कहा, ये हार निश्चित रूप से निराशा देती हैं, यह टीम 2019 के बाद से जिस तरह से खेल रही है विशेषकर इसलिए। लेकिन खेल में इस तरह की चीजें होती रहती हैं। जब आप हारते हो तो यह कभी भी आसान नहीं होता। हमारी टीम में इतने सारे युवा खिलाड़ी हैं और हमें अच्छी टीम बनने के लिए समय लगेगा। लेकिन गांगुली ने जोर दिया कि खिलाड़ियों को यह जानने की कोशिश करने की जरूरत है कि क्या चीज गलत रही। उन्होंने कहा, यह सिर्फ यहीं से हो सकता है और उम्मीद करता हूं कि युवा खिलाड़ी बेंगलुरू में ऊंचे स्कोर वाले विकेट पर अच्छा करेंगे। वापसी के लिए आपको तरीका खोजना पड़ता है। ऐसा हर किसी के साथ हो चुका है। जब आप लंबे समय के लिए खेलते हो तो आप इस तरह के दौर से गुजरते हो। यह अपने अंदर झांकने की तरह है और यह पूछने कि तरह कि मैं इसके कैसे बदल सकता हूं। यह पूछने पर कि टीम को किन पहलुओं पर सुधार करने की जरूरत है तो गांगुली ने कहा, हमें काफी बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। अक्षर शानदार रहा है, इसी वजह से हम 170 रन से ऊपर का स्कोर बना पाये हैं। लेकिन हमें अन्य खिलाड़ियों के अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। ललित ने दिल्ली के विकेट पर अच्छी गेंदबाजी की। लेकिन हमारे लिए सबसे अहम चीज एकजुट होकर स्कोरबोर्ड पर रन जुटाना है।

## मैदान पर उतरते ही धोनी ने रचा इतिहास एन श्रीनिवासन ने किया सम्मानित

एजेंसी

**चेन्नई।** आइपीएल 2023 के 17वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मैदान पर उतरते ही नया इतिहास रच दिया है। चार बार की चैंपियन चेन्नई की टीम जब राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एम चिदंबरम स्टेडियम में उतरी तो धोनी ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, धोनी आइपीएल में किसी एक टीम के लिए 200 मैचों में कप्तानी करने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। इस खास अवसर पर चेन्नई टीम के मालिक और बीसीसीआइ के पूर्व अध्यक्ष और आइसीसी के पूर्व चेयरमैन एन श्रीनिवासन ने धोनी को सम्मानित किया। इस दौरान उनके साथ चित्रा श्रीनिवासन और रूपा गुरुनाथ भी मौजूद रहीं। धोनी ने 2010, 2011, 2018 और 2021 में टीम को चैंपियन बनाया था। साथ ही टीम को 15 में से 11 बार अंतिम चार में ले जा चुके हैं, जो दशार्ता है धोनी ने एक कप्तान के रूप में टीम को कितनी ऊंचाई तक ले जाने का काम किया है।




## विश्व शतरंज चैंपियनशिप: राउंड 3 : हार के बाद डिंग नें नेपोमनिशी से खेला ड्रॉ




**अस्ताना, कजाकिस्तान।** विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2023 के तीसरे राउंड में सबकी निगाहे थी क्यूंकी चीन के डिंग लीरेन पिछला मुकाबला अप्रत्याशित तौर पर बहुत जल्द हार गए थे तो रूस के नेपोमनिशी पहली बार इस टूनार्मेंट में एक अंक की बढ़त के साथ खेल रहे थे। मुकाबले में नेपोमनिशी नें सफेद मोहरो से खेल की शुरूआत अपने वजीर के प्यादे को दो घर बढ़कर की और जबाब में डिंग नें क्यूजीडी ओपनिंग खेली। खेल की चौंथी चाल में नेपोमनिशी नें केंद के प्यादो की अदला बदली करते हुए खेल को एक्स्चेंज वेरिएशन पर मोड दिया। खेल की 21वीं चाल तक बोर्ड पर ऊंट बाहर हो चुके थे और डिंग की वजीर के हिस्से पर दबाव बनाने की कोशिश को नेपोमनिशी नें केंद्र पर दबाव बनाके संतुलित किया हुआ था और 30 चालों के बाद दोनों खिलाड़ी ड्रॉ पर सहमत हो गए। तो फिलहाल 14 राउंड की इस विश्व चैंपियनशिप में नेपोमनिशी 2–1 से आगे चल रहे है।

## स्टोक्स व आर्चर चोटों का बखूबी ध्यान रखेंगे: इयोन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मोर्गन को भरोसा है कि इंग्लैंड के मुख्य क्रिकेटर बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर अपनी चोटों का अच्छी तरह ध्यान रखेंगे और उन्होंने साथ ही कहा कि ये दोनों सिर्फ आइपीएल के लिए ही नहीं बल्कि इस साल के अंत में विश्व कप और एशेज श्रृंखला की तैयारी कर रहे हैं। स्टोक्स पैर के अंगूठे की चोट की वजह से बाहर चल रहे हैं जबकि आर्चर की उसी कोहनी में परेशानी है जिसका बीते समय में दो बार ऑपरेशन हो चुका है जिसके कारण वह लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहे थे। मोर्गन कहा, ये दोनों काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। वे अपने शरीर को अच्छी तरह जानते हैं। बेन ने अपने पूरे करियर में सभी तीनों प्रारूपों में अपने शरीर का अच्छी तरह ध्यान रखा है। उन्होंने कहा, जोफ्रा ने वापसी की है और वह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं।

## 'अगर मौत आनी है, तो आनी है' एशिया कप के लिए पाकिस्तान ना जाने पर मियांदाद की तीखी टिप्पणी

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर जावेद मियांदाद ने आगामी एशिया कप के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने पर भारत की आपत्ति पर तीखी टिप्पणी की है। अघोषित रूप से पाकिस्तान को शुरू में टूर्नामेंट के मेजबानी अधिकार मिले, हालांकि संवेदनशील राजनीतिक माहौल के बीच बीसीसीआइ ने स्पष्ट रूप से पड़ोसी देश का दौरा करने से इनकार कर दिया है। बीसीसीआइ के सचिव जय शाह ने पुष्टि की कि राष्ट्रीय टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी और यह भी कहा कि प्रतियोगिता तटस्थ स्थान पर आयोजित की जा सकती है। हालांकि नई रिपोर्ट्स के अनुसार पीसीबी ने एसीसी से भारत के मैचों को छोड़कर पाकिस्तान में खेलों की मेजबानी करने का आग्रह किया जो तटस्थ स्थान पर आयोजित किया जा सकता है। इस विवाद के बीच कई पूर्व क्रिकेटरों ने अपना पक्ष रखा है जिसमें जावेद मियांदाद भी शामिल हो गए हैं। मियांदाद ने एक पोडकास्ट में कहा, 'सुरक्षा को भूल जाइए। हम मानते हैं कि अगर मौत आनी है, तो आनी है। जिंदगी और मौत तो अल्लाह के हाथ में है। अगर वे आज हमें बुलाएंगे, तो हम जाएंगे। लेकिन उन्हें भी लौट जाना चाहिए। बात पिछली बार की है लेकिन वे तब से यहां नहीं आए। अब उनकी बारी है। जहां एशिया कप के मेजबानी अधिकार को लेकर काफी विवाद है, वहीं आगामी वनडे विश्व कप के बारे में भी काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। पीसीबी ने भी धमकी दी थी कि अगर भारत ने पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया तो वह मेगा वनडे प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगा।

## कास्पर रूड मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में



**मोनाको।** चौथे वरीय कास्पर रूड ने क्ले कोर्ट पर अपनी जीत के क्रम को नौ मैच तक पहुंचाते हुए बुधवार को यहां मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूनार्मेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई। फ्रेंच ओपन 2022 के उप विजेता रूड ने कड़े मुकाबले में बोटिक वेन डि जेंडशुल्प को सीधे सेट में 7-5, 7-6 से हराया। दूसरे सेट में एक सेट प्वाइंट बचाने वाले कास्पर रूड अगले दौर में यान लेनार्ड स्ट्रूफ से भिड़ेंगे जिन्होंने 14वें वरीय एलेक्स डि मिनोर को 6-3, 6-2 से हराया। सातवें वरीय यानिक सिनर, 13वें वरीय एलेक्सांद्र ज्वेरेव और 16वें वरीय लोरेंजो मुसेटी भी तीसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे।

## पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दिन चार खिलाड़ियों को संयुक्त बढ़त

**चंडीगढ़।** अमेरिका के वरूण चोपड़ा, गुरुग्राम के टैपी घई, मैसुरू के यशास चंद्रा और कोलकाता के मोहम्मद संजू ने बुधवार को यहां पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दिन चार अंडर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त बढ़त हासिल की। शीर्ष पर चल रहे चार खिलाड़ियों से एक शॉट पीछे सात गोल्फर संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर चल रहे हैं। इनमें आठवें होल में होल इन वन करने वाले सचिन बसोया, हरेंद्र गुप्ता, गत चैंपियन युवराज सिंह संधू और अक्षय शर्मा शामिल हैं। इनके अलावा मारी मुथु, हर्ष गंगवार और दिव्यांशु बजाज भी संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर चल रहे हैं।

## रहीम के दो गोल से चेन्नईयिन ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को 4-2 से हराया

**मंजेरी।** रहीम अली के 2 गोल की मदद से चेन्नईयिन एफसी ने यहां हीरो सुपर कप फुटबॉल प्रतियोगिता के के ग्रुप डी मैच में नार्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 4–2 से करारी शिकस्त दी। चेन्नईयिन एफसी ने 17वें मिनट में ही पहला गोल किया।रहीम ने दाहिने छोर से मिले क्रॉस पर यह गोल दागा। आकाश सांगवान ने 34वें मिनट में दूसरा गोल करके चेन्नई की बढ़त को दोगुना किया। जब लग रहा था कि मैच पूरी तरह से चेन्नईयिन एफसी के नियंत्रण में है तब रोचरजेला ने 42वें मिनट में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड की तरफ से पहला गोल किया। चेन्नई की टीम ने दूसरे हाफ में भी अपना दबदबा बनाए रखा। उसने दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में डुकर के गोल से 3–0 की बढ़त बनाई जबकि रहीम ने 82वें मिनट में अपना दूसरा और टीम की तरफ से चौथा गोल किया। इमिल बेनी ने अंतिम क्षणों में नार्थ ईस्ट के लिए गोल करके हार का अंतर कुछ कम किया।

## नॉर्दन यूनाइटेड, रॉयल बंगाल का धमाकेदार प्रदर्शन

नयी दिल्ली। नॉर्दन यूनाइटेड एफसी ने अशोक एफसी को एक रोमांचक मुकाबले में 3–2 से हराकर बुधवार को फुटबॉल दिल्ली बी–डिवीजन लीग में पूरे अंक अर्जित किए। विजेता के लिये तुषार, सौरभ कुमार और आर्यन असवाल ने गोल जमाये। पराजित अशोका के गोल जय सिंह और आर्यन ने किये।

# एशियाई चैंपियनशिप के चौथे दिन भारत ने जीते चार पदक

एजेंसी

**अस्ताना।** भारत की युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने बुधवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में जापान की अकारी फुजीनामी से हारने के बाद रजत पदक से संतोष किया, जबकि अंशु मलिक ने कांस्य पदक मुकाबले में मंगोलिया की एर्डेनेसुवद बैट एर्डीन को मात दी। भारत की 18 वर्षीय पहलवान को महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में फुजीनामी के हाथों 10-0 की हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले हालांकि उन्होंने सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की आकतेंगे कियुनिमजाएवा को 8-1 से रौंदा था। पंघाल ने अपने अभियान की शुरूआत सिंगापुर की हियाओ पिंग अल्वीना लिम को चित्त करके जीती थी, जबकि क्वार्टरफाइनल में उन्होंने चीन की ली डेंग को 6-0 से परास्त किया था।






## पेज 1 का शेष

### मोदी को हराने...

विपक्ष का देश के लिए जो विजन है हम उसे विकसित करेंगे। जितनी भी विपक्षी पार्टी हमारे साथ चलेंगी हम उन्हें साथ लेकर चलेंगे और लोकतंत्र और देश पर जो आक्रमण हो रहा है हम उसके खिलाफ एक साथ खड़े होंगे और लड़ेंगे। विपक्ष को एकजुट करने के लिए नीतीश कुमार ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर राहुल गांधी से मुलाकात की। बैठक में नीतीश कुमार और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह भी मौजूद रहे।कुछ दिनों पहले ही, खड़गे ने नीतीश कुमार, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन और शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे से फोन पर बात की थी। जदयू के शीर्ष नेता नीतीश कुमार अतीत में कई बार कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों को 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए हाथ मिलाने की सलाह दे चुके हैं। इसी साल फरवरी में कुमार ने इस बात पर जोर दिया था कि यदि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल 2024 का लोकसभा चुनाव एकजुट होकर लड़ते हैं, तो भाजपा 100 सीट से कम सीट पर सिमट जायेगी।

### बठिंडा के मिलिट्री...

चार जवानों की मौत के अलावा किसी अन्य को कोई अन्य चोट या संपत्ति के नुकसान/क्षति की सूचना नहीं है। इलाके को सील कर दिया गया है। मामले के तथ्यों को स्थापित करने के लिए पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जांच की जा रही है। करीब दो दिन पहले 28 कारतूस वाली एक इंसास राइफल गायब हो गयी थी। इस घटना के पीछे सेना के कुछ जवान हो सकते हैं। बठिंडा मिलिट्री स्टेशन एक प्रमुख मिलिट्री स्टेशन है, जहां बड़ी संख्या में सेना के जवान अपने परिवार के साथ रहते हैं। यह मिलिट्री स्टेशन सामरिक दृष्टि से भी काफी समृद्ध है।

### सरेंडर के बाद...

सुप्रीम कोर्ट में आज फिर सुनवाई : सुप्रीम कोर्ट में पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर 13 अप्रैल को सुनवाई होगी। गुरुवार को यह तय होगा कि पूजा सिंघल को फिर सशर्त जमानत मिलेगी या फिर उन्हें स्थायी जमानत। पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का मामला दर्ज किया है। खूंटी के मनरेगा घोटाले में उन्हें आरोपी बनाया गया है। इस मामले में ईडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था। अंतरिम जमानत पर वह तीन जनवरी को जेल से बाहर निकली थीं। इसके बाद चार फरवरी को सरेंडर किया, जेल गयीं। सुप्रीम कोर्ट ने पुनः 10 फरवरी को दो महीने की अंतरिम जमानतदी थी। जो 13 को समाप्त हो रही थी। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 24 अप्रैल निर्धारित की है। सोमवार को पूजा सिंघल के खिलाफ इडी कोर्ट में आरोप तय किये गये थे। इस दौरान पूजा सिंघल कोर्ट में उपस्थित थीं। अदालत ने पूजा सिंघल के खिलाफ लगे सभी आरोपों को पढ़कर सुनाया। पूजा सिंघल ने अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों को गलत बताया था। झारखंड के खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने पूजा सिंघल को मई 2022 को गिरफ्तार किया था।

# 24 घंटे में कोरोना के 7830 नये केस, 11 की मौत

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे कोरोना वायरस महामारी के मामलों के बीच बीते 24 घंटों में 7830 नये मामले सामने आये और तथा 11 मरीजों की मौत हुई है। इस दौरान देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 441 लोगों को टीका लगाया गया है और अब तक देश में 2,20,66,24,326 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 3122 सक्रिय मामले बढ़कर 40,215 हो गए है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,47,76,002 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,016 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 4,692 बढ़कर 4,42,04771 पर पहुंच गया है।

## केरल में सबसे अधिक 761 लोग हुए संक्रमित



देश में पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 761 की वृद्धि हुई है। इसके बाद दिल्ली में 538, हरियाणा में 221, छत्तीसगढ़ तथा उत्तर प्रदेश में 216-216, महाराष्ट्र में 208, तमिलनाडु में 202, ओडिशा में 171, राजस्थान में 159, पुड्डुचेरी में 52,उत्तराखंड में 50, बिहार में 40, पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर में 45-45, झारखंड में 24, मध्यप्रदेश तथा तेलंगाना में 21-21 मामले, आंध्र प्रदेश में 20, गुजरात में 15, चंड़ीगढ तथा सिक्किम में 12-12, मेघालय में दो तथा अरुणाचल प्रदेश और अंडमान द्वीप समूह में एक-एक मामला सामने आया हैं। वहीं इस दौरान दिल्ली, हिमाचल और पंजाब में दो-दो मरीजों तथा गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में एक-एक व्यक्ति की इस बीमारी से मौत हुई हैं।

## कोविशील्ड का फिर उत्पादन शुरू

**नयी दिल्ली।** सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आदर पूनावाला ने बुधवार को कहा कि वायरस संक्रमण के मामले बढ़ने के मद्देनजर इसने कोविड-19 के टीके कोविशील्ड का उत्पादन फिर से शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा कि कंपनी के पास कोवावैक्स टीके की 60 लाख बूस्टर खुराक पहले से उपलब्ध है और वयस्क व्यक्तियों को बूस्टर खुराक लेनी चाहिए। कोविड-19 के टीकों की कमी से जुड़ी खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि टीके के विनिमार्ता तैयार हैं,लेकिन इसकी मांग नहीं है। पूनावाला ने कहा सिर्फ एहतियात के तौर पर, हमने यह जोखिम मोल लिया है ताकि लोग यदि चाहें तो उनके पास कोविशील्ड के रूप में एक विकल्प हो। कंपनी ने दिसंबर 2021 में कोविशील्ड टीके का उत्पादन बंद कर दिया था। उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए बूस्टर खुराक के रूप में मंजूरी प्रदान किये गये कोवावैक्स पर कहा कि हमारे पास (इसके) 60 लाख खुराक तैयार हैं, लेकिन मांग नगण्य है। कोवावैक्स बूस्टर खुराक अब कोविन ऐप पर उपलब्ध है।

# महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष केशव महिंद्रा का निधन



मुंबई। देश के सबसे उम्रदराज अरबपति एवं महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष केशव महिंद्रा का बुधवार को निधन हो गया। वह 99 वर्ष के थे। श्री महिंद्रा की कुल सम्पति 1.2 अरब डॉलर आंकी गई है। उनके अध्यक्ष के रूप में 48 वर्षों के कार्यकाल के दौरान, महिंद्रा समूह का विस्तार ऑटोमोबाइल निमार्ताओं से सूचना प्रौद्योगकी (आईटी), रियल एस्टेट और वित्तीय सेवाओं जैसे अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में हुआ। वह अमेरिका की पेन्सिलवेनिया यूनिवर्सिटी से स्नातक थे। वह वर्ष 1947 में कंपनी से जुड़ने के बाद वर्ष 1963 में इसके अध्यक्ष बने।

प्रधानमंत्री नेंरद्र मोदी ने अजमेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस का किया उद्घाटन, कहा

# गरीबों की जमीन छीनकर नौकरी का झांसा दिया गया

**राजनीतिक स्वार्थ से तय किया जाता था कि कौन रेल मंत्री बनेगा कौन नहीं बनेगा, कौन सी ट्रेन किस स्टेशन पर चलेगी**

## रेलवे को राजनीति का अखाड़ा बना दिया गया था




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में रेलवे भर्तियों में राजनीति व भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि रेलवे को राजनीति का अखाड़ा बना दिया गया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिना नाम लिए राजद सुप्रीमो लालू यादव पर निशाना साधा है। पीएम मोदी ने उनके रेलमंत्री वाले कार्यकाल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश का दुर्भाग्य रहा कि रेलवे जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था जो सामान्य मानव के जीवन का इतना बड़ा हिस्सा है उसे भी राजनीति का अखाड़ा बना दिया गया था। हालत ये थे कि रेलवे की भर्तियों में राजनीति होती थी। गरीब लोगों की जमीन छीन कर उन्हें रेलवे में नौकरी का झांसा दिया गया।

मोदी ने कहा कि रेलवे में हालात 2014 के बाद बदलने शुरू हुए जब देश के लोगों ने केंद्र में स्थिर सरकार बनवाई। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे का कायाकल्प होते देखकर आज हर भारतवासी गर्व से भरा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को अजमेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन कार्यक्रम को दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश की 15वीं और राजस्थान की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मोदी ने रेलवे में राजनीति को लेकर पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि यह हमारे देश का दुर्भाग्य रहा है कि रेलवे जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था, जो सामान्य मानवीय जीवन का इतना बड़ा हिस्सा है, उसे भी राजनीति का अखाड़ा बना दिया गया था। आजादी के बाद भारत को एक बड़ा रेलवे नेटवर्क मिला था। लेकिन रेलवे के आधुनिकीकरण पर हमेशा राजनीतिक स्वार्थ हावी रहा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ से तय किया जाता था कि कौन रेल मंत्री बनेगा कौन नहीं बनेगा, कौन सी ट्रेन किस स्टेशन पर चलेगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ ने ही बजट में ऐसी-ऐसी ट्रेनों की घोषणा करवाई जो कभी चली ही नहीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लत यह थी कि रेलवे की भर्तियों में राजनीति होती थी, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होता था। गरीब की जमीन छीन कर उन्हें रेलवे में नौकरी का झांसा दिया गया। रेलवे की सुरक्षा... स्वच्छता रेलवे प्लेटफार्म की स्वच्छता सबकुछ को नजरअंदाज कर दिया गया था।

उन्होंने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार आने के बाद हालात बदले। मोदी ने कहा, ह्यइन सारी परिस्थितियों में बदलाव वर्ष 2014 के बाद आना शुरू हुआ है जब देश के लोगों ने स्थिर सरकार, पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनवाई। जब सरकार पर राजनीतिक सौदेबाजी का दबाव हटा तो रेलवे ने भी चैन की सांस ली और नई ऊंचाई पाने के लिए दौड़ पड़ी। आज हर भारतवासी, भारतीय रेलवे का कायाकल्प होते देखकर गर्व से भरा हुआ है।

# लैंड फॉर जॉब मामले में इडी ने लालू की बेटी रागिनी से की पूछताछ



**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलवे में नौकरी पाने के बदले जमीन देने के कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में बुधवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद की बेटी रागिनी यादव का बयान दर्ज किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। रागिनी यादव पूछताछ के लिए एजेंसी के सामने पेश हुईं और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज किया गया।कथित घोटाला उस समय हुआ था जब प्रसाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग)-1 सरकार में रेल मंत्री थे। एजेंसियों का आरोप है कि 2004-09 की अवधि के दौरान भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन में ग्रुप डी के पदों पर विभिन्न व्यक्तियों को नियुक्त किया गया था और इसके बदले में संबंधित व्यक्तियों ने अपनी जमीन तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों और इस मामले में एक लाभार्थी कंपनी ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी थी। एजेंसी ने इस साल मार्च में रागिनी यादव, उनकी बहनों चंदा यादव और हेमा यादव और पूर्व राजद विधायक अबू दोजाना के पटना, फुलवारीशरीफ, दिल्ली-एनसीआर, रांची और मुंबई स्थित परिसरों पर छापे मारे थे। ईडी ने सोमवार को इस मामले में रागिनी यादव के भाई और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया था। लालू प्रसाद की पुत्री एवं राजद सांसद मीसा भारती से भी ईडी ने 25 मार्च को इस मामले में पूछताछ की थी। उसी दिन तेजस्वी यादव सीबीआई के सामने पेश हुए थे। दोनों केंद्रीय एजेंसियों ने हाल ही में मामले में कार्रवाई शुरू की है। सीबीआई ने लालू प्रसाद और उनकी पत्नी तथा बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से पूछताछ की और ईडी ने राजद प्रमुख के परिवार के यहां छापेमारी की है। ईडी ने छापेमारी के बाद कहा था कि उसने एक करोड़ रुपये की अघोषित नकदी जब्त की है और अपराध से अर्जित 600 करोड़ रुपये का पता लगाया है।

## वाणिज्य की खबरें

### आठवें दिन तेजी, सेंसेक्स 235 अंक चढ़ा और निफ्टी 18 हजार के करीब



**मुंबई।** शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार आठवें दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 235 अंक के लाभ में रहा। सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और वाहन शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। कारोबारियों के अनुसार, डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती और यूरोपीय बाजारों में अच्छी शुरूआत से भी बाजार धारणा को बल मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 235.05 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ 60,392.77 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 279.92 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 90.10 अंक यानी 0.51 प्रतिशत के लाभ के साथ 17,812.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### दिव्यांगों को ट्रेन में मिलेगा लोअर बर्थ

नयी दिल्ली। दिव्यांग लोगों के लिए आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के वास्ते रेलवे ने मेल और एक्सप्रेस ट्रेन में उनके और उनके परिचारकों के लिए विशेष रूप से निचली सीट का आवंटन निर्धारित किया है। अकेले या छोटे बच्चों के साथ सफर करने वाले बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह सुविधा पहले से ही उपलब्ध है।रेलवे बोर्ड ने अपने विभिन्न जोन को 31 मार्च को जारी आदेश में कहा है कि शयनयान श्रेणी में चार सीट (दो निचली और दो मध्य सीट), तृतीय श्रेणी वातानुकूलित डिब्बे में दो सीट (एक निचली और एक मध्य सीट), तृतीय श्रेणी वातानुकूलित (इकनॉमी) डिब्बे में दो सीट (एक निचली और एक मध्य सीट) दिव्यांग लोगों और उनके परिचारकों के लिए आरक्षित होगी। आदेश के मुताबिक, गरीब रथ ट्रेन में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए दो निचली सीट और दो ऊपरी सीट आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। हालांकि, इस सुविधा के लिए उन्हें पूरा किराया देना होगा। इसके अलावा, एसी चेयर कार ट्रेन में भी दो सीट दिव्यांग लोगों के लिए आरक्षित रहेंगी।

### औद्योगिक उत्पादन 5.6 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** देश का औद्योगिक उत्पादन इस साल फरवरी महीने में 5.6 प्रतिशत बढ़ा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा जाने पर औद्योगिक उत्पादन फरवरी 2022 में 1.2 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन इस साल फरवरी में 5.3 प्रतिशत रहा। आलोच्य महीने में खनन उत्पादन 4.6 प्रतिशत और बिजली उत्पादन में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

### मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 5.66 प्रतिशत

**नयी दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 15 महीने के निचले स्तर 5.66 प्रतिशत पर आ गई। मुख्य रूप से खाने का सामान सस्ता होने से महंगाई दर घटी है। मार्च में मुद्रास्फीति का आंकड़ा आरबीआई के संतोषजनक स्तर की ऊपरी सीमा छह प्रतिशत के भीतर है। आरबीआई को मुद्रास्फीति दो से छह प्रतिशत के बीच रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी 2023 में 6.44 प्रतिशत और एक साल पहले मार्च में 6.95 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार खाद्य उत्पादों की मुद्रास्फीति मार्च में 4.79 प्रतिशत रही। यह आंकड़ा फरवरी में 5.95 प्रतिशत और एक साल पहले इसी अवधि में 7.68 प्रतिशत था। अनाज, दूध और फलों की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर 2022 में 5.7 से बढ़कर फरवरी 2023 में 6.4 प्रतिशत हो गई है।

## स्पीड न्यूज

### चीन में भ्रष्टाचार के आरोप में न्यायाधीश को 12 साल की सजा

बीजिंग। चीन में उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश को दो दशकों में 2.27 करोड़ युआन (33 लाख अमेरिकी डॉलर) की रिश्वत लेने का दोषी ठहराते हुए 12 साल की सजा सुनाई गई है। झेंग्झु शहर की एक अदालत ने न्यायाधीश मेंग शियांग द्वारा वर्ष 2003 से 2020 के बीच रिश्वत लेने की बात स्वीकार किए जाने के बाद उन पर 20 लाख युआन का जुर्माना भी लगाया।

### लाहौर में हार्ट अटैक से सिख श्रद्धालु की मौत

लाहौर। पाकिस्तान के लाहौर में ह्य वैसाखी मेला में शिरकत करने पहुंचे 65 वर्षीय भारतीय सिख श्रद्धालु की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्डह्न (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने बताया कि भारतीय पंजाब में जालंधर निवासी जोकिंदर सिंह रविवार रात वाघा सरहद से होते हुए लाहौर पहुंचे थे और मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई।

### नेपाल में सड़क दुर्घटना में 4 भारतीयों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के बागमती प्रांत के एक सुदूर क्षेत्र में कार नाले में गिरने से चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार का मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। द हिमालयन टाइम्स समाचार पत्र की खबर के अनुसार दुर्घटना मंगलवार देर रात हुई जब पांच भारतीय नागरिकों को ले जा रही कार का चालक बागमती प्रांत के सिंधुली जिले में नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क से करीब 500 मीटर नीचे गिर गई।

### दुष्कर्म के आरोपी को 25 साल की सजा

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर की एक अदालत ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 25 साल कैद की सजा सुनायी है। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय की विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडेय ने नगर के मंडी थाना क्षेत्र में 11 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी उसी थाना क्षेत्र के खाताखेडी निवासी युवक इस्तेकार को 25 वर्ष जेल की सजा सुनाई और 82 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

### असम में नौ करोड़ की हेरोइन जब्त

**दीफू (असम)।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में बुधवार को एक ट्रक से भारी मात्रा में हेरोइन जब्त की गई, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब नौ करोड़ रुपये आंकी गई है। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

## मतभेद के बावजूद मिलकर काम करे एमवीए : पवार

**मुंबई।** राकांपा प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को कहा कि महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के घटक दलों को एकजुट होकर काम करना चाहिए, भले ही उनके अलग-अलग विचार हों। एमवीए में पवार की पार्टी के अलावा शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस शामिल हैं। पवार ने कहा कि मंगलवार को शिवसेना (यूबीटी) नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ बैठक के दौरान सहयोगियों के बीच एकता के मुद्दे पर चर्चा हुई। पवार ने कहा कि गठबंधन की एकता के लिए कुछ कार्यक्रम तय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में सभी को शामिल होना चाहिए।

# अतीक के कई ठिकानों पर ईडी की रेड

**करीब 200 करोड़ की बेनामी संपत्ति मामले में जांच कर रही है इडी, 50 करोड़ रुपये से अधिक के नकद लेन-देन का सबूत मिला**



एजेंसी

**लखनऊ।** ईडी ने गैंगस्टर अतीक अहमद और उससे जुड़े लोगों के खिलाफ धन शोधन मामले से संबंधित एक जांच के सिलसिले में बुधवार को उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर छापेमारी की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज और उसके आसपास के इलाकों सहित दर्जनों जगहों पर छापेमारी की।उमेश पाल और उसके दो पुलिस सुरक्षा गार्ड की इस साल 24 फरवरी को प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।उमेश पाल की पत्नी जया पाल द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर 25 फरवरी को अतीक, उसके भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, दो बेटों-गुड्डू मुस्लिम और गुलाम तथा नौ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। ईडी ने 2021 में अतीक के खिलाफ चल रही धन शोधन मामले की जांच के तहत उसकी और उसकी पत्नी की आठ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। उस समय भी जांच एजेंसी ने कई जगहों पर छापे मारे थे। ईडी ने कहा था कि उसकी जांच में पता चला है कि अतीक आपराधिक गतिविधियों के माध्यम से काली कमाई करता था, वह सारा पैसा नगद लेता और इसे अपने और अपने रिश्तेदार के बैंक खातों में जमा कराता था। प्रयागराज के बिल्डर माफिया समेत 15 ठिकानों पर जांच जारी है। जांच एजेंसी करीब 200 करोड़ की बेनामी संपत्ति मामले में जांच कर रही है। छापेमारी में 50 करोड़ रुपये से अधिक के नकद लेन-देन का भी पता चला है।

## ठोस रक्षा वित्त व्यवस्था मजबूत सेना की रीढ़ : राजनाथ सिंह

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को रक्षा संबंधी खर्च के लिए आंतरिक और बाह्य ऑडिट के विश्वसनीय तंत्र की वकालत की। साथ ही उन्होंने भारत की रक्षा जरूरतों पर खर्च किए गए धन के अधिकतम उपयोग के लिए अभिनव तरीके खोजने का आह्वान किया। सिंह ने एक सम्मेलन में वित्तीय संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर बल दिया और कहा कि रक्षा खरीद में खुली निविदा के माध्यम से प्रतिस्पर्धी बोली के नियम का पालन किया जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार और अपव्यय की संभावनाओं को कम करने से जनता के बीच सकारात्मक विचार पैदा होता है।

# ओटीटी पर डेब्यू करेंगी डिंपल कपाड़िया



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया वेबसीरीज सास बहु और फ्लेमिंगो से ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करने जा रही हैं।डिंपल कपाड़िया, ईशा तलवार, राधिका मदन और अंगीरा धर निर्देशक होमी अदजानिया की वेब सीरीज ह्यसास बहु और फ्लेमिंगोह्न में नजर आएंगी। डिंपल कपाड़िया इस सीरीज से अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रही हैं। ईशा तलवार ने सोशल मीडिया पर सीरीज का ट्रेलर शेयर किया है।

यह सीरीज 5 मई को हॉटस्टार पर रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि इस सीरीज की कहानी एक बहुत ही स्ट्रिक्ट सास और दो भोली सी लगने वाले बहुओं की कहानी है। ईशा तलवार ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा- चेतावनी! ये कमजोर दिल वालों के लिए नहीं है। डिंपल कपाड़िया ने बताया- ह्यसास बहु और फ्लेमिंगोह्न एक ऐसी कहानी हिया जो आम लोगों को भी खास बनाती है। ये स्ट्रोंग और पॉवरफुल महिलायों का ग्रुप है जो एक नैरेटिव सेट कर रही हैं।ज्यादातर ये काम मेल करैक्टर्स करते हैं। लेकिन, आप मेरा यकीन मानिए इस सीरीज में आपको काफी मजेदार करैक्टर देखने को मिलेंगे।







